हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 30 मार्च 2025

श्री नरेंद्र मोदी जी

माननीय प्रधानमंत्री
के करकमलों से

₹ 33,700 करोड़ +

की जन कल्याणकारी परियोजनाओं का

लोकार्पण, शिलान्यास एवं कार्य प्रारंभ

छत्तीसगढ़ के विकास और समृद्धि की दिशा में बढ़ते कदम

दिनांक 30 मार्च 2025

कार्यक्रम स्थल मोहभट्ठा ग्राउंड , बिल्हा, बिलासपुर **समय** दोपहर 12:30 बजे

लोकार्पण
₹2,830 करोड़

- रेलवे की 3 परियोजनाएँ **₹1,188 करोड़**
- **अभनपुर-मंदिर हसौद खंड** में **MEMU ट्रेन का शुभारंभ** (वीडियो लिंक के माध्यम से)
- छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का **100% विद्युतीकरण**
- सड़क अवसंरचना की 2 परियोजनाएँ **₹954 करोड़**
- ऊर्जा क्षेत्र की 3 परियोजनाएँ **₹568 करोड़**
- **विद्या समीक्षा केंद्र,** छत्तीसगढ़ का शुभारंभ **₹5 करोड़**
- छत्तीसगढ़ में **130 पीएम श्री स्कूलों का शुभारंभ** **₹114 करोड़**

शिलान्यास
₹15,117 करोड़

- रेलवे की 7 परियोजनाएँ **₹1,507 करोड़**
- सड़क अवसंरचना की 1 परियोजना **₹322 करोड़**
- ऊर्जा क्षेत्र की 1 परियोजना **₹9,791 करोड़**
- तेल एवं गैस अवसंरचना की 2 परियोजनाएँ **₹3,497 करोड़**

कार्य प्रारंभ
₹15,800 करोड़

- छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन (2x660 मेगावाट) SCTPP, कोरबा **₹15,800 करोड़**

गृह प्रवेश

- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत **3,00,000 लाभार्थियों** का गृह प्रवेश

EXCEL EDUCATIONAL INSTITUTE

CA / CS / CMA / XI / XII

Leading Commerce Institute of Central India for CA/CS/CMA/XI & XII

Since 2007

OUR TOP 10 ALL INDIA RANKERS



Saina Agrawal — AIR-1 (CA-Found. Nov.19) Junagarh (OD)

Rohit Soni — AIR-1 (CPT/Found. Dec.14) Koriya (C.G.)

Bhramar Jain — AIR-1 (CA-Final Nov.20) Raipur (C.G.)



Ayush Agrawal — AIR-2 (CA-Found. May 18) Bolangir (OD)
Rohit Soni — AIR-2 (CA-Final Nov.18) Koriya (C.G.)
Hardik Gandhi — AIR-3 (CA-Found. Nov.18) Bhilai (C.G.)
Abhishek Jain — AIR-5 (CA-Inter Nov.18) Vizianagaram (AP)
Raj Kumar Jain — AIR-5 (CS-Exe. Dec.17) Raipur (C.G.)
Akhil Goenka — AIR-5 (CA Found. - May 19) Bilaspur (C.G.)
Honey Agrawal — AIR-6 (CA-Found. - Nov.18) Raipur(C.G.)
Vinita Vaid — AIR-6 (CS Exe. - Dec.19) Sukma (C.G.)
Kanak Prabha Jethani — AIR-7 (CS-Prof.- Dec.18) Raipur (C.G.)
Ansh Agrawal — AIR-8 (CA-Found. Nov.18) Tilda (C.G.)
Bhramar Jain — AIR-8 (CA-IPCC- May 17) Raipur (C.G.)
Astha Modani — AIR-8 (CS-Exe. June 2021) Raipur (C.G.)
Amit Kumar Agrawal — AIR-9 (CPT/Found. June 2012) Raigarh (C.G.)
Akash Agrawal — AIR-9 (CA-Inter- Nov.19) Jagdalpur (C.G.)
Monu Agrawal — AIR-9 (CPT/Found. Dec. 2012) Katabhanji (OD)
Darshan Doshi — AIR-9 (CS Found.- Dec.17) Raipur (C.G.)
Ravi Shankar Sawadia — AIR-9 (CA Inter- Nov.20) Raipur (C.G.)
Suyash Mal — AIR-10 (CPT/Found. June-14) Baloda Bazar (C.G.)
Arun Agrawal — AIR-10 (CS Exe.- Dec.17) Raigarh (C.G.)
Pratibha Patel — AIR-10 (CS-Prof.- Dec.20) Raigarh (C.G.)

ADMISSIONS OPEN...

CA-FOUNDATION

SEPTEMBER 2025 ATTEMPT

Demo Classes from 2nd to 5th April 2025

AVAIL EARLY BIRD OFFER On Admission Upto 31st March 2025 @10%

Admission also Open...

CA-FOUNDATION FASTRACK MAY 2025

CA-INTERMEDIATE	CMA-FOUNDATION	CS-EET	XI & XII (COMMERCE)
JANUARY 2026	DECEMBER 2025	JULY 2025	SESSION 2025-26

COMPLETE GUIDANCE FOR **CA-FOUNDATION** SEPETEMBER 2025

COMPLETE GUIDANCE FOR **CA-INTERMEDIATE** JANUARY 2026

अब Graduation के बाद **CA करना** हुआ और भी आसान...

SCAN QR CODE AND WATCH COMPLETE VIDEO

Hostel Facility Available

OUR SHINING STARS OF CA-FOUNDATION JANUARY 2025 EXAM

70% & ABOVE

Siddhi Bansal 80.5% Raj Khariar (OD)
Aditi Agrawal 79% Ambikapur (CG)
Bhawana Gupta 77.75% Titilagarh (OD)
Soumya Dewangan 77% Baloda Bazar (CG)
Rani Jain 76.25% Malkangiri (OD)
Rashi Kesharwani 75% Sarangarh (CG)
Dibyam Agrawal 74.75% Raipur (CG)
Hritika Makhija 74% Bemetara (CG)
Tanishk Gupta 74% Kawardha (CG)
Shourya Agrawal 72.75% Raigarh (CG)
Umang Jain 71.75% Bolangir (OD)
Nitya Jain 71.25% Raipur (CG)
Bhavya Baleni 71% Raipur (CG)
Shreya Sharma 71% Jharsuguda (OD)
Drishti Jhawar 70.25% Raipur (CG)
Prateek Mishra 70.25% Raipur (CG)
Shubh Agrawal 70% Korba (CG)

OUR SHINING STARS OF CA-INTERMEDIATE JANUARY 2025 EXAM (CLEARED BOTH GROUP)

65% & ABOVE



Swayam Sahu 80.67% -AIR-15 Raigarh (CG)
Sameer Patel 80.33%- AIR-17 Sakti (CG)
Rashi Dammani 76.33%-AIR-39 Rajnandgaon (CG)
Naman Lalwani 73.33% Raipur (CG)
Hiya Chandrakar 73% Raipur(CG)
Gaurav Sahu 72.67% Bhilai (CG)
Badal Jain 72.33% Bolangir (OD)
Rahul Aswani 72.33% Bilaspur (CG)
Aditya Agrawal 71.33% Pathalgaon (CG)
Chanchal Jain 69.5% Kesinga (OD)
Vaibhav Agrawal 68.33% Korba (CG)
Abhiraj Bajpai 68.17% Raipur (CG)
Riya Chandel 68% Jharsuguda (OD)
Prachi Jain 67.83% Bemetara (CG)
Ujjwal Agrawal 67.83% Raipur (CG)
Meechi Agrawal 67.33% Sarangarh (CG)
Devansh Shadija 67.17% Raipur (CG)
Umang Agrawal 67.17% Raipur (CG)
Jai Aditya Bardia 67% Raipur (CG)
Hemant Sahu 66.83% Raipur (CG)
Purva Shah 66.83% Raipur (CG)
Ayush Jain 66.17% Raipur (CG)
Kriti Agrawal 65.67% Baradwar (CG)
Pranjal Jain 65.67% Bolangir (OD)
Gauri Agrawal 65.5% Raipur (CG)
Harshita Jain 65.17% Raipur (CG)

ग्रेजुएशन के बाद CA कैसे करें?

Que. 1 डायरेक्ट एंट्री रूट क्या होता है?

Ans. CA Course में 3 एग्जाम पास करनी होती है, पहला Foundation, दूसरा Inter एवं तीसरा Final. लेकिन डायरेक्ट एंट्री रूट में आपको CA Foundation का Exam नहीं देना होगा। अत: आपको सीधे Inter का exam देना होगा।

Que. 2 डायरेक्ट एंट्री रूट के अंतर्गत C.A. बनने की प्रक्रिया क्या है?

Ans. यदि आप कॉमर्स ग्रेजुएट/पोस्ट ग्रेजुएट हो तो आपके 55 प्रतिशत मार्क्स होने चाहिए, अगर आप किसी और कोर्स से ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट है जैसे कि BA., B.Sc., BBA आदि तो आपके 60 प्रतिशत मार्क्स होने चाहिए। यदि आपने CMA Inter या CS Executive पास किया हो तो भी आपको CA Inter मतलब डायरेक्ट एंट्री रूट में एडमिशन मिल जाएगा।

Que. 3 ग्रेजुएशन करते हुए क्या मैं CA Inter के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकता हूँ या रिजल्ट आने के बाद?

Ans. जब आप ग्रेजुएशन फाइनल में आ जाते है तब आप अपना CA Inter के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

Que. 4 मैंने 2025 में ग्रेजुएशन Final Year का Exam दिया है तो क्या मैं भी CA की तैयारी कर सकता हूँ।

Ans. जी हाँ ! लेकिन आपको सबसे पहले January 2026 में होने वाले CA Inter की Exam के लिए 1 मई 2025 के पहले अनिवार्य रूप से अपना Registration CA Institute (ICAI) में Online करवाना होगा। यदि इस Registration में आपको कोई परेशानी होती है तो आप हमारी संस्था में व्यक्तिगत रूप से आकर या फोन (0771-4011100, 9522103000) के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

Que. CA करने में कुल कितना खर्च आएगा?

Ans.

CA करने में प्रतिवर्ष खर्च लगभग Rs.42,300 आएगा।	
CA– Inter Registration	Rs. 18200/-
4 Week ITSS Training	Rs. 13500/-
CA-Final Registration	Rs. 22000/-
4 Week Advance Course on ITSS	Rs. 7500/-
(a) Total Estimated Cost (ICAI)	Rs. 61,200/-
(b) Total Coaching Fees	Rs. 180000/- (Approx.)
Total Cost	Rs. 2,41,200/-
Less: 2 Year Practical Training 's Stipend	(-) Rs. 72000/-
Total Exp. (4 Years)	Rs. 1,69,200/-

Que. हम CA का कोर्स एक्सेल ऍजुकेशनल इंस्टिट्यूट से ही क्यों करें ?

Ans. मध्य भारत के प्रतिष्ठित संस्थान एक्सेल **ऍजुकेशनल इंस्टिट्यूट** के छात्र-छात्राओं ने कुल 3 बार संपूर्ण भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा 164 बच्चों ने ऑल इंडिया रैंक हॉसिल किया है। लगभग 16500 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने हमारी इंस्टीट्यूट से कोचिंग लेकर सफलता प्राप्त की है, हाल ही में CA-FOUNDATION/INTER जनवरी 2025 के एग्जाम पासिंग पर्सेंटेज निम्न है :-

ANALYSIS OF CA-FOUNDATION PASS PERCENTAGE OF JANUARY 2025 EXAM

PASSING PERCENTAGE

	No. of Candidates Appeared	No. of Candidates Passed	Pass Percentage
All Over India	110887	23861	21.52%
Excel Educational Institute	325	146	44.92%

ANALYSIS OF CA-INTER PASS PERCENTAGE OF JANUARY 2025 EXAM

PASSING PERCENTAGE

	Both Group	Group-I	Group-II
All Over India	14.05%	14.17%	22.16%
Excel Educational Institute	53.10%	42.80%	41.03%

हमारे यहाँ FACE TO FACE एवं Online कोचिंग की सुविधा है। हमारी संस्था में सीए फाउंडेशन सितम्बर 2025 की नई बैच 2 अप्रैल से शुरू होगी, फेस टू फेस में सीमित सीटें होने की वजह से प्रवेश ''प्रथम आओ प्रथम पाओ'' के आधार पर होता है। फेस टू फेस में प्रवेश के लिए आज ही अपनी सीट सुरक्षित करें।

164 ALL INDIA RANKERS

16500+ SUCCESSFUL STUDENTS

Mode of Classes ▶ FACE TO FACE ▶ LIVE ONLINE ▶ RECORDED

HIGHEST MARKS SCORED BY OUR STUDENTS IN

CA-FOUNDATION

98	99	99	91
Accounts	Eco	Maths	Law
- Saina Agrawal - Ravi Sawadia	- Arman Agrawal	- Naman Lalwani - Anurag Agrawal - Mahima Chandwani	- Jasika Agrawal

CA-INTERMEDIATE

99	92	89	85	86	84
Cost A/c	Adv. A/c	Taxation	Law	FM & SM	Audit
- Kavita Goyal	-Aranav Agrawal	- Kanha Goyal	- Tanmay Rajkotiya	- Aman Dukani	-Veenu Mittal

SUNDAY OPEN TIMING : 9:30 AM TO 1:30PM

Address : "excel tower" Near Pachpedi Naka, Raipur (C.G.)

9926821000 | 7693921000 | 7582021000

website : www.exceledu.co.in

e-mail : eeiraipur@gmail.com

CONNECT WITH US

"Excel Educational Institute"

SCAN QR & FEEL FREE TO CONTACT US

ATUL PUBLICITY

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

परिजनों को मिलने आना होगा जंगल व सुरक्षित जगहों पर

जारी है नक्सलियों का संहार
फोर्स ने मारे 17 नक्सली

इसमें 11 महिलाएं भी

मारा गया झीरम कांड का हत्यारा

25 लाख का ईनामी एसजेडसीएम कुहड़ामी जगदीश भी मारा गया, झीरम कांड में शामिल था

एके 47, एसएलआर, इंसास रायफल 303 रायफल, रॉकेट लांचर, बीजीएल लांचर बरामद

डीआरजी सुकमा के तीन व सीआरपीएफ के एक जवान समेत 4 घायल

सुकमा में शनिवार की सुबह हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गए। इस मुठभेड़ में झीरम कांड में शामिल दरभा क्षेत्र का वांटेड माओवादी जगदीश उर्फ बुधरा भी मारा गया, जिस पर 25 लाख का ईनाम था। एनकाउंटर में 4 जवान घायल हुए हैं। सभी की हालत खतरे से बाहर है। वहीं, बीजापुर में हुई मुठभेड़ में भी एक नक्सली को मार गिराया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शुक्रवार को सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में अधिकारी और जवान नक्सल अभियान पर निकले, जहां पहाड़ में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर रात भर इंतजार के बाद तड़के घेराबंदी की गई। दोनों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग हुई और बड़ी संख्या में फिर से नक्सलियों को मार गिराया गया।

एसपी सुकमा किरण चव्हाण ने बताया कि 28 मार्च को जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्रान्तर्गत गोगुंडा, नेन्डुम, उपमपल्ली आसपास के क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी सुकमा एवं सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 29 मार्च की सुबह 8 बजे से माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच लगातार फायरिंग हुई। 17 नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इनमें 11 महिला नक्सली भी शामिल हैं। आईजी सुन्दरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, एसपी किरण चव्हाण, डीआईजी सीआरपीएफ आनंद सिंह और अन्य अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में ⏭शेष पेज 9 पर

इन पर था ईनाम

इनकी हुई शिनाख्त

प्रारंभिक तौर पर अब तक 7 नक्सलियों की पहचान हुई है, जिनमें 25 लाख के इनामी दरभा डिविजन सचिव एसजेडसीएम (स्पेशल जोनल कमेटी मेम्बर) कुहड़ामी जगदीश उर्फ बुधरा निवासी पाउरगुडेम थाना पामेड़, एसीएम रोशन उर्फ भीमा पोडियम निवासी धुरगुड़ा थाना केरलापाल, केरलापाल एरिया कमेटी डीएकेएमएस अध्यक्ष (एसीएम) सलवम जोगी निवासी गगनपल्ली थाना एर्राबोर, डिवीजन सीएनएम अध्यक्ष (एसीएम) माड़वी देवे गड़गडीपारा थाना गादीरास, सुरक्षा दलम कमांडर (एसीएम) दसरी कोवासी निवासी कुतरोम थाना दरभा, पार्टी सदस्या हूंगी निलावाया थाना अरनपुर, प्लाटून मेडिकल टीम प्रभारी (पीएम) हिड़मे कोरमागोंदी थाना कुकानार के रूप में हुई है।

हथियार, लांचर, बारूद बरामद

मुठभेड़ में मारे गए अन्य माओवादियों के शव की शिनाख्तगी की जा रही है। मुठभेड़ स्थल से एके 47, एसएलआर, इंसास रायफल, 303 रायफल, रॉकेट लांचर, बीजीएल लांचर हथियार समेत विस्फोटक बरामद हुआ है। आईजी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाइटर्स, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसफ, आईटीबीपी, सीएफ एवं अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों के मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास के लिए कार्य किया जा रहा है।

नक्सलवाद पर एक और प्रहारः अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा है कि हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। ऑटोमेटिक हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है।

सुरक्षाबलों की बहादुरी, रणनीति और संकल्पशक्ति का प्रतीकः विष्णुदेव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता प्राप्त होने पर बधाई दी है।

सरकार एक भी गोली नहीं चलाना चाहतीः शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस सफलता पर जवानों को बधाई देते हुए कहा, वर्ष 2025 के मात्र 85 दिनों में अब तक 133 नक्सली मारे जा चुके हैं। यह प्रतिदिन का संकल्प है।

साथियों की कमी से जूझ रहा संगठन, परिजनों से मिलकर घर वापसी कर रहे लड़ाके इसलिए ...

खौफ में नक्सली, लड़ाकों पर लगाई परिजनों से मिलने की सख्त पाबंदी

राजेश दास ⏭ जगदलपुर

फोर्स के खौफ और नक्सलियों के लगातार सरेंडर से माओवादी संगठन खौफ में है। संगठन ने गांव में परिजनों से मिलने जाने पर पाबंदी लगा दी है। नक्सलियों को भय है कि गांव जाने पर या तो वे गिरफ्तार हो सकते हैं या समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो सकते हैं। लीडरों ने फरमान जारी किया है कि बेहद जरूरी होने पर परिजन जंगल में आकर लड़ाकों से मुलाकात कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व में नक्सली अपने परिजनों से मिलने गांव में जाते थे। कुछ दिन बिताने के बाद वापस लौट आते थे लेकिन अब बदली हुई स्थिति व लगातार संगठन को हो रहे नुकसान को देखते हुए शीर्ष नक्सलियों ने फरमान जारी कर नक्सलियों के परिजनों से मिलने गांव जाने पर पाबंदी लगा दी है। जारी फरमान में परिजनों से मिलना आवश्यक है तो अब परिजनों को जंगल में या सुरक्षित स्थानों में आना होगा और मिलकर वापस जाना होगा। नक्सलियों को ⏭शेष पेज 9 पर

हरिभूमि तत्काल

वर्ष 2023 में केवल 130 नाबालिग व युवा हुए थे शामिल...

नक्सल संगठन 2025 में अब तक सौ से अधिक साथियों को खो चुका है जो बस्तर संभाग के अलग अलग जिले में हुए मुठभेड़ में मारे जा चुके है। इससे पूर्व वर्ष 2024 में यह आकंड़ा 200 के पार हो चुका था। नक्सलियों से मिले पत्रों से इस बात का खुलासा हुआ है कि नक्सल संगठन में सर्वाधिक भर्ती कोरोना काल में हुई थी जिसका संख्या लगभग 3 सौ थी लेकिन इससे पूर्व तक हर वर्ष लगभग 5 सौ से अधिक लोगों को सगंठन में शामिल किया जाता था। इसके बाद वर्ष 2023 में यह आंकड़ा सिमटकर 130 रह गया। वहीं इसके बाद पिछले लगभग दो वर्ष से नक्सल संगठन में नए लड़ाकों की भर्ती नहीं हो पाया है जिससे नक्सल संगठन चिंतित है।

बिलासपुर के कारीगरों ने की आकर्षक लाइटिंग चढ़ने-उतरने वाले भक्तों की अलग रहेगी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्रि आज से

आज से नवरात्रि पर्व शुरू होने जा रहा है। जिसको लेकर प्रदेशभर की माता मंदिरों में विशेष इंतजाम किए गए हैं। ऐसी ही विशेष व्यवस्था राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ शहर स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में भी ट्रस्ट द्वारा की गई है। लाखों की संख्या में मंदिर पहुंचने वाले भक्तों के लिए इस बार चढ़ने एवं उतरने की अलग-अलत रास्ते निर्धारित कर दिए गए हैं। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा में तैनात होने वाले जवानों की संख्या में भी इजाफा किया गया है। इसके साथ ही मंदिर की सजावट को विशेष बनाने के लिए बिलासपुर के ⏭शेष पेज 9 पर

घटना के बाद व्यवस्था बढ़ाई

ज्ञात हो कि पिछले नवरात्र में बम्लेश्वरी मंदिर में एक घटना में एक महिला की दम घुटने से मौत हो गई थी। यही कारण है कि इस बार मंदिर ट्रस्ट ने भक्तों के मंदिर जाने एवं वापस आने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित कर दिया है। डोंगरगढ़ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि भक्तों को इस बार मंदिर जाने के लिए जिग-जैग कतार में भेजा जाएगा। वहीं वापसी के लिए भी अलग से रूट तय कर दिया गया है। जिससे एक स्थान में अधिक भीड़ न जमा हो पाए।

पुलिस ने दबिश देकर जब्त की एमपी की 27 लाख की शराब

फार्म हाउस के तलघर में अवैध शराब की बाटलिंग यूनिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अवैध शराब का गढ़ बन चुके राजनांदगांव जिले में तस्करों ने बाटलिंग यूनिट का भी अवैध संचालन शुरू कर दिया है। डोंगरगढ़ के करवारी गांव के करीब एक फार्म हाउस के तल घर में संचालित अवैध बाटलिंग यूनिट में पुलिस ने छापामार कर मध्यप्रदेश की करीब 27 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की है। तस्करों द्वारा यहां मध्यप्रदेश से अवैध शराब की तस्करी करने के बाद इस बाटलिंग यूनिट में छत्तीसगढ़ का लेबल और सील लगाकर इसे बेचा जा रहा था। इस गोरखधंधे का खुलासा होने के बाद आबकारी महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ पुलिस ⏭शेष पेज 9 पर

आरोपी फरार

पुलिस की छापामार कार्रवाई के पहले ही फार्म हाउस से आरोपी रोहित नेताम उर्फ सोनू पिता रमेश नेताम निवासी डोंगरगढ़ फरार हो गया था। पुलिस ने डोंगरगढ़ के कुछ इलाकों में दबिश देकर धरपकड़ की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34, 2, 59 क आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज किया है।

शराब में पानी मिलाने की आशंका

फार्म हाउस में चल रहे अवैध बाटलिंग यूनिट में एमपी की शराब से यहां पानी मिलाकर उसे खाली बोतल में छग की सील और मुहर लगाकर बेचे जाने की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने शराब की जांच पड़ताल के लिए आबकारी महकमे को इसकी जानकारी दी है।

आरोपी की तलाश जारी

फार्म हाउस में दबिश देकर 27 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की गई है। आरोपी द्वारा एमपी की शराब को खाली बोतल में भरकर उसमें छग की सील और मुहर लगाकर बेचा जा रहा था। आरोपी को गिरफ्तार करने टीमें रवाना की गई है।

—मोहित गर्ग, एसपी

हमारी न्यायपालिका की साख पर अधजले नोट की कालिख लगी है। सच या साजिश, अभी इसका पता नहीं है। देश की सर्वोच्च अदालत सजग है। दिल्ली हाई कोर्ट के जज न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर आरोप लगे हैं कि उनके राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास परिसर में आग की घटना के दौरान भारी मात्रा में अधजले नोट आग बुझाने के समय मिले हैं। इसके बाद से देश का न्याय तंत्र हिला हुआ है। हमारी न्याय व्यवस्था पर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। जस्टिस वर्मा ने अपनी सफाई में कहा है कि वो उस दिन दिल्ली में नहीं थे, उनके आवास के जिस बाहरी हिस्से में आग लगी, उस तरफ उनके परिवार का जाना-आना नहीं है, वहां मिले अधजले नोट उनके व उनके परिवार के किसी के नहीं हैं, उनके खिलाफ साजिश हो रही है। इस मामले को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने एक रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अधजले नोट मामले की जांच के लिए आंतरिक स्तर पर तीन सदस्यीय कमिटी गठित कर दी है। ऐसे कई मौके आए हैं, जिसमें हमारी न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। फिर भी जन मानस को यदि इंसाफ की एक उम्मीद है तो वह न्यायपालिका से ही है। आज न्यायपालिका के सामने इस उम्मीद को जिंदा रखने की चुनौती है। अधजले नोट मुद्दे के बहाने इंसाफ के संकट व न्यायिक सुधार पर आजकल का ताजा अंक...

जवाबदेह-भ्रष्टाचारमुक्त न्याय तंत्र कब?

विश्लेषण

प्रो. नीलम महाजन

राजनीतिक विश्लेषक एवं सॉलिसिटर

सुप्रीम कोर्ट ने अधजले नोट मामले की जांच के लिए आंतरिक स्तर पर तीन सदस्यीय कमिटी गठित कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा को न्यायिक कार्य से निलंबित कर दिया है और उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया है। इन सबमें सवाल है कि जस्टिस वर्मा के आवास परिसर में नोट कहां से आए, किनके हैं, नोट जस्टिस वर्मा के नहीं हैं, तो उनके घर कैसे पहुंचे, किसने पहुंचाए, क्या एक जज के आवास पर कड़ी सुरक्षा के पहरे में किसी शख्स के लिए नोट पहुंचाना संभव है? किसी ने साजिश की है, तो भला उन्होंने ऐसा क्या किया कि उनके खिलाफ किसी ने साजिश की? फिलहाल तो उनके आवास परिसर में अधजले नोट मिले हैं, तो उनकी जवाबदारी है।

अगस्त, 2017 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में कथित तौर पर ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित होने के कारण 60 बच्चों की मौत मामले में चिकित्सीय लापरवाही का आरोप झेल रहे डॉ. कफ़ील ख़ान को वर्ष 2018 में इलाहाबाद हाई कोर्ट में अपने कार्यकाल के दौरान जमानत देने वाले जस्टिस यशवंत वर्मा आजकल सुर्खियों में हैं। जज के नाते अपने फैसलों की वजह से नहीं, बल्कि अपने आवासीय परिसर में मिले अधजले नोटों के चलते हर किसी की ज़ुबान पर हैं। दिल्ली हाई कोर्ट के जज न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर आरोप लगे हैं कि उनके राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास परिसर में आग की घटना के दौरान भारी मात्रा में अधजले नोटों की गड्डियां आग बुझाने के समय मिले हैं। इसके बाद से जनता के मन में न्यायिक तंत्र में अविश्वास बड़ा हुआ है। हमारी न्याय व्यवस्था पर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। हाई कोर्ट के जज को सभी लक्जरी सुविधाएं सरकार से मिलती हैं, ताकि वो लालचमुक्त हो निडर होकर न्याय कर सकें।

जस्टिस वर्मा ने अपनी सफाई में कहा है कि वो उस दिन दिल्ली में नहीं थे, उनके आवास के जिस बाहरी हिस्से में आग लगी, उस तरफ उनके परिवार का जाना-आना नहीं है, वहां मिले अधजले नोट उनके व उनके परिवार के किसी के नहीं हैं, व यह उनके खिलाफ साजिश है। इस मामले को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने एक रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी है। सुप्रीम कोर्ट ने अधजले नोट मामले की जांच के लिए आंतरिक स्तर पर तीन सदस्यीय कमिटी गठित कर दी है। कमिटी में न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति जी. एस. संधावालिया व न्यायमूर्ति अनु सिवारमन हैं। जांच पड़ताल के उपरांत रिपोर्ट सर्वोच्च न्यायालय को दी जायेगी। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा को न्यायिक कार्य से निरस्त कर दिया है व उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया है। इन सबमें सवाल है कि जस्टिस वर्मा के आवास परिसर में नोट कहां से आए, किनके हैं, नोट जस्टिस वर्मा के नहीं हैं, तो उनके घर कैसे पहुंचे, किसने पहुंचाए, क्या एक जज के आवास पर कड़ी सुरक्षा के पहरे में किसी शख्स के लिए नोट पहुंचाना संभव है? किसी ने साजिश की है, तो भला उन्होंने ऐसा क्या किया कि उनके खिलाफ किसी ने साजिश की? फिलहाल तो उनके आवास परिसर में अधजले नोट मिले हैं, तो उनकी जवाबदारी है। यूं तो अभी कमिटी की जांच के परिणाम का इंतजार है, लेकिन इस पूरी घटना में हमारे न्याय तंत्र के उच्च स्तर पर व्याप्त कदाचार की बू आ रही है। भारतीय जनमानस में एक मान्यता है कि नेता, अफसर भ्रष्ट हो सकते हैं, लेकिन हमारे माननीय जज भ्रष्ट नहीं हो सकते। भ्रष्टाचार केवल आर्थिक ही नहीं है, बल्कि नैतिक भ्रष्टाचार भी राजकीय तंत्र को खोखला कर रहा है। यह पहली बार नहीं है, जब एक जज सवालों के घेरे में हैं, अनेक ऐसे मौके आए हैं, जिसमें न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। फिर भी जन मानस को यदि इंसाफ की एक उम्मीद है तो वह न्यायपालिका से ही है। आज न्यायपालिका के सामने इस उम्मीद को जिंदा रखने की चुनौती है।

चीनी मिल केस कनेक्शन

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से कथित नकदी बरामदगी ने उनके पिछले वित्तीय लेन-देन, विशेष रूप से 2018 सिंभावली चीनी मिल धोखाधड़ी मामले से उनके संबंधों की जांच को फिर से जिंदा कर दिया है। तब वर्मा को 97 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी बनाया गया था। 14 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट के जज के आवास के एक स्टोर रूम में आग लगी थी, जहां पर कथित तौर पर उनके आवास परिसर से बड़ी मात्रा में अधजले नोट मिले थे। अभी यशवंत वर्मा के ख़िलाफ़ 'इन-हाउस' जांच प्रक्रिया जारी है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने प्रस्ताव दिया है कि जस्टिस वर्मा को दिल्ली से हटाकर वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया जाए। हालांकि, इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने फैसले पर आपत्ति जताई है, इसके बाद भी उन्हें इलाहाबाद भेजा गया है।

इससे पहले भी कई मामले

10 अगस्त 2023 को ईडी ने हरियाणा के विशेष सीबीआई न्यायाधीश, सुधीर परमार को गिरफ़्तार किया, जिन्हें पहले अनुकूल फैसले के बदले में 5 करोड़ रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा पर आरोप लगे कि वे केवल अपनी पसंद के न्यायाधीशों पर ही ज़ोर देते हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीश, आई.एम. कुद्दुसी पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को रिश्वत देने की साज़िश रचने का आरोप था, जिस मामले की सुनवाई खुद जस्टिस दीपक मिश्रा ने की थी। कुद्दुसी को सितंबर में कथित न्यायिक रिश्वतखोरी गिरोह में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश शमित मुखर्जी की वर्ष 2003 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की गई गिरफ्तारी, जो कानूनी इतिहास में इस तरह की पहली गिरफ्तारी है, ने न्यायिक नैतिकता पर बहस छेड़ दी थी। वर्ष 1993 में जस्टिस रामास्वामी को 14 में से 11 आरोपों में दोषी पाया गया था। जज निर्मल यादव का 'कैश एट होम कांड' सभी को मालूम है। 29 मार्च को चंडीगढ़ के सीबीआई न्यायाधीश ने जज निर्मल यादव को दोष मुक्त किया है।

चीफ जस्टिस से मार्मिक अपील

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, इस वर्ष मई में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनसे निवेदन है कि वे एक जूडिशल ऑर्डर पास कर दें कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के दोषी न्यायाधीशों के साथ सामान्य नागरिक के समान कानूनी कार्रवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया का ध्येय वाक्य में न्याय की जीत का विवरण है। सुप्रीम कोर्ट के चिन्ह (लोगो) में अशोक चक्र बना हुआ है, जिसके नीचे संस्कृत का श्लोक लिखा हुआ है - 'यतो धर्मस्ततो जयः' संस्कृत के इस श्लोक का अर्थ है 'जहां धर्म है, वहां जय (जीत) है'। क्या देश में न्याय की जीत हो रही है? क्या आमजन अपनी अदालतों से इंसाफ की उम्मीद रख पा रहे हैं? क्या इंसाफ के सौदे नहीं हो रहे हैं? क्या हमारी न्याय व्यवस्था खर्चीली नहीं होती जा रही है? क्या यह क्षेत्र अत्यधिक अव्यवस्थित नहीं है? क्या न्याय व्यवस्था साधारण आदमी को न्याय दे पा रही है? न्याय सिस्टम इतना पेचीदा है कि मुकदमेबाजी में अनेक घर बर्बाद हो जाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तीर्थ सिंह ठाकुर ने राज्यों के उच्च न्यायालयों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व कानून मंत्री की मौजदूगी में एक बार अपने मन की व्यथा व्यक्त करते हुए रोकर कहा था कि हम, 'जनता को न्याय नहीं दे पा रहे हैं'। उन्होंने न्यायपालिका में अधूरे रिक्त पदों पर भराई ना होने पर दुःख जताया था। न्याय तंत्र में जजों की करीब 60 फीसदी की कमी है। उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्तियों को पारदर्शी बनाने की जरूरत है। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम की आवश्यकता महसूस हो रही है। कॉलेजियम को लेकर सरकार के साथ टकराव है।

न्याय प्रणाली में अब तक सुधार के प्रयास

ई-कोर्ट परियोजना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई, टेली-लॉ कार्यक्रम, न्यायिक बुनियादी ढांचे में सुधार, न्यायिक सुधारों पर कार्य अनुसंधान और अध्ययन, फास्ट ट्रैक कोर्ट, न्यायबंधु प्लेटफॉर्म और उमंग ऐप, प्रौद्योगिकी का उपयोग, न्याय प्रतिपादन और विधिक सुधार के लिए राष्ट्रीय मिशन, सरकार ने मध्यस्थता, पंचनिर्णय और लोक अदालतों जैसे वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्रों को मजबूत किया है। वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 वाणिज्यिक विवादों में पूर्व-संस्थागत मध्यस्थता को अनिवार्य बनाता है, जिससे समाधान की गति बढ़ जाती है। मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2015 ने मध्यस्थता के माध्यम से विवादों को सुलझाने के लिए समयसीमा शुरू की है। मध्यस्थता अधिनियम, 2023 सिविल और वाणिज्यिक विवादों में मध्यस्थता की सुविधा प्रदान करता है। लोक अदालतों से लंबित मामलों को कम करने में मदद मिली है। लंबित मामलों को कम करने तथा न्याय प्रदान करने में तेज़ी लाने के लिए कई कानूनों में संशोधन किया गया है। इनमें वाणिज्यिक न्यायालय (संशोधन) अधिनियम 2018, मध्यस्थता व सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2019 तथा आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 2018 शामिल हैं।

न्याय देने में चुनौतियां

न्याय तक पहुंच में असमानता, इंसाफ की प्रक्रिया जटिल, डिजिटल तकनीक का अभाव, लंबित मामलों की संख्या, न्यायिक रिक्तियां, इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी, न्यायिक जवाबदेही का अभाव, न्याय तक पहुंच में बाधाएं, प्रतिनिधित्व और विविधता का अभाव, विशेषकर लिंग, जाति और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के संदर्भ में आदि। न्यायिक सुधारों में एक महत्वपूर्ण बाधा न्यायपालिका और न्यायालय के कर्मचारियों दोनों की ओर से नई प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं को अपनाने का प्रतिरोध है। व्यवस्था के भीतर कई लोग पारंपरिक तरीकों के अभ्यस्त हैं, जो सुधारों को अपनाने की प्रक्रिया को धीमा कर देता है। पर्याप्त धन की कमी न्यायिक सुधारों के कार्यान्वयन में एक बड़ी बाधा है। इससे डिजिटल बुनियादी ढांचे को अपनाने, नई सुविधाओं के निर्माण व न्यायिक प्रणाली के समग्र आधुनिकीकरण पर असर पड़ता है।

आगे की जरूरतें

न्यायपालिका की स्वतंत्रता बढ़ाना, न्याय प्रणाली की निष्पक्षता में सुधार करना, न्याय की गति बढ़ाना, न्यायिक अवसंरचना विकास करना, न्यायिक रिक्तियों को भरना। न्यायिक सुधारों के लिए न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा विधायिका के बीच सहयोग की आवश्यकता है। इन शाखाओं के बीच समन्वय की कमी एवं निर्णय लेने में देरी से सुधार प्रक्रिया में बाधा आती है। इसलिए कार्यपालिका और विधायिका के साथ समन्वय की आवश्यकता है। डिजिटलीकरण, ऑनलाइन केस फाइलिंग और एआई-सहायता प्राप्त केस प्रबंधन के लिए ई-कोर्ट परियोजना का विस्तार करना चाहिए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को मज़बूत करने, सचल विधिक क्लीनिकों का विस्तार करने तथा हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए टेली-लॉ जैसी पहल को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। अनावश्यक मुकदमेबाजी को कम करने और कानूनी जागरूकता के लिए लाइव स्ट्रीमिंग, क्षेत्रीय भाषा में निर्णय, शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से सार्वजनिक सहभागिता को संवर्द्धित किया जा सकता है। समय आ गया है कि न्यायपालिका को आत्म चिंतन का उद्घोष होना चाहिए।

न्यायपालिका में पारदर्शिता पर उठते सवाल

दो टूक

रवि शंकर

वरिष्ठ स्तंभकार

भारत में 75 साल के इतिहास में कई ऐसे मौके आए हैं जब न्यायपालिका पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर नोटों में आग लगने की घटना ने एक बार फिर इस मुद्दे को सुर्खियों में ला दिया।

इससे न्यायपालिका की साख को भी गहरा झटका लगा है। शायद यही वजह है कि पहली बार देश के प्रधान न्यायाधीश ने इस मामले से संबंधित प्रारंभिक रिपोर्ट और जले हुए नोटों के वीडियो सार्वजनिक किए। यह भी अच्छी बात है कि इस मामले की जांच के लिए तीन हाई कोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों की समिति बिना देर किए बनाई गई है। भारतीय न्यायपालिका लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा करती है। लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका में पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों ने इसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। भारत में जहां न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सर्वोच्च माना गया है, वहीं पारदर्शिता की कमी कई बार संदेह और आलोचना का विषय बनती रही है।

पहले भी कई मामले सामने आए

इस मामले का महत्व इसलिए बहुत ज्यादा है क्योंकि ऐसे समय में जब लोगों का अन्य सरकारी संस्थाओं से विश्वास उठ गया है, तब न्यायपालिका को बिल्कुल साफ-सुथरा दिखने की जरूरत है। पिछले कुछ दशकों में, न्यायपालिका से जुड़े कई मामले सामने आए हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट के जज सौमित्र सेन ने संसद में उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया के दौरान ही इस्तीफा दे दिया था। उन पर धन के दुरुपयोग का आरोप था। दिल्ली हाई कोर्ट के जज शामित मुखर्जी ने रिश्वत लेने के आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया था। सिक्किम हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस पी.डी. दिनाकरण ने भी भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद इस्तीफा दे दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट जस्टिस वर्मा के आवास पर नकदी की जांच कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट को इस 17 साल पुराने मामले को ध्यान में रखना चाहिए। जस्टिस वर्मा केस ने इन पुराने घावों को फिर से कुरेद दिया है।

सरकार-जनता की भूमिका नहीं

साफ है, न्यायपालिका में जवाबदेही की कमी और पारदर्शिता का अभाव इन समस्याओं को बढ़ावा देता है। वर्तमान में भारत में न्यायाधीशों की नियुक्ति कॉलेजियम प्रणाली के तहत होती है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश ही नए न्यायाधीशों का चयन करते हैं। इसमें सरकार व जनता की कोई भूमिका नहीं होती, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठते हैं। वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को असंवैधानिक करार दिया, जिससे सुधार की संभावनाओं पर विराम लग गया। न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनाए रखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाए जाने की बहस आज भी जारी है। नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड के अनुसार 26 मार्च तक देश की अदालतों में चार करोड़ 54 लाख से ज्यादा मुकदमे विचाराधीन पड़े थे। इनमें 46.43 लाख से ज्यादा केस 10

साल से ज्यादा पुराने हैं। यह मान लें कि औसतन एक मुकदमे में कम से कम दो या तीन व्यक्ति पक्षकार होते हैं तो देश में करीब 10 से 15 करोड़ लोग मुकदमेबाजी के शिकार हैं। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते पांच साल के दौरान अदालतों में भ्रष्टाचार की 1631 शिकायतें दर्ज की गई हैं। शायद इस प्रकरण के निष्कर्ष भी बहुत जल्दी सार्वजनिक न किए जाएं, क्योंकि एक न्यायाधीश के खिलाफ किसी भी तरह की कानूनी, आपराधिक प्रक्रिया बेहद जटिल और लंबी है। बेशक संविधान के अनुच्छेद 124 (4 और 5) में प्रावधान हैं, जिनके तहत न्यायाधीशों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन यह भी इतना सपाट और आसान नहीं है। महाभियोग के जरिए सर्वोच्च और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पद से हटाया जा सकता है, लेकिन संसद में आज तक महाभियोग का प्रस्ताव पारित नहीं हो सका है। बहरहाल, यदि अब तीन न्यायाधीशों की जांच में जस्टिस यशवंत वर्मा पर आरोप साबित भी हो जाते हैं, तो वह रपट केंद्रीय कानून मंत्रालय को भेजी जाएगी। मंत्रालय उस रपट को राष्ट्रपति को प्रेषित करेगा। सिफारिश स्वीकार होने पर राष्ट्रपति महाभियोग के लिए संसद को भेजेगा। संसद में महाभियोग प्रस्ताव दो-तिहाई बहुमत से पारित हो जाता है, तभी जज को हटाया जा सकता है, लेकिन ऐसी स्थिति आज तक नहीं आई। हाई कोर्ट जज एक संवैधानिक पद है। महाभियोग के अलावा उच्च न्यायालय के जज के ख़िलाफ़ 'प्रिवेंशन ऑफ़ करप्शन एक्ट' के तहत कार्रवाई हो सकती है। पर, पुलिस ख़ुद से किसी जज के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज नहीं कर सकती। राष्ट्रपति को चीफ़ जस्टिस की सलाह लेनी होगी और उसके बाद तय करना होगा कि एफआईआर दर्ज हो सकती है या नहीं। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर इन-हाउस जांच से अलग है। लेकिन अतीत में ऐसे मामले सामने आए हैं जहां जजों को आरोपों के बाद ट्रांसफर कर दिया गया था, लेकिन उन्हें कभी भी दोषमुक्त नहीं किया गया। इससे न्यायपालिका की छवि खराब होती है। सुप्रीम कोर्ट को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जस्टिस वर्मा के मामले में निष्पक्ष जांच हो और सच्चाई सामने आए। सुप्रीम कोर्ट को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि लोगों का न्यायपालिका पर बहुत अधिक विश्वास है। अगर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार होता है, तो इससे लोगों का लोकतंत्र से विश्वास उठ जाएगा। न्यायपालिका जिन चुनौतियों से जूझ रही है, उनके मद्देनजर जस्टिस वेंकटचलैय्या की सिफारिशों को लागू करने का यह सही समय हो सकता है, जिससे नियुक्ति में पारदर्शिता, न्यायिक जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित हो सकेगा। इसके लिए राष्ट्रीय न्यायिक आयोग जैसी संस्था का गठन होना चाहिए, जिसमें न्यायपालिका के साथ-साथ कार्यपालिका और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों की भी भागीदारी हो।

'न्यायिक परिषद' का गठन हो

न्यायाधीशों के आचरण की निगरानी के लिए 'न्यायिक परिषद' की स्थापना की जानी चाहिए। न्यायाधीशों को अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देना अनिवार्य तो किया ही जाना चाहिए, इसके साथ, एक स्वतंत्र 'न्यायिक लोकपाल' की नियुक्ति भी होनी चाहिए, जो न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच कर सके। न्यायिक नियुक्तियों और न्यायाधीशों के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा होनी चाहिए। न्यायालयों में तकनीकी सुधार करने और ई-कोर्ट की स्थापना भी की जानी चाहिए, ताकि मुकदमों का निपटारा तेजी से हो सके। स्पष्ट है, न्याय में देरी, नियुक्ति प्रक्रिया की गोपनीयता और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए ठोस सुधार जरूरी हैं। न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए इसे अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है। यही लोकतंत्र की असली गारंटी है।

धीमी रफ्तार से न्याय-व्यवस्था बीमार

न्यायपालिका

डॉ. सुनील कुमार मिश्र

एसोसिएट प्रोफेसर, वीआईपीएस, नई दिल्ली

किसी भी देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को जिंदा रखने में उस देश की न्यायपालिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। न्यायपालिका का सुदृढ़ होना न सिर्फ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है अपितु देश को किसी भी अराजक स्थिति से बचाने में यह रक्षा कवच के रूप में कार्य करती है। सशक्त से अशक्त को न्याय दिलाने वाली न्यायपालिका का स्थान लोकतंत्र में काफी ऊंचा है, परन्तु न्याय की उम्मीद लिए आम जनमानस की इस अंतिम शरणस्थली में मिलने वाली प्रत्येक अगली तारीख पीड़ित की वेदना को बढ़ाने का कार्य करती है, और समय बीतने के साथ यह वेदना पीड़ित के न्यायपालिका में विश्वास का ह्रास करती जाती है। तारीख पर तारीख झेलने वाले अनगिनत मुकदमों में फैसला तब आता है जब उस फैसले का कोई औचित्य नहीं रह जाता क्योंकि इस दौरान पीड़ित व्यक्ति सामाजिक, आर्थिक एवं शारीरिक दुर्दशा की उस पीड़ा को झेलने को विवश होता है जो न्याय मिलने के बाद भी समाप्त नहीं होती है। न्याय के लिए साक्ष्य आवश्यक हैं, साक्ष्य के अभाव में न्यायालय से अनगिनत आरोपी सजा से बच निकलते हैं।

सुधार की आवश्यकता

ऐसे में न्याय व्यवस्था पर प्रश्न खड़े करने से पहले हमें सामाजिक व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा करना चाहिए क्योंकि सामाजिक महिमामंडन एवं राजनीतिक संरक्षण रूपी कवच कई अवसरों पर आरोपी और साक्ष्य के बीच दूरी पैदा कर देता है जिससे न्याय प्रक्रिया भी लंबित हो जाती है। गम्भीर बीमारी बताकर जमानत प्राप्त करने वाला कोई धनाढ्य व्यक्ति अगले ही दिन जब कोई सार्वजनिक सभा में सम्मिलित हुआ दिखलाई देता है तो हमारी न्याय व्यवस्था हंसी के पात्र के रूप में दिखती है। वर्तमान में अदालतों को त्वरित रूप से कार्य सम्पादित करने के लिए कुछ सुधार की आवश्यकता है। कुछ सुधार संसाधन से जुड़े हैं तो कुछ इच्छा शक्ति पर निर्भर करते हैं, कुछ कार्य प्रबंधन से तो कुछ उपलब्ध कानून में बदलाव की मांग करते हैं। आज अदालतों के समक्ष कार्यभार प्रबंधन जैसी बड़ी चुनौती स्पष्ट रूप से दिखलाई देती है क्योंकि देश में बढ़ते अपराध एवं अदालतों की आधारभूत संरचना में काफी अंतर है। निचली अदालतों से लेकर सुप्रीमकोर्ट में लंबित केसों की संख्या में बढ़ोत्तरी कानून व्यवस्था के समक्ष मुश्किलें पैदा कर रही हैं। देश में साढ़े चार करोड़ से अधिक केस लंबित हैं, उनमें जजों की संख्या एवं आधारभूत संरचना न्याय प्रक्रिया की गति को बाधित करती हैं।

उपलब्ध संसाधनों में कमी

निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट आने वाले मामलों का निपटारा समय से कर सके, इसके लिए अदालतों में मानव संसाधन बढ़ाने के साथ ही तकनीकी क्षमता भी बढ़ानी होगी जिससे न्याय प्रक्रिया को गति प्रदान की जा सके। देश के 25 उच्च न्यायालयों में भी लंबित केस की संख्या काफी है जबकि उपलब्ध संसाधन में कमी दिखती है। विगत एक दशक में अदालतों में

आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ी है एवं आधारभूत संरचना में भी सुधार हुआ है परन्तु अभी भी 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले देश के लिए यह कम है। ऐसे में सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि अदालतों में आवश्यक मानव संसाधन एवं तकनीकी संसाधन की आवश्यक उपलब्धता सुनिश्चित करे जिससे अदालतें अपना कार्य सुचारू रूप से सम्पादित कर सकें। वीडियो कांफ्रेंसिंग से होने वाली सुनवाई प्रक्रिया भी दूर-दराज के क्षेत्र से जुड़े मामलों को गति प्रदान कर सकती है जिसके लिए सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आवश्यक हो जाती है।

सामाजिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए न्याय व्यस्था का सुदृढ़ एवं सशक्त होना भी आवश्यक है। ऐसे में सरकार द्वारा किए गए संविधान संशोधन न्यायपालिका को और अधिक शक्ति प्रदान करें जिससे बदलते सामाजिक परिवेश में अदालतें न्याय सम्मत फैसला कर सकें। संसद एवं न्यायपालिका की दिशा का एक होना देशहित में है जबकि किसी प्रकार का मतभेद लोकतंत्र को कमजोर कर सकता है। इंदिरा गांधी के समय में जब सरकार ने संविधान का 24वां संशोधन किया था, तब संसद एवं न्यायपालिका के बीच टकराव की स्थिति देखी गई थी। इसके कुछ समय बाद ही केशवानंद भारती केस में एसएम सीकरी की अगुआई में 13 सदस्यीय बेंच ने अपने फैसले में कहा था कि सरकारें संविधान से ऊपर नहीं हैं, सरकार कानून में कोई बदलाव करती है तो अदालत को सरकार के उस फैसले की न्यायिक समीक्षा का अधिकार है। निश्चित रूप से न्यायसंगत कोई भी निर्णय स्वीकार्य होना चाहिए, एवं लोकतंत्र के सभी स्तम्भ सहगामी होने चाहिए जिससे राष्ट्र को और अधिक सशक्त किया जा सके। आज हम सामाजिक सुधारों की बात तो करते हैं परन्तु बात जब न्यायिक सुधार की होती है तो कभी-कभी न्यायपालिका का मौन कचोटता भी है क्योंकि सामाजिक सुधारों का रास्ता न्यायपालिका की पवित्र चौखट से होकर ही जाता है। सरकार सामाजिक सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठा रही है, यह प्रयास तभी फलीभूत होंगे जब कार्यपालिका एवं विधायिका के साथ ही न्यायपालिका में भी पारदर्शी व्यवस्था हो। राष्ट्रीय न्यायिक आयोग विधेयक 2014 इस दिशा में सरकार द्वारा बढ़ाया गया एक कदम था। जस्टिस वर्मा से जुड़े ताजा प्रकरण ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए शुरू हुई कालेजियम प्रणाली पर एक बार फिर से समाज में बहस छेड़ दी है, जिसे समाप्त करना प्रधान न्यायाधीश के अतिरिक्त उन 4 न्यायाधीशों के विवेक पर निर्भर करता है जो वर्तमान कालेजियम का हिस्सा हैं।

मूल्यपरक आचरण की अपेक्षा

न्याय के सिंहासन पर बैठे न्यायाधीश से मूल्यपरक आचरण की अपेक्षा की जाती है, जो न सिर्फ न्याय व्यवस्था के प्रति सम्मान का स्तर निर्धारित करती है अपितु इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है। निचली अदालत हो या फिर उच्च न्यायालय, न्यायधीशों द्वारा की गई कोई भी टिप्पणी न्यायपालिका के आदर्शों को स्थापित करने वाली होनी चाहिए। विगत दिनों सुप्रीमकोर्ट ने इलाहबाद हाईकोर्ट द्वारा दुष्कर्म से जुड़े एक फैसले पर की गई टिप्पणी को न सिर्फ असंवेदनशील बताया अपितु इस प्रकार की टिप्पणी को कानूनी रूप से अव्यावहारिक भी कहा। दो वर्ष पहले कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा यौन हिंसा से जुड़े एक मामले पर की गयी टिप्पणी को भी सुप्रीमकोर्ट ने बेहद गैरजरूरी बताया था। निश्चित रूप से न्याय की उम्मीद में न्यायालय में बैठी पीड़िता पर जब ऐसी टिप्पणी की जाती है तो इससे न सिर्फ पीड़िता के जख्म हरे हो जाते हैं अपितु अपराधी प्रवृत्ति के लोगों का मनोबल भी बढ़ता है, जो न तो न्याय व्यवस्था के लिए ठीक है न ही सामाजिक व्यवस्था के लिए।

रायपुर, रविवार 30 मार्च 2025 | चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा | वर्ष : 23, अंक : 251 | पृष्ठ : 16+8 = 24 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

प्रधानमंत्री मोदी मोहभट्ठा आएंगे आज, राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

बिलासपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 30 मार्च रविवार को बिलासपुर आगमन हो रहा है। श्री मोदी बिल्हा के मोहभट्ठा में बुनियादी ढांचे के विकास और सतत आजीविका को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप 33 हजार 700 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री बिजली, तेल तथा गैस, रेल, सड़क, शिक्षा और आवास क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं को राज्य व राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री की इस सभा में प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री ▶▶|शेष पेज 9 पर

- 33 हजार 700 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

नेशनल हाईवे राष्ट्र को समर्पित

छत्तीसगढ़ में सड़क के बुनियादी ढांचे को बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री एनएच-930 (37 किमी) के झलमला से शेरपार खंड और एनएच-43 (75 किमी) के अंबिकापुर-पत्थलगांव खंड को 2 लेन में अपग्रेड करके राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री एनएच-130डी (47.5 किमी) के कोंडागांव-नारायणपुर खंड को 2 लेन में अपग्रेड करने की आधारशिला भी रखेंगे। 1,270 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं से क्षेत्र का समग्र विकास होगा।

पिछले करीब 45 साल से चैत्र और शारदीय दोनों ही नवरात्रि के दौरान 9-9 दिनों तक उपवास रखते हैं मोदी

सिर्फ नींबू पानी पीकर रहेंगे पीएम मोदी, नवरात्रि का पहला दिन, इसलिए शुरू हो जाएगा 9 दिन का उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिलासपुर के दौरे पर सिर्फ नींबू पानी पीकर रहेंगे क्योंकि उनका नवरात्रि का उपवास शुरू हो जाएगा। ध्यान रहे कि 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि शुरू हो रही है। हालांकि पीएम नरेंद्र मोदी के लिए नारियल पानी की भी व्यवस्था मंच के पीछे बने सचिवालय में की गई है। इसके लिए अलग से कार्यकर्ता और अधिकारी भी तैनात किए ▶▶|शेष पेज 9 पर

हरिभूमि खास

नवरात्रि के 9 दिनों में 22 हजार किलोमीटर का सफर

चैत्र और शारदीय दोनों ही नवरात्रि के दौरान वह 9-9 दिनों तक उपवास रखते हैं। इस दौरान वह दिन में सिर्फ नींबू पानी पीते हैं। रात में वह एक बार फल लेते हैं। इसके बाद भी उनकी ऊर्जा में कोई कमी नहीं दिखती और उनकी राजनीतिक गतिविधियां सामान्य रहती हैं। भाजपा विधायक ▶▶|शेष पेज 9 पर

1991 में सोमनाथ से अयोध्या रथ यात्रा

भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बताया कि जब लालकृष्ण आडवाणी ने 1991 में अयोध्या से सोमनाथ तक ऐतिहासिक रथ यात्रा निकाली थी तो उस समय नरेंद्र मोदी गुजरात बीजेपी के महासचिव थे। उनके उपर गुजरात में आडवाणी की रथ यात्रा का प्रबंध का भार था लेकिन उस समय नवरात्रि थी। पीएम मोदी उस समय भी उपवास कर रहे थे और उपवास करते हुए गुजरात में इस रथ यात्रा का ऐतिहासिक प्रबंध किया था। जिसमें यह रथ यात्रा गुजरात के 600 गांवों से निकली थी लेकिन इस दौरान 9 दिनों तक उनके मुंह में पानी के सिवा एक तिनका भी नहीं गया इतना ही नहीं वे पूरे देश में रथ यात्रा के साथ बने रहे थे।

म्यांमार में शनिवार दोपहर 3:30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई है, जिससे कई इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। इसका केंद्र राजधानी नेपीडॉ के पास बताया जा रहा है। भारत ने भूकंप से राहत पहुंचाने के लिए 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत मेडिकल टीम फोर्स भेजी है। म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या 1644 पहुंच चुकी है।

तबाही की तस्वीरें

पीएम मोदी ने सैन्य सरकार के प्रमुख से की बात, भारत ने भेजा राहत दल

म्यांमार में फिर भूकंप, 5.1 तीव्रता अब तक 1600 से अधिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैंकॉक/ नई दिल्ली

म्यांमार में भूकंप से देश के बड़े हिस्से में भारी तबाही हुई। शुक्रवार को भी म्यांमार में दो बार भूकंप के झटके आए थे। शनिवार को फिर धरती डोली, जिससे भारी तबाही हुई। लगातार आ रहे झटकों के कारण लोग सहमे हुए हैं और कई इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक मरने वालों का आंकड़ा 1644 हो चुका है, जबकि 3,408 से ज्यादा लोग घायल हैं। आने वाले समय में इसमें बढ़ोत्तरी हो सकती है। म्यांमा के पड़ोसी देश थाईलैंड में भी भूकंप का असर दिखा और यहां कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी जबकि 22 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में 101 व्यक्ति लापता हैं। म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख सीनियर जनरल मिन आंग हलाइंग ने टेलीविजन पर कहा, मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका है। उन्होंने बताया कि म्यांमा में कम से कम 144 लोगों की मौत हुई है जबकि 730 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

गौरतलब है कि शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे ने जताई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे। मांडले में भूकंप से कई इमारतें ढह गई। थाईलैंड में भूकंप के झटके बैंकॉक महानगरीय क्षेत्र में महसूस किए गए।

म्यांमार की मदद के लिए 'आपरेशन ब्रह्मा'

नई दिल्ली। बीते शुक्रवार को आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप से बुरी तरह से प्रभावित म्यांमार की तरफ मदद का हाथ बढ़ाते हुए भारत ने शनिवार तड़के 'आपरेशन ब्रह्मा' की शुरुआत कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से फोन पर बातचीत कर भारत की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया कि तीनों सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना, नौसेना) की टीमें पूरी मुस्तैदी से ब्रह्मा अभियान में जुट गई हैं। वायुसेना के 5 विमान और नौसेना के 4 युद्धपोत अभियान में शामिल हैं। 29 मार्च को तड़के

तीन बजे उत्तर प्रदेश के हिंडन एयरबेस से भारतीय वायुसेना का एक विशालकाय परिवहन विमान सी-130जे सुपर हरक्युलिस 15 टन राहत सामग्री (टेंट, कंबल, तारपोलीन, किचन सेट, स्लीपिंग बैग, खाने के पैकेट, जीवन रक्षक दवाएं, सोलर लैंप, जेनसेट) की पहली खेप के साथ यांगून पहुंच गया है।

30 मंजिला इमारत गिरी

उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई है। इसमें 10 लोगों की मौत हुई है। म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई है।

अफगानिस्तान में भी डोली धरती

अफगानिस्तान में भी शनिवार सुबह 5:16 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जमीन से 180 किमी की गहराई में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.7 मापी गई। अभी तक किसी तरह के नुकसान या जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। यह भूकंप म्यांमार और थाईलैंड में आए शक्तिशाली भूकंप के एक दिन बाद आया है, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और इमारतें, बौद्ध स्तूप, सड़कें और पुल बुरी तरह नष्ट हो गए।

भारत से 118 सदस्यीय मेडिकल टीम रवाना

लेफ्टिनेंट कर्नल जगनीत गिल के नेतृत्व में 118 सदस्यीय मेडिकल टीम म्यांमार के लिए रवाना की गई है। यह टीम एयरबोर्न एंजल्स टास्क फोर्स का हिस्सा है, जो इमरजेंसी के दौरान चिकित्सा और सर्जिकल सहायता प्रदान करने में ट्रेंड है। टीम के साथ जरूरी दवाएं भेजी गई हैं। म्यांमार में भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में 60 बेड वाला ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किया जाएगा. जिसके तहत इमरजेंसी सेवाएं दी जाएंगी।

चुनाव से पहले मोदी ने किया था वादा, साय सरकार ने मिशन मोड में पूरी की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में चुनावी वादा के तौर पर मोदी की गारंटी की घोषणा की थी। राज्य सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरा फोकस मोदी की गारंटी को पूरा करने में लगाया। साय कैबिनेट की पहली बैठक में ही गरीबों के 18 लाख आवास निर्माण का निर्णय लेकर सरकार ने पहली गारंटी पूरी की थी। पीएम आवास योजना के तहत उन छूटे हुए लोगों के लिए आवास स्वीकृत करके की। प्रदेश की सबसे बड़ी गारंटी महतारी वंदन ▶▶|शेष पेज 9 पर

- अब तक प्रमुख घोषणाओं को सरकार ने पहनाया अमली जामा

महतारी वंदन योजना

विधानसभा चुनाव के दौरान में महिलाओं के बंपर मतदान के चलते भाजपा सत्ता में आई। सरकार ने महिलाओं के लिए किए गए सबसे बड़े वादे महतारी वंदन योजना को पूरा करने में सरकार ने 70 लाख पंजीकृत महिलाओं के खाते में एक हजार रुपए डालना शुरू किया। अब तक 11 से अधिक किश्त जा चुकी हैं। सरकार ने स्पष्ट कहा है कि महतारी वंदन की राशि हर हाल में महिलाओं को दी जाती रहेगी।

13 हजार करोड़ का पुराना बोनस दिया

दो साल के पुराने बोनस की राशि करीब 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किसानों को कर दिया है। वहीं सरकार ने किसानों से 3100 रुपए में धान खरीदी का वादा भी पूरा कर दिया। मोदी की गारंटी में तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस देने की घोषणा भी पूरी की जा चुकी है। राज्य सरकार में भूमिहीन श्रमिकों को 10 हजार रुपए देने का वादा किया था उसे भी पूरा किया जा चुका है। मोदी की गारंटी योजना में की प्रमुख वादों को पूरा करने सरकार की ओर से लगातार प्रयासों के बीच अन्य वादों को भी पूरा किया जा रहा है। राज्य के बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए बनाई कई रामलला दर्शन योजना भी प्रारंभ की जा चुकी है। दर्शन योजना को कांग्रेस सरकार में बंद कर दिया गया था। योजना के तहत स्पेशल ट्रेन के माध्यम से लोगों को अध्योध्या भेजा गया।

व्यापार वार्ता पर जताई आशा

राष्ट्रपति ट्रंप ने की तारीफ कहा- मोदी बहुत अच्छे दोस्त

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'बेहद बुद्धिमान व्यक्ति' और अपना 'बहुत अच्छा दोस्त' बताने के साथ ही कहा है कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार शुल्क पर चल रही वार्ता के बहुत अच्छे नतीजे निकलकर आएंगे।

आपके पास एक महान प्रधानमंत्री

अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी की तरफ इशारा करते हुए कहा, मैं कहना चाहता हूं कि आपके पास एक महान प्रधानमंत्री है। प्रधानमंत्री मोदी ने फरवरी में अमेरिका का दौरा किया था और ट्रंप के साथ द्विपक्षीय चर्चा की थी। इस दौरान दोनों पक्षों ने कई घोषणा की थी।

वर्चस्व की लड़ाई को लेकर कोल ट्रांसपोर्टर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

कोयला खदान में वर्चस्व को लेकर हुई खूनी झड़प में एक ट्रांसपोर्टर की हत्या कर दी गई। वारदात के बाद इलाके में भारी तनाव है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। मामले में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों ▶▶|शेष पेज 9 पर

थाना प्रभारी लाइन अटैच

इधर दूसरी तरफ घटना दिनांक को पाली के थानेदार विनोद सिंह थाना से नदारत रहे। इयूटी में बरती गई लापरवाही को ध्यान में रखते हुए एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने पाली थाना प्रभारी एसआई विनोद ▶▶|शेष पेज 9 पर

हरिभूमि
रविवार भारती
haribhoomi.com
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
रायपुर, रविवार 30 मार्च 2025

अप्रैल फूल-डे स्पेशल

अप्रैल फूल डे यानी मूर्ख दिवस आज भले ही दुनिया भर में लोग मनाते हैं। लेकिन इसकी शुरुआत को लेकर अनेक तरह की मान्यताएं और किंवदंतियां प्रचलित हैं। अप्रैल फूल डे के इतिहास और इससे जुड़े तथ्यों पर एक नजर।

कल्पना कीजिए अगर हम हंसें नहीं, कोई हमें हंसाए नहीं तो जीवन में कितनी बोझिलता, नीरसता आ जाएगी! इस नीरसता को दूर करने के लिए हजारों साल से जोक्स सुनने और सुनाने की परंपरा बरकरार है। आज के दौर में इसकी महत्ता और बढ़ गई है। अप्रैल फूल हमें अपनों के साथ ऐसे ही जोकिंग का अवसर देता है, जिसे हमें बिल्कुल मिस नहीं करना चाहिए।

कवर स्टोरी
लोकमित्र गौतम

सुनिए-सुनाइए जोक्स लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

डॉक्टर: चिंता मत करो, यह छोटी सी सर्जरी है, घबराने की कोई बात नहीं!
मरीज: लेकिन डॉक्टर, मैं तो ऑपरेशन के लिए नहीं आया था!
डॉक्टर: अरे हां, सॉरी! मुझे आदत हो गई है ऐसा कहने की..!

यह जोक सरप्राइज एलिमेंट (अचानक ट्विस्ट) पर आधारित है, जो दिमाग को एक पल में चौंकाकर हंसा देता है। ऐसा होते ही अचानक पैदा हुआ तनाव गायब हो जाता है, जिससे मूड हल्का और फ्रेश महसूस होता है। कुछ सेकेंड्स का एक जोक या चुटकुला हमें पलभर में तरोताजा कर देता है, क्योंकि जोक्स का प्रभाव हमारे दिमाग और शरीर दोनों पर पड़ता है। जब हम हंसते हैं, तो हमारा मस्तिष्क एंडोर्फिन (खुशी के हार्मोन) छोड़ता है, जिससे तनाव कम होता है और हम रिलैक्स महसूस करते हैं। इसके अलावा, हंसी से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, मांसपेशियों में आराम आता है और मूड फ्रेश हो जाता है। शायद इसी की महत्ता को समझते हुए अप्रैल फूल-डे जैसे आयोजनों की शुरुआत हुई।

हजारों साल पुरानी परंपरा: दुनिया में जोक्स और हास्य की परंपरा उतनी ही पुरानी है, जितना पुराना खुद इंसान है, इंसानी सभ्यता है। सबसे पुराने दर्ज जोक्स लगभग 4000 साल पुराने हैं। दुनिया के सबसे पुराने दर्ज जोक्स प्राचीन मेसोपोटामिया (1900 ईसा पूर्व) के हैं। प्राचीन मिस्र (1600 ईसा पूर्व) की सभ्यता में फिरौन के दरबारों में भी जोक्स सुनाए जाते थे। एक मशहूर चुटकुला इस तरह है- 'एक फिरौन अपनी नाव में यात्रा कर रहा था। एक भविष्यवक्ता ने कहा कि वह बहुत लंबी उम्र जिएगा। फिरौन ने पूछा-क्या मैं 100 साल जिऊंगा? भविष्यवक्ता बोला-हां। फिरौन ने पूछा-क्या मैं 200 साल जिऊंगा? भविष्यवक्ता बोला-बिल्कुल! फिरौन खुश हुआ और कहा-तो मैं अमर हूं! भविष्यवक्ता ने कहा-नहीं, लेकिन जब तक तुम मुझसे सवाल पूछते रहोगे, तब तक मैं हां कहता रहूंगा!'

वास्तव में यह राजाओं की चापलूसी और भविष्यवाणियों का मजाक उड़ाने का तरीका था। ग्रीक दार्शनिक प्लेटो और अरस्तू ने भी हास्य को जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देखा है। प्राचीन एथेंस में एक जोकर क्लब था, जिसके दर्जनों जोक्स आज भी मिलते हैं, मसलन- 'एक आदमी डॉक्टर के पास गया और कहा- जब मैं आंखें खोलता हूं, तो मुझे कुछ नहीं दिखता! डॉक्टर बोला- तो आंखें बंद करके देखो!'

भारतीय इतिहास में भी है जिक्र: मिस्र और एथेंस की तरह प्राचीन भारत में भी संस्कृत साहित्य (नाट्यशास्त्र, पंचतंत्र, हितोपदेश, विदूषक पात्र) में हास्य व्यंग्य का भरपूर जिक्र मिलता है। पंचतंत्र की कहानियों में चतुराई भरे जोक्स और व्यंग्य हैं। भारतीय इतिहास में राजाओं के दरबारों में विद्वान विदूषकों जैसे तेनालीराम और बीरबल की भी मौजूदगी रही है, जो अपने बुद्धि-कौशल से सिर्फ दरबार का माहौल ही बोझिल होने से नहीं बचाते थे बल्कि हतप्रभ करने वाली चतुराई भरी बातें करके राजा सहित दरबारियों को हैरान कर देते थे, जिससे सभी तरोताजा महसूस करते थे।

नए दौर में जोक्स का जलवा: जोक्स का आधुनिक और व्यापक दौर 18वीं-19वीं शताब्दी में अखबारों और किताबों में जोक्स छपने से शुरू हुआ। बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध तक रेडियो, टीवी के कॉमेडी शो और स्टैंड-अप कॉमेडी से जोक्स हर जगह और अधिकतर लोगों तक पहुंचने लगे। इस 21वीं शताब्दी में इंटरनेट, सोशल मीडिया और मीम्स के रूप में जोक्स का जलवा हम सब देखते हैं। वास्तव में जोक्स का सबसे तेज और वैरायटी से भरा विकास इसी दौर में हो रहा है।

इसलिए जरूरी हैं जोक्स: सवाल है हर सभ्यता में, हर दौर में यानी जीवन में हमेशा जोक्स क्यों जरूरी माने जाते रहे हैं? जवाब है- जोक्स केवल हंसाने भर के लिए नहीं होते, बल्कि ये मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक संबंध और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये हमारे तनाव को कम करते हैं, हमें हंसाते हैं और हंसने से शरीर में एंडोर्फिन (खुशी के हार्मोन) का स्तर बढ़ता है, जो तनाव और दर्द दोनों को गायब करने में मदद करता है। चुटकुलों या जोक्स से इंसान को मनोवैज्ञानिक सुरक्षा मिलती है, क्योंकि कठिन परिस्थितियों में हास्य एक सुरक्षातंत्र की तरह काम करता है, जिससे व्यक्ति समस्याओं को हल्के-फुल्के तरीके से देख पाता है। साथ ही जोक्स हमें सामाजिक रूप से लोगों के साथ जोड़ता है। जोक्स साझा करने से लोगों के बीच नजदीकी बढ़ती है और यह सोशल बॉन्डिंग को मजबूत करता है। साथ ही जोक्स से हमारी क्रिएटिविटी बढ़ती है। हास्य हमें चीजों को नए नजरिए से देखने और समस्याओं का हल अनोखे तरीके से निकालने में मदद करता है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि आधुनिक तनाव भरी जीवनशैली में जोक्स और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गए हैं, क्योंकि आज अधिकांश लोग काम के दबाव, सोशल मीडिया, आर्थिक चिंताओं और रिश्तों की उलझनों से घिरे रहते हैं। ऐसे में हास्य और जोक्स बेहद जरूरी हो गए हैं। *

जोक्स सुनाने वाले होते हैं ज्यादा स्मार्ट

ऐसा देखा गया है कि सामान्य तौर पर, अच्छा सेंस ऑफ ह्यूमर किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता (आईक्यू) और भावनात्मक समझ (ईक्यू) दोनों के बेहतर होने का सबूत होता है। क्योंकि जोक्स बनाने और सुनाने के लिए तेज दिमाग और सोचने की त्वरित क्षमता यानी 'क्विक विट' की जरूरत होती है। यही नहीं मजेदार लोग आमतौर पर बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स और लोगों को बेहतर पढ़ने और समझने की क्षमता रखते हैं। ऐसे लोग चीजों को अलग-अलग दृष्टिकोण से देखने में सक्षम होते हैं, जिससे वे मुश्किल परिस्थितियों से आसानी से निपट लेते हैं। इसलिए, जोक्स और हास्य में रुचि रखने वाले लोग अकसर ज्यादा स्मार्ट होते हैं। कई शोधों में पाया गया है कि महिलाएं मजाकिया और हंसाने वाले पुरुषों की तरफ अधिक आकर्षित होती हैं। जो लोग मजाकिया होते हैं, वे आमतौर पर आत्मविश्वासी होते हैं और पुरुषों का आत्मविश्वास महिलाओं को हमेशा आकर्षित करता है। मजाकिया लोग अकसर दूसरों के साथ घुल-मिल भी बहुत जल्दी जाते हैं, जिससे वे ज्यादा सामाजिक दिखते हैं।

दिलचस्प-विविधतापूर्ण अप्रैल फूल का इतिहास

साइबेले के सम्मान में 25 मार्च को मनाया जाने वाला यह उत्सव लोगों को भेष बदलने के लिए प्रेरित करता था। यह खेल और शरारतों का दिन माना जाता था। लोग तरह-तरह की अनूठी वेशभूषा पहन कर एक-दूसरे के साथ मजाक करते थे। वर्ष का पहला दिन यानी उत्सव का दिन, जो रात से अधिक लंबा था और इसे एक नए, बेहतर मौसम और उदास सर्दियों के अंत का जश्न मनाने में बिताया गया था। हिलारिया के दौरान कई प्रकार के खेल और मस्ती मनोरंजन किए जाते थे। इसमें छद्म वेश धारण कर लोग अपनी पसंद के किसी भी व्यक्ति की नकल करते थे।

परंपरा
अंजू जैन

अप्रैल फूल के दिन यानी पहली अप्रैल को झूठी बातों से मूर्ख बनाने या मजाक करने का सिलसिला सदियों से चला आ रहा है। हालांकि इस दिवस की वास्तविक शुरुआत अज्ञात है, लेकिन इसकी शुरुआत को लेकर तरह-तरह के दिलचस्प और रहस्यमय किस्से प्रचलित हैं।

हास्य कथा से शुरुआत

अप्रैल फूल से जुड़ी एक मान्यता है कि इसकी शुरुआत 16वीं शताब्दी में फ्रांस में हुई थी। अप्रैल फूल दिवस पर सबसे पहला प्रैंक 1 अप्रैल 1698 को खेला गया था। यह मजाक लंदन के एक समाचार पत्र में प्रकाशित हास्य खबर थी। इसमें मजाकिया अंदाज में लिखा गया था कि दिन के समय चंद्रमा पृथ्वी से दिखाई दिया था।

मध्यकाल के हिलारिया से शुरुआत

कुछ इतिहासकारों ने अप्रैल फूल डे को प्राचीन रोमन उत्सव हिलारिया से जोड़ा है। देवताओं की माता

कैलेंडर बदलाव के साथ शुरुआत

एक लोकप्रिय मान्यता यह है कि इसकी शुरुआत 1582 में हुई। उस समय फ्रांस ने जूलियन से बदल कर

ग्रेगोरियन कैलेंडर शुरू किया था। इस बदलाव से पहले, लोग अप्रैल में नया साल मनाते थे। जब तारीख 1 जनवरी को बदल दी गई, तो भी अज्ञानतावश कुछ लोगों ने इसे मार्च के अंत में मनाना जारी रखा और मजाक का पात्र बन गए और उन्हें 'अप्रैल फूल' कहा गया। *

कुछ दिलचस्प तथ्य-मान्यताएं

कवि जेफ्री चौसर

मूर्ख दिवस की शुरुआत को लेकर कुछ और मान्यताएं भी प्रचलित हैं।

- ईरान में अप्रैल फूल दिवस, फारसी नववर्ष के 13वें दिन मनाया जाता है, जो आमतौर पर 1 अप्रैल के आस-पास होता है।
- अमेरिकी कार्टूनिस्ट चार्ल्स शुल्ज द्वारा बनाई गई प्रसिद्ध कॉमिक स्ट्रिप 'पीनट्स' में अप्रैल फूल नामक एक पात्र था, जो अपने दोस्तों के साथ शरारतें करता था।
- मध्ययुगीन यूरोप में 'मूर्खों का पर्व' मनाया जाता था, जो मजाक का दिन था। वहां लोग एक नकली बिशप या पोप का चुनाव करते थे और मजाक में शामिल होते थे। कुछ हद तक, अप्रैल फूल दिवस को सर्दियों के अंत और वसंत की शुरुआत को चिन्हित करने वाले त्योहारों से जोड़ा जा सकता है।
- इंग्लिश लेखक और कवि जेफ्री चौसर की द कैंटरबरी टेल्स (1392) में 1 अप्रैल और मूर्खता के बीच पहली बार कनेक्शन दर्ज किया गया था। 'द नंस प्रीस्ट्स टेल' नामक कथा में चैंटिकलर का वर्णन है, जो एक घमंडी मुर्गा है, जिसे एक चालाक लोमड़ी द्वारा धोखा दिया जाता है।
- स्कॉटलैंड में अप्रैल फूल दिवस को पारंपरिक रूप से 'हंटिगॉक डे' कहा जाता था, जो 'हंट द गॉक' से निकला है, 'गॉक' शब्द स्कॉटिश भाषा में कोयल या मूर्ख व्यक्ति के लिए इस्तेमाल होता है। यह स्कॉटिश परंपरा दो दिवसीय कार्यक्रम बन गई, जिसमें लोगों को नकली कामों (हंकटिंग द गॉक) पर भेजा जाता था, उसके बाद टेल डे मनाया जाता था, जिसमें लोगों की पीठ पर नकली पूंछ या 'मुझे लात मारो' के चिन्ह लगाने जैसे मजाक करना शामिल था।

एंज्वॉयमेंट
शिखर चंद जैन

अप्रैल फूल डे पर हम सब एक-दूसरे के साथ प्रैंक करते हैं, मजा लेते हैं। यहां आपको कुछ ऐसे प्रैंक्स के बारे में बता रहे हैं, जो मशहूर कंपनियों ने बड़े स्तर पर लोगों से किए।

अप्रैल फूल के मजेदार-अनूठे प्रैंक



वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइंस का डॉग क्रू प्रैंक: वर्ष 2017 में वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइंस ने अप्रैल फूल के दिन अपने यात्रियों के बीच समाचार फैलाया कि अब उन्हें दुनिया की पहली डॉग इनफ्लाइट क्रू मेंबर टीम मिलेगी। इसमें वे अपने कुत्ते के साथ गलियारे में टहलते हुए, समय बिताने के लिए प्यारे कुत्तों को गले लगाने तक, डॉग क्रू की नई सेवाएं ले सकते हैं। बाद में लोगों को असलियत का पता चला तो उन्हें अपने आप पर खूब हंसी आई।

गूगल का 'माइक ड्रॉप' ई-मेल बटन: गूगल ने वर्ष 2016 में अप्रैल फूल बनाने के लिए जी-मेल में 'माइक ड्रॉप' बटन पेश किया, जिससे इसके यूजर माइक्रोफोन गिराने का जीआईएफ वाला ई-मेल भेज सकते थे। दुर्भाग्य से, इससे काफी गड़बड़ियां हो गईं। गलत मैसेज जाने पर कुछ लोगों की तो नौकरियां चली गईं। गूगल को माफी मांगते हुए तुरंत इसे बंद करना पड़ा।

कांच के बॉटम वाला हवाई जहाज: एक बार वर्जिन अटलांटिक एयर लाइंस ने अफवाह फैला दी कि इसके पास अब ग्लास-बॉटम वाले यानी पारदर्शी तल वाले विमान भी हैं। उन्होंने 'दुनिया के पहले ग्लास-बॉटम वाले विमान' के समाचारों के साथ सुर्खियां बटोरीं। नए विमान की तस्वीरें खूब प्रसारित की गईं। उनके इस मजाक पर लोगों ने यकीन भी कर लिया।

टैको लिबर्टी बेल: वर्ष 1996 से अब तक के सबसे बेहतरीन अप्रैल फूल मजाक में शामिल इस शिगूफे में टैको बेल नामक कंपनी ने अखबारों में विज्ञापन देकर कहा कि उसने ऐतिहासिक और नेशनल आइकन लिबर्टी बेल को खरीद लिया है। यह इतना गंभीर और वास्तविक मजाक था कि कुछ सीनेटर भी इस मजाक में फंस गए। बाद में नेशनल पार्क सर्विस ने इस खबर का खंडन करने के लिए एक प्रेस कांफ्रेंस भी की। दोपहर में, फास्ट-फूड चेन ने मजाक को स्वीकार किया और कहा कि वह इस ऐतिहासिक घंटी की देखभाल के लिए 50,000 डॉलर का दान कर रही है।



हवाई अड्डे पर कर दिया कंफ्यूज: वर्ष 1992 में लॉस एंजिल्स हवाई अड्डे पर विमान यात्री ज्यों ही उतरे, वे एक बैनर देखकर चकरा गए कि उन्होंने तो लॉस एंजिल्स की फ्लाइट पकड़ी थी फिर पायलट उन्हें शिकागो कैसे ले आया? इस बैनर पर लिखा था, शिकागो में आपका स्वागत है। यह 85 फीट लंबा पीला बैनर था, जिस पर 20 फीट लंबे लाल अक्षरों में ऐसी घोषणा थी। यह बैनर हॉलीवुड पार्क रेस ट्रैक के ठीक ऊपर लटका हुआ था और आने वाले प्रत्येक यात्री को दिखाई दे रहा था। लेकिन जल्द ही वास्तविक स्थिति सबको बता दी गई।

बीएमडब्ल्यू की सेल्फ-क्लीनिंग कार: 2019 में कार कंपनी बीएमडब्ल्यू ने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि उन्होंने एक सेल्फ-क्लीनिंग कार विकसित की है। वीडियो में एक कार को ब्रश और पानी के जेट से खुद ही साफ होते हुए दिखाया गया था। वास्तव में यह एक बड़ा प्रैंक था। *

व्यंग्य कविता
हरीश कुमार 'अमित'

करते रहते घोटाले

करते रहते घोटाले
कितने हिम्मत वाले हैं।
इनके सारे ही 'करतब',
बिल्कुल तवे-से काले हैं।
पुलिस का इनको खौफ नहीं,
नेताजी इनके साले हैं।
यार-दोस्त इनके सारे,
चक्कू-पिस्टल वाले हैं।

एक नहीं, कई दर्जन,
गुर्गे इन्होंने पाले हैं।
इनसे पंगा मत लेना,
नहीं बरक्शने वाले हैं।
ब्लैकमनी को कर दें 'व्हाइट',
इनके खेल निराले हैं।
ये छोटे पैग दूर हटाओ,
ये पीते पटियाले हैं।

स्मरण
चंद्रप्रकाश

अंतरराष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस: 2 अप्रैल, विशेष

एक से बढ़कर एक शानदार परीकथाओं के लेखक हैंस क्रिश्चियन एंडरसन के जन्मदिन (2 अप्रैल) को अंतरराष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर उनके रचनात्मक अवदान पर एक दृष्टि।

परीकथाओं का महान चितेरा हैंस क्रिश्चियन एंडरसन

आगामी 2 अप्रैल को हैंस क्रिश्चियन एंडरसन (1805-1875) का जन्मदिन है। वह एक महान किस्सागो थे, जिन्होंने अपने जीवन में अनेक पुस्तकें लिखीं। लेकिन दुनिया भर में उन्हें उनकी लिखी हुई बच्चों की परीकथाओं की वजह से ज्यादा जाना जाता है। उनकी लिखी एक सौ छप्पन परीकथाएं, नौ किताबों में संकलित हैं। इनके दुनिया भर में एक सौ साठ से अधिक भाषाओं में अनुवाद हुए हैं। कुछ देशों में तो उनकी कहानियां स्कूलों में पाठ के रूप में पढ़ाई भी जाती हैं। ये कहानियां, बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर वर्ग के बीच पढ़ी और सराही जाती हैं। यह अपनी तरह की बड़ी मिसाल है। बेशक इस काम में डिज्नी की एनिमेटेड फिल्मों ने भी अपना एक बड़ा योगदान दिया है।

एंडरसन का रचना संसार: एंडरसन का जन्म डेनमार्क में कोपेनहेगन के नजदीक ओडेंस नामक स्थान में हुआ था। गरीब और पिछड़े घर में जन्म लेने के कारण इन्हें जीवन भर संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने शुरू में कुछ नाटक लिखे फिर कुछ आत्म-कथात्मक उपन्यास। उनकी पहली कहानियों की किताब 'बच्चों के लिए कहानियां' साल 1835 में छपकर आई। इसमें एंडरसन ने एक साथ नौ परीकथाएं संकलित की थीं। उनका कहानियां लिखने का यह काम आगे भी लगातार जारी रहा। एंडरसन का कहानी कहने का तरीका काफी अलग और अनोखा था। वे अपनी कल्पना की ताकत के साथ लोक-कथाओं की सरलता भी पिरो देते थे। इससे उनकी ये कहानियां अपने में विभिन्न संस्कृतियों की बातें भी कहती दिखती थीं। इस विषेषता के कारण उनका नाम यूरोप समेत पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हो गया।

हैंस क्रिश्चियन एंडरसन

जीवन में किया भरपूर संघर्ष: एंडरसन महान लेखक थे, लेकिन उनके जीवन में भी कम संघर्ष नहीं थे। एंडरसन बड़े हिम्मती और जुझारू थे। वे अपने अकेलेपन और दुख को बड़ी कुशलता से अपनी कहानियों का हिस्सा बना देते थे। उनकी यह सजगता उनकी लिखी कहानियों को सुंदर बनाती है। उनकी यह विशेषता, एंडरसन के जीवन की घटनाओं और उनकी बहुत सी रचनाओं पर शोध करने वालों ने पता लगाई है। एंडरसन की लिखी बहुत सी कहानियां उनके बाद के बहुत से लेखकों की प्रेरणा बनीं। उन्होंने भी इनका मर्म अपनी तरह से समझते हुए कई अनोखी रचनाएं की हैं।

एंडरसन की कुछ खूबियां और भी थीं, जिससे वे गजब के कलाकार भी माने जाते थे। वे अपने शुरू के दिनों से नाटकों की दुनिया से जुड़े थे। इसके अलावा कलम और ब्रश की मदद से स्याही के चित्र भी बना लेते थे। कागज की कतरनें चिपका कर कोलाज बनाना भी उन्हें पसंद था। इसके अलावा वे अनोखे किस्सागो थे। जो बच्चों के बीच अकसर किस्से सुनाते हुए बातों-बातों में कैंची से किसी कागज को काटकर तरह-तरह की आकृतियां बना देते थे। अंग्रेजी में इस तरीके से बनी आकृतियों को 'सिल्हूट' कहा जाता है। कुछ साल पहले जर्मनी के ब्रेमेन शहर में एंडरसन के ऐसे ही बहुत से तरह-तरह के चित्रों को जुटाकर एक बड़ी प्रदर्शनी में दिखाया गया था।

संजोई गई हैं उनकी स्मृतियां: आज भी एंडरसन की याद और सम्मान में दुनिया के कोने-कोने में तरह-तरह की बहुत सी गतिविधियां होती रहती हैं। इनमें उन पर डाक-टिकट निकालने से लेकर किसी अवसर-विशेष पर प्रदर्शनियां लगाने और जगहों के नाम रखने की बातें भी शामिल हैं। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

टाइट है हिंदी मीडियम

प्रभात रंजन जिस भी विधा में लिखते हैं, अपने अलहदा अंदाज में लिखते हैं। हाल में ही उनकी लिखी एक किताब आई है- हिंदी मीडियम टाइट। इसे किसी एक विधा में बांधकर नहीं देखा जा सकता है। इसे पढ़ते हुए संस्मरण, रेखाचित्र और व्यंग्य शैली में लिखे गए आत्मकथात्मक उपन्यास का आनंद एक साथ लिया जा सकता है। इसमें प्रभात ने दिल्ली के प्रतिष्ठित हिंदू कॉलेज में बिताए अपने छात्र जीवन की उन स्मृतियों को संजोया है, जिससे उस दौर में हिंदी पढ़ने और पढ़ाने वालों की हीन भावना प्रकट होती है। कहना चाहिए कि इसके बहाने लेखक ने उस सामाजिक मानसिकता को भी उजागर किया है, जो एक भाषा का जानकार होते हुए भी दूसरी प्रतिष्ठित मानी जाने वाली भाषा पर कमजोर पकड़ के कारण, पूरे व्यक्तित्व को हीनता बोध से ग्रस्त कर देती है। यह किताब हिंदी प्रेमियों, हिंदी के छात्रों, हिंदी के अध्यापकों और हिंदी साहित्यकारों को ही नहीं, हर उस व्यक्ति को भी पढ़नी चाहिए, जो हिंदी को एक भाषा के रूप में नहीं देखते बल्कि पढ़े-लिखे और संभ्रांत समाज में प्रतिष्ठित होने के लिए गैरजरूरी मानते हैं। *

पुस्तक: हिंदी मीडियम टाइट, **लेखक:** प्रभात रंजन,
मूल्य: 225 रुपए, **प्रकाशक:** राजपाल एंड संस, दिल्ली

डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने को करें साकार ALLEN RAIPUR के साथ।

ALLEN

BATCHES STARTING FROM 3rd APRIL 2025

LAST 3 DAYS LEFT

ENROLL TODAY!
Batches Starting Soon

Appear In
SPOT SCHOLARSHIP EXAM ON
31 March, 1 & 2 April
& GET UPTO
90% SCHOLARSHIP

ALLENites made history in 2024

IITs	AIIMS (MBBS)	GMCs	OLYMPIADS
4425	660	10000+	150 out of 334
ALLENites out of 17692 seats in 2024	ALLENites out of 2207 seats in 2024	ALLENites secured their seat in Govt. Medical Colleges (2024)	Selections in Indian National Olympiads (INO) 2025

EVERY 4th SUCCESS STORY IS POWERED BY ALLEN

25 AIR#1 JEE & Pre-Medical in last 15 years from classroom

Join the league of toppers

ADMISSIONS OPEN

NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads | Class 8th to 12th & 12th Pass

ASAT के लिए रजिस्टर करें और पाएं 90% तक की स्कॉलरशिप*
06 & 13 APRIL

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

For class 10th to 11th moving	For class 11th to 12th moving	For class 12th Appeared/Pass	For class 12th Appeared/Pass	For class 8th to 10th moving
NURTURE COURSE	ENTHUSIAST COURSE	LEADER COURSE	CRASH COURSE	PRE-NURTURE & CAREER FOUNDATION
JEE (Main+Adv.): 03 & 23 APRIL	JEE (Main+Adv.): 03 APRIL	JEE (Main+Adv.): 24 APRIL & 29 MAY	NEET CRASH COURSE	CLASS 8th To 10th:
NEET (UG): 03 & 23 APRIL	NEET (UG): 03 APRIL	NEET (UG): 11 APRIL & 22 MAY	26 MARCH	27 MARCH & 23 APRIL

ALLEN

ALLEN Raipur Center
89513 95440 allen.ac.in/raipur

ALLEN Kota Center
0744-3556677 allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

तरकश

संजय के. दीक्षित

2500 करोड़ वेतन और लालफीताशाही

छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों, अधिकारियों के वेतन पर हर महीने खजाने का 25 सौ करोड़ रुपए खर्च बैठता है। सूबे में इस समय 3.84 लाख राज्य शासन के कर्मचारी, अधिकारी हैं, जिनमें 2.10 लाख शिक्षक हैं। 25 सौ करोड़ महीने के हिसाब से वेतन कैलकुलेट करें तो यह साल का 30 हजार करोड़ होता है। इसके बाद भी लालफीताशाही हॉवी है, तो इससे बड़ी विडंबना क्या होगी। सिस्टम को इस पर मंथन करना चाहिए कि राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे करने के बाद भी छत्तीसगढ़ में वर्किंग कल्चर क्यों नहीं बन पाया। मध्यप्रदेश के समय राजधानी भोपाल बस्तर और सरगुजा से 900 किलोमीटर दूर था, फिर भी छत्तीसगढ़ के पटवारी, तहसीलदार और बाबू, अधिकारी उस समय निरंकुश नहीं हुए थे। स्कूल के मास्टर साहबों में इतनी स्वच्छंदता नहीं थी। बड़े लोगों के बच्चे भी सरकारी स्कूलों में पढ़ते थे। तब जिले के कलेक्टरों का रुतबा होता था। कलेक्टर जिस दिशा में निकल जाए, उस इलाके में हड़कंप मच जाता था...सरकारी ऑफिस के लोग अलर्ट हो जाते थे। हालांकि, वर्किंग कल्चर बनाने विष्णुदेव सरकार ने कोशिशें शुरू की है, मगर चीजें इतनी बिगड़ चुकी है कि सरकारी प्रयास नाकाफी प्रतीत हो रहा। इसके लिए एक मुहिम चलानी पड़ेगी। ई-ऑफिस और अफसरों की टाईम से उपस्थिति सिर्फ मंत्रालय तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। दूरदराज के गांवों के स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों में शिक्षकों और डॉक्टरों की मौजूदगी सुनिश्चित हो...टारगेट उस लेवल का रखना चाहिए। आखिर, महीने का 2500 करोड़ खर्च हो रहा वेतन पर।

ब्यूरोक्रेसी में बहादुर अली

करप्शन को लेकर देश में बदनाम हो रहे छत्तीसगढ़ कैडर से चिंतित आईएएस एसोसियेशन ने कुछ दिन पहले अफसरों की एक अहम बैठक बुलाई थी। शाम पांच बजे के बाद हुई इस बैठक को काफी गुप्त रखा गया। मीटिंग को होस्ट करते हुए अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ और ऋचा शर्मा ने चिंता जताई उसका लब्बोलुआब यह था कि इतना छोटा कैडर होने के बाद भी दो-दो आईएएस अधिकारी इस समय जेल में हैं, उसके बाद भी कई अफसर बहादुर अली बने हुए हैं। अफसरों से कहा गया कि वे देश के सबसे प्रतिष्ठित सर्विस में हैं, उन्हें इसके मान-सम्मान का खयाल रखना चाहिए। एसोसियेशन की चिंता सही है। ईडी की बड़ी कार्रवाइयों के बाद भी अफसरशाही के तौर-तरीकों में कोई बदलाव नहीं आया है। अब तो मसूरी के आईएएस एकेडमी में छत्तीसगढ़ कैडर की चर्चाएं हो रही हैं...2010 तक छत्तीसगढ़ कैडर मिलने पर अफसर नाक-भौं सिकोड़ते थे, अब प्रायरिटी देकर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। कारण आप समझ सकते हैं।

करप्शन को संरक्षण

छत्तीसगढ़ कैडर की बदनामी को लेकर आईएएस एसोसियेशन चिंतित जरूर है मगर कैडर को पथभ्रष्ट करने में उनके पूर्वजों का बड़ा हाथ है। राज्य बनने के बाद मध्यप्रदेश से छांट कर छत्तीसगढ़ को टिकाए गए अधिकांश पुराने अफसरों ने दोनों हाथ से लूटा ही, किसी अफसर का कोई मामला फंसा तो उनके लिए ढाल बनकर खड़े हो गए। राधाकृष्णन माध्यमिक शिक्षा मंडल के एकाउंट से आठ करोड़ निकाल आराम से रिटायर होकर घर चले गए। आईएएस केडीपी राव ने जीएडी को इसकी रिपोर्ट भेजी मगर आईएएस लॉबी ने डीई-डीई खेलकर आज तक कोई एक्शन नहीं होने दिया। तत्कालीन खेल सचिव एमएस मूर्ति ने क्रिकेट स्टेडियम बनाने में घोटाले के नए प्रतिमान स्थापित किए। रेणु पिल्ले की जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया। मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सारे मुख्य सचिव गांधीजी के तीन बंदर की तरह इस पर आंख मूंदे रहे। एनटीपीसी के 500 करोड़ के मुआवजा प्रकरण में रायगढ़ के तत्कालीन कलेक्टर और एसपी ने दमदारी दिखाते हुए एसडीएम को सस्पेंड कराने के साथ एफआईआर दर्ज कराया था। कई महीने तक एसडीएम फरारी में रहे। कुछ दिनों पहले सिस्टम ने उन्हें क्लीन चिट दे दिया, वो भी तब जब उस समय के रायगढ़ के कलेक्टर, एसपी इस समय बेहद पावरफुल पोजिशन में हैं। अमनपुर के भारतमाला प्रोजेक्ट में 324 करोड़ के बंदरबांट मामले में जांच रिपोर्ट छह महीने पहले आ गई थी। अक्टूबर 2024 में राजस्व विभाग ने दो पटवारियों को सस्पेंड कर मामले को दबा दिया। मीडिया में जब यह मामला उछला तो फिर दो राप्रसे अधिकारियों को निलंबित किया गया। इसमें दो आईएएस की संलिप्तता सामने आ रही है कि, जिन्होंने दलालों के साथ मिलकर जमीन खरीदी और उसके टुकड़े कर करोड़ों रुपए का मुआवजा अंदर कर लिया...फिर भी सिस्टम आंख बंद किया हुआ है।

ब्यूरोक्रेसी की कड़वी सच्चाई

ये अच्छी बात है कि आईएएस एसोसियेशन कैडर की शुचिता को लेकर गंभीर हुआ है। ऊंच-नीच देखने पर सीएम सचिवालय के अफसर आजकल फोन खड़का अफसरों को टोक दे रहे हैं। मगर ब्यूरोक्रेसी की कड़वी सच्चाई यह है कि साफ-सुथरी छबि के जो 20-25 परसेंट अफसर हैं, अपनी लाइन तो सही रखते हैं मगर भ्रष्ट अफसरों को टोकने और क्रीटिसाइज करने की बजाए उनके बचाव में उतर आते हैं...इससे अपचारियों को बल मिल जाता है। ये छत्तीसगढ़ ही नहीं, कमोवेश पूरे देश की स्थिति है। कैडर के साथियों के प्रति अति-अनुराग का ही नतीजा है कि शायद ही कोई राज्य बचा होगा, जहां के एकाध आईएएस जेल में न हों। अच्छे अधिकारियों को इस पर विचार करना चाहिए। जिसके जींस में करप्शन का वायरस घुस गया है, उन्हें तो इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि कितने साथी उनके जेल में हैं। मगर कम-से-कम नए अफसरों को सही रास्ता दिखाया जा सकता है।

ऐसे भी आईएएस

ऐसा नहीं कि छत्तीसगढ़ की पूरी ब्यूरोक्रेसी दागदार हो गई है। छत्तीसगढ़ में कुछ ऐसे आईएएस भी हैं, जिनके पास अपना स्वाभिमान है और काम भी। एक जिला पंचायत की महिला आईएएस सीईओ पानी और फसल चक्र पर ऐसा काम कर रही कि उसका जवाब नहीं। उसी तरह एक छोटे जिले के कलेक्टर एक बड़े नगर निगम में कमिश्नर रहते ऐसे बड़े-बड़े काम कर डाले कि वहां के लोग आज भी याद करते हैं। पिछली सरकार में जब ब्यूरोक्रेसी के लोग काम करने का माहौल नहीं होने का रोना रो रहे थे, तब यंग आईएएस ने बड़े लोगों का कब्जा तोड़ 40 फुट नया रोड निकाल दिया। इसके लिए उन्होंने हाई कोर्ट जाने से भी गुरेज नहीं किया। अफसर ने कई गंदे तालाबों को रमणीक स्थल बना दिया...शहर को लाइट से ऐसा रौशन किया कि रायपुर भी उसके सामने फीका पड़ जाता है। इसी तरह एक प्रमोटी कलेक्टर का ग्राउंड पर इतना तगड़ा काम है कि सरकार उसे मॉडल के तौर पर पेश कर सकती है। सिस्टम को ऐसे अफसरों की लिस्टिंग करनी चाहिए कि कौन रीयल वर्कर है और कौन कागजी? जाहिर है, काम करने वाले अफसर एक हद से अधिक जी-हुजूरी करते नहीं। और कड़वा सत्य है कि सिस्टम को चाटुकारिता पसंद होता है। मामला यही पर गड़बड़ा जाता है। इससे नुकसान राज्य का होता है।

पूर्णकालिक डीजीपी

अशोक जुनेजा के रिटायर होने के बाद सरकार ने अरुणदेव गौतम को कार्यकारी डीजीपी बना दिया है। मगर पूर्णकालिक पुलिस प्रमुख के लिए पेनल फायनल नहीं हो रहा। यूपीएससी से बार-बार क्वेरी आ जा रही। पेनल में पवनदेव, अरुणदेव गौतम और हिमांशु गौतम के साथ अब जीपी सिंह का नाम भी जुड़ गया है। जीपी सीनियरिटी में तीसरे नंबर पर हैं। याने हिमांशु से उपर। बहरहाल, सरकार को क्वेरी क्लियर कराकर जल्द पेनल मंगवानी चाहिए। क्योंकि, पूर्णकालिक डीजीपी का एक कांफिडेंस अलग होता है। हालांकि, अशोक जुनेजा 11 महीने तक कार्यकारी डीजीपी रहे थे। सितंबर 2021 में डीएम अवस्थी को हटाकर उन्हें एक्टिंग डीजीपी बनाया गया था। उसके बाद सितंबर 2022 में उनका पूर्णकालिक का आदेश हुआ। बहरहाल, अरुणदेव गौतम के लिए राहत की बात यह है कि नक्सल मोर्चे पर कामयाबी बदस्तूर जारी है। उनकी फोर्स ने 30 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मगर मैदानी इलाकों में स्थिति जस-की-तस बनी हुई है। रायपुर जहां पूरा सिस्टम बैठा है, वहां की हालत यह है कि इस हफ्ते एक महिला को इसलिए आत्महत्या करनी पड़ गई कि थाने में उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। महिला की मौत होते ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। रायपुर के एक थाने में इसी तरह की घटना और हुई। कहने का आशय यह है कि अरुणदेव को मेजर सर्जरी करनी होगी। सरकार को भी एसपी, आईजी की पोस्टिंग में उनकी राय को वेटेज देना होगा। वरना, छत्तीसगढ़ की पोलिसिंग शीर्षासन मुद्रा में बनी रहेगी।

पीएचक्यू में बदलाव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे के बाद पुलिस मुख्यालय में भी कुछ बदलाव हो सकता है। सूबे के सबसे सीनियर आईपीएस अधिकारी पवनदेव को हाउसिंग कारपोरेशन में सवा पांच साल हो गए हैं। इतना टाईम तो टीआई और डीएसपी भी एक जगह नहीं टिकते। ऑल इंडिया सर्विस के अधिकारियों के लिए तीन-चार साल का समय स्ट्रीम होता है। पांच साल से अधिक समय तक एक ही कुर्सी पर बैठने से उसकी मानसिक स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसे समझा जा सकता है। ऐसे में, लगता है सरकार पवनदेव को कोई और पोस्टिंग दे सकती है। जीपी सिंह को भी ज्वाईनिंग के बाद अभी कोई पोस्टिंग नहीं मिली। अरुणदेव गौतम को प्रदेश पुलिस का मुखिया बनाने के बाद उन्हें होमगार्ड, फायर ब्रिगेड समेत कई जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं किया गया है। एफएसएल और अभियोजन खाली पड़ा है। इससे ऐसा लगता है कि सरकार डीजीपी को अन्य दायित्वों से अलग करते हुए उन्हें पोलिसिंग पर फोकस करने का मौका देगी। वैसे, कोई डीजीपी चाहता भी नहीं कि पुलिस का सुप्रीमो बनने के बाद कोई और चार्ज उसके पास रहे। ये तो ऐसा ही हुआ कि चीफ सिकरेट्री बना दिया और साथ में एक विभाग भी थमा दिया जाए। एएन उपध्याय के साथ भी ऐसा ही हुआ था। डीजी बनाने के बाद भी उनके पास काफी समय तक प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी रही।

कलेक्टर, एसपी ट्रांसफर पर ब्रेक?

प्रधानमंत्री के दौरे के बाद सरकार तुरंत लोक सुराज अभियान का ऐलान करेगी। हो सकता है, नवरात्रि में ही इसकी घोषणा हो जाए। सचिवालय में इसकी युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। ऐसे में, कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों का ट्रांसफर लोक सुराज से पहले होगा या बाद में, सीन क्लीयर नहीं हो रहा है। वैसे, ट्रांसफर पर डिसिजन करना सीएम और उनके सचिवालय का काम है। मगर इसमें महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि ट्रांसफर की लटकी तलवार के चलते कई जिलों के कलेक्टर, एसपी काम करना लगभग बंद कर दिए हैं...उन जिलों में सिर्फ रुटीन के काम निबटाए जा रहे हैं। जाहिर है, जिन कलेक्टर्स, एसपी पर खतरे मंडरा रहे हैं, उनका काम में मन कैसे लगेगा? वे जब तक रहेंगे, सिर्फ खानापूर्ति ही होगा। सो, ट्रांसफर जितना लंबा खींचेगा, सिस्टम का उतना नुकसान होगा।

अंत में दो सवाल आपसे

1. डीजीपी अरुणदेव गौतम के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती पोलिसिंग है या कुछ और?
2. सीएस अमिताभ जैन और रिटायर डीजीपी अशोक जुनेजा में से कोई मुख्य सूचना आयुक्त बनेगा या किसी तीसरे की इंट्री होगी?

श्रीलीला भी निभाएंगी अहम भूमिका...

मुंबई। मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म 'पति पत्नी और वो' ने दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया था, वहीं समीक्षकों से भी इस फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। इस फिल्म में अनन्या पांडे, कार्तिक आर्यन और भूमि पेडनेकर की तिकड़ी नजर आई थी। 'पति पत्नी और वो' के सीक्वल का ऐलान पहले ही हो चुका है। अब खबर है कि इस फिल्म में कार्तिक की जोड़ी रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी के साथ बन सकती है। मिडे-डे की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'पति पत्नी और वो 2' में अहम भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने राशा से संपर्क किया है। खास बात यह है कि उन्होंने फिल्म की कहानी में दिलचस्पी दिखाई है और वह जल्द ही फिल्म की स्टार कास्ट में शामिल हो सकती हैं। बता दें कि राशा ने अजय देवगन की फिल्म 'आजाद' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। पति पत्नी और वो 2' में कार्तिक और राशा के साथ श्रीलीला भी नजर आएंगी। तीनों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक उत्साहित हैं।फिल्म की कहानी लिखी जा चुकी है और जल्द ही इसकी शुटिंग शुरू हो सकती है।



'सिकंदर' का नया गाना 'हम आपके...' जारी

मुंबई। काफी समय से सलमान खान फिल्म 'सिकंदर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज हो रही है। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है, जिसकी दर्शक लंबे समय से राह देख रहे हैं। यह फिल्म आज 30 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों का रुख कर रही है। अब इससे पहले निर्माताओं ने 'सिकंदर' का नया गाना 'हम आपके बिना' जारी कर दिया है, जिसे अरिजीत सिंह ने गाया है। 'सिकंदर' में सलमान की जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। नए गाने में दोनों की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गजनी' का निर्देशन कर चुके एआर मुरुगादॉस ने संभाली है। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं। 'सिकंदर' में काजल अग्रवाल, प्रतीक बब्बर और सत्यराज जैसे सितारे भी नजर आएंगे। वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन भी फिल्म का हिस्सा हैं।



केसरीः चैप्टर 2' सी शंकरन नायर बन छाए अक्षय

मुंबई। अक्षय कुमार बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जो एक साल में कई फिल्में करते हैं। पिछली बार उन्हें फिल्म 'स्काई फोर्स' में देखा गया था। अब जल्द ही अक्षय फिल्म 'केसरीः चैप्टर 2' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान करण सिंह त्यागी ने संभाली है। आर माधवन और अनन्या पांडे भी फिल्म का हिस्सा हैं। दोनों की झलक पहले ही सामने आ चुकी है। अब निर्माताओं ने 'केसरीः चैप्टर 2' अक्षय का लुक जारी कर दिया है। 'केसरीः चैप्टर 2' में अक्षय वरिष्ठ वकील सी शंकरन नायर की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में उनका धांसू अवतार दिख रहा है। अक्षय ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'एक आदमी... पूरे साम्राज्य के खिलाफ।' करण जौहर फिल्म के निर्माता हैं। 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

करण ने तेजस्वी से शादी को लेकर किया खुलासा...



नई दिल्ली। एक्टिंग की दुनिया में अपनी खास जगह बना चुके अभिनेता करण कुंद्रा ने हाल ही में खुलासा किया है कि उनका अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश के साथ अपनी शादी का क्या प्लान है। बिग बॉस 15 में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की नजदीकियां बढ़ी थी। इसके बाद से दोनों हर जगह साथ में ही स्पॉट किए गए हैं। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक्ट्रेस की मां बेटी की शादी पर रिएक्शन देते हुए नजर आ रही थीं, जिसे अब करण कुंद्रा ने एआई बताया है। उन्होंने एक न्यूज को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया है कि शादी को लेकर उनकी क्या प्लानिंग है। बता दें कि करण और तेजस्वी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं, जैसा कि तेजस्वी की मां ने हाल ही में 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के एक एपिसोड में पुष्टि की थी।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

Appointment आवश्यकता

टीचर

Required- Pragati Vidyalaya Higher Secondary School Rameshwar Nagar bhanpuri Raipur requires teachers for English medium from Nursery to 10th class for all subjects and Maths, Bio, Commerce, Arts in Higher Secondary Contact- 9754955511, 7738963592 Time- 8:00 am to 12:00 pm. (RO-3397)

Required- VR Educational Academy Higher Secondary School Kailash Nagar Birgaon Raipur requires teachers for English medium from Nursery to 10th class for all subjects and Maths, Bio, Commerce, Arts in Higher Secondary Contact- 9754955511, 7738963592 Time- 8:00 am to 12:00 pm. (RO-3396)

सिक्योरिटी गार्ड

आवश्यकता है- रोहित मेहता सिक्योरिटी एजेंसी में भूतपूर्व सैनिकों की आवश्यकता है सिक्योरिटी गार्ड के कार्य के लिए डी जी आर रेट पर सिर्फ कोरबा में ड्यूटी के इच्छित ही संपर्क करें 9109792914.(RO-A)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में आफिस कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार कॉल / मेसेज 7999847673 समय - 12 से 5 तक (आरो नं.-712)

हरिभूमि क्लासीफाईड

पेट्रोल पम्प कर्मी

आवश्यकता है- अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पम्प शंकर नगर चौक रायपुर मोबाइल 9340741230.(RO-7065)

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533.(RO-272)

आवश्यकता है- पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है।अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित सम्पर्क करें डागा पेट्रोल पम्प फाफाडीह स्टेशन रोड रायपुर मो 98109135400.(RO-314)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- फटाका दुकान में काम करने हेतु 12वी पास लड़का की आवश्यकता कता । सम्पर्क तापड़िया फटाका, नेमीं चंद गली, तेलघानी नाका चौक,रायपुर (RO-313)

आवश्यकता है- सेनेटरी हार्डवेयर दुकान में कार्य करने लड़कों की आवश्यकता है उम्र 17से 20वर्ष संपर्क : जयश्री इंटरप्राइजेज नेहरू भवन के सामने सुपेला भिलाई - 98271-06108, 96302-95106 (आरो नं.-709)

केयर टेकर

आवश्यकता है- रायपुर में कोमा पेशेंट की देखभाल हेतु पुरुष केयर टेकर चाहिए। योग्यताः 10वीं पास, अधिकतम उम्र 35 वर्ष। नर्सिंग अनुभव आवश्यक नहीं। वेतन योग्यता अनुसार, रहने की सुविधा उपलब्ध। संपर्क करें:- राकेश अग्रवाल 73, लविस्ता कॉलोनी, अमलीडीह, रायपुर 9575042804. (RO-3405)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

ड्रायवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें) सैलरी 21000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222. (RO-36)

चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित व अनुभवी नर्सिंग स्टाफ बी.एस.सी नर्सिंग, जी.एन.एम व कंप्यूटर ऑपरेटर एवं डायलिसिस टेक्निशियन एवं वार्ड बाय एवं स्वीपर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें- श्री कृष्ण हॉस्पिटल न्यू राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर - 9691631006, 9617952445. (RO-7075)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- थोक कपडे की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी अनुभवी सेल्समेन ,कंप्यूटर ऑपरेटर व हेल्पर की आवश्यकता है संपर्क समय 3 से 6 चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9425206658. (RO-7255)

ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई लोकेशन हेतु, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- 8898306907 (आरो नं.-704)

हरिभूमि क्लासीफाईड

सैलून/ऑपरेटर कार्य

आवश्यकता है- ब्यूटी पार्लर सैलून में कार्य करने हेतु अनुभवी 02 युवक एवं 02 युवतियों की आवश्यकता है। वेतन- योग्यतानुसार कार्य स्थल- शंकर नगर खम्हारडीह ऑन ओनिक्स वाटिका परिसर में स्थित है। एवं 01 कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। मों.- 9131425729, 9131425856.(RO-7072)

अकाउंन्टेंट

आवश्यकता है- अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कोहका भिलाई हेतु अकाउंटेंट की आवश्यकता है। 01 पद (Full time/ Part time), योग्यता- Tally कार्य का अनुभव। आवेदन मेल करे- agraseniti@gmail.com(आरो नं.-7170)

गोडॉऊन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- दुकान-गोदाम में काम करने हेतु 7-8 युवक- युवतियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क- अग्रवाल मार्केटिंग, दिशा कालेज के सामने, रामनगर, कोटा मेन रोड, रायपुर मो.- 9425507152.(RO-315)

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है । सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 07714092158.(RO-553)

ऑफिस कार्य

शीघ्र आवश्यकता है- इंदौर मध्यप्रदेश में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 11000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 7898882634, 7415455110.(RO-311)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान एवं साड़ी दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद, आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबरः - 9329103178.(RO-3407)

अन्य

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238. (RO-749)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - 8603301882. (RO-747)

आवश्यकता है- नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या- 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन (27500+52400) तक आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट पैनकार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309. (RO-745)

Property प्रापर्टी

मकान

मकान बेचना है- रायपुरा में 1040 वर्गफुट एवं चांगोराभाटा में 800 वर्गफुट 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया मकान बेचना है संपर्क करें मोबाइल नंबरः- 9300505421, 9993451070. (RO-3410)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

प्लाट

प्लाट बेचना है
पचपेढ़ी नाका, भैरव सोसायटी में सुधर्म विहार के बाजू, 50 फीट डबल रोड पर, प्लाट 2 नग जो 100x120 फीट = 24000 फीट बेचना है।
नरेन्द्र जैन
मो. 94252-06658

प्लॉट बेचना है - भू - स्वामी - एल.के. लड़िया सत्य विहार कॉलोनी पचेड़ा- खसरा नंबर- 894, प्लाट नंबर-E-30, 1476, E-31, 30X50 = 1476 वर्ग फुट संपर्क करें- 9424146997, 9340615973. (RO-A)

प्लॉट बेचना है - रायपुर शहर भाटागांव न्यू बस स्टैंड से काठाडीह कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता कॉलेज रोड एवं भाटागांव हरिओम नगर केसरी बगीचा में 1500 फीट 1000 आवासी नॉन आवासीय प्लाट बेचना है संपर्कः- 8962907333, 9770087084.(RO-3404)

जमीन

जमीन बेचना है- रानी सागर आरंग खसरा नंबर 643, 1/2 आधा एकड़, खरोरा रोड गांव रानी सागर तालाब के पास लगा हुआ मोबाइल नंबर- 9302267719 दलाल संपर्क ना करें (RO-7073)

For Rent किराया

किराये से - श्रीमती माया देवी साहू पति स्वर्गीय त्रिवेणी प्रसाद साहू मकान नंबर 168 त्रिलोक निवास अंबेडकर चौक त्रिलोक निवास गुढ़ियारी रायपुर मकान पटवारी हल्का नंबर 107 खसरा नंबर 449/3 रकबा 8116.50 वर्गफीट जिसके भूतल पर 3400 वर्गफीट एवं प्रथम तल पर 800 वर्गफीट पर पक्का निर्माण है पानी बिजली की सुविधा पूर्ण है अतः मकान को किराए मे स्कूल कूरियर एवं बैंक के लिए किराए मे देना है किराए में लेने के इच्छुक संपर्क करें मोबाइल नंबरः- 9300133053, 9827937801, 9303880475. (RO-3403)

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.
ADVT. Booking Time 10.30 am to 3.00 pm.
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

	(30 Days)	(60 Days)	(90 Days)
Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare
गुप्त रोगो का सफल ईलाज
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
9826038170

वैवाहिकी

वधु चाहिए
उम्र 39 वर्ष 5'-5" स्वयं का बिजनेस इंकम 20000 जाति महार हेतु वधु चाहिए पता ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर
7999764615

वधु चाहिए- अग्रवाल युवक उम्र 25 वर्ष रंग गोरा इकलौता स्वंय का घर ऊंचाई 5फीट 5" शुद्ध शाकाहारी हेतु शाकाहारी वधु चाहिए। व्यवसाय स्वयं का व्यवसाय है। जाति बंधन नही शादी मन्दिर में करना है दहेज नही चाहिए मों. 7049784336 (7067)

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि यें समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भे

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

छत्तीसगढ़
निवासियों की प्रगति एवं सशक्तिकरण हेतु
₹ 33,700 करोड़ से अधिक की
विद्युत, तेल, गैस, रेलवे, सड़क, शिक्षा और आवास से जुड़ी विकास परियोजनाओं का उपहार

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
के कर कमलों द्वारा

रविवार, 30 मार्च, 2025 | 12:30 बजे | मोहभट्ठा, बिलासपुर छत्तीसगढ़

शिलान्यास

एनटीपीसी सीपत सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, स्टेज-III (1X800 मेगावाट)
समुदायों के सशक्त भविष्य के लिए विश्वसनीय और सस्ती विद्युत आपूर्ति

विशाख रायपुर पाइपलाइन परियोजना – एचपीसीएल
कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर और सरगुजा जिलों में शहरी गैस वितरण परियोजना – बीपीसीएल
स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ाने हेतु गैस व पेट्रोलियम उत्पाद वितरण का विस्तार

7 रेलवे परियोजनाओं में अतिरिक्त ट्रैक (कुल 108 किमी)
एनएच-130डी के कोंडागांव-नारायणपुर खंड का 2 लेन के साथ पेव्ड शोल्डर उन्नयन (48 किमी)
निवासी और व्यापार के लिए सुविधाजनक, आरामदायक और तेज कनेक्टिविटी

कार्य प्रारंभ

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (2X660 मेगावाट) एससीटीपीपी स्टेज-IV कोरबा पश्चिम
औद्योगिक विकास और लोगों की प्रगति के लिए राज्य की विद्युत आपूर्ति को मजबूती

राष्ट्र को समर्पण

पश्चिमी क्षेत्र विस्तार योजना के तहत 3 पावर ट्रांसमिशन परियोजनाएँ – पीजीसीआईएल
जीवन को बेहतर बनाने और व्यवसाय विकास को गति देने के लिए निरंतर ऊर्जा प्रदान करना

3 रेलवे परियोजनाएँ – कुल 111 किमी | छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण
एनएच 43 और एनएच 930 पर 2 सड़क परियोजनाएं – कुल 112 किलोमीटर, 2 लेन के साथ पेव्ड शोल्डर
सुगम यात्रा और आर्थिक विकास के लिए स्थानीय परिवहन को समृद्ध बनाना

विद्या समीक्षा केंद्र – रायपुर
29 जिलों में 130 पीएम श्री स्कूल
छात्रों के लिए उच्च-गुणवत्ता, समग्र और समावेशी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा

गृहप्रवेश

प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण (PMAY-G) के तहत 3 लाख लाभार्थी
ग्रामीण परिवारों के लिए उचित आवास तथा स्वास्थ्य, सुरक्षा और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार

हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ (वीडियो लिंक के माध्यम से)

अभनपुर – रायपुर खंड के बीच मेमू ट्रेन सेवा (वाया मंदिर हसौद)
क्षेत्र में आवागमन की सुविधा को बढ़ावा

गरिमामयी उपस्थिति

श्री रमेन डेका
राज्यपाल, छत्तीसगढ़

श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नितिन जयराम गडकरी
केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

श्री शिवराज सिंह चौहान
केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री

श्री मनोहर लाल
केन्द्रीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री

श्री धर्मेंद्र प्रधान
केन्द्रीय शिक्षा मंत्री

श्री अश्विनी वैष्णव
केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

श्री हरदीप सिंह पुरी
केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री

श्री तोखन साहू
केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री

श्री अरूण साव
उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

DD NEWS पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

पूर्व पीएम ने लगाया 'पूर्व राजा' पर आरोप

काठमांडू से हटा कर्फ्यू, 100 से अधिक प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर शुक्रवार को हुए हिंसक प्रदर्शन में दो लोगों की मौत हो गई। हिंसा को बढ़ावा देने, निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और आगजनी करने के आरोप में पुलिस ने 105 आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया है। वे राजतंत्र की बहाली और हिंदू राज्य की मांग कर रहे थे। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष रबिंद्र मिश्र, जनरल सेक्रेटरी धवल शमशेर राणा शामिल हैं। इसके अलावा स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिंबू और संतोष तमांग जैसे राजशाही का समर्थन करने वाले कार्यकर्ता समेत 17 अन्य नेता भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रदर्शन के प्रमुख आयोजक नवराज सुबेदी को हाउस अरेस्ट में रखा गया है। वहीं, इस प्रदर्शन के चीफ कमांडर दुर्गा परसाई की तलाश की जा रही है।

नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

काठमांडू जिला पुलिस रेंज के पुलिस अधीक्षक अपिल बोहरा ने बताया कि प्रसाई अभी फरार है। अधिकारियों ने शनिवार को काठमांडू के पूर्वी हिस्से में तनाव कम होने के बाद कर्फ्यू हटा लिया।

सुवेदी कर रहे आंदोलन का नेतृत्व

आंदोलन का नेतृत्व नवराज सुवेदी कर रहे हैं। वे राज संस्था पुनर्स्थापना आंदोलन से जुड़े हुए हैं। इसका मकसद नेपाल में राजशाही को बहाल करना है। नेपाल की जनता देश में फैले भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और बार-बार सत्ता परिवर्तन से परेशान हो गई है। सुवेदी का नाम तब सुर्खियों में आया जब पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह ने उन्हें इस आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए उनका नाम आगे बढ़ाया। नवराज सुबेदी ने कहा कि हम अपनी मांगें शांतिपूर्ण तरीके से रख रहे हैं, लेकिन अगर हमें सकारात्मक जवाब नहीं मिला तो हमें प्रदर्शन तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि हमारा मकसद पूरा नहीं हो जाता।

प्रदर्शनकारियों ने लगाई आग और फेंके पत्थर

बता दें, प्रदर्शन शुक्रवार को उस समय हिंसक हो गया जब आंदोलन के संयोजक दुर्गा प्रसाई सुरक्षा बैरिकेड तोड़कर संसद भवन की ओर बढ़ गए। 40 से ज्यादा नेपाली संगठनों के प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ करने के बाद उसे आग के हवाले कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर भी फेंके, जिसके जवाब में सुरक्षाकर्मियों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

मालदा में हिंसा, 34 उपद्रवी गिरफ्तार, कई इलाकों में इंटरनेट बंद

मालदा। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद जिले के तीन इलाकों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई है। हिंसा के बाद विभिन्न इलाकों में भारी संख्या में केंद्रीय बल के जवानों की तैनाती की गई है। इलाके में बीएसएफ की टुकड़ियां गश्त कर रही हैं। घटना को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने डीएम और एसपी से 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है। साथ कोर्ट ने सावधानी बरतने की हिदायत दी है। हाईकोर्ट ने कहा हिंसा प्रभावितों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। मिली जानकारी के अनुसार हिंसा तब हुई जब, 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही।

आदिवासी कल्याण आयुक्त का कार्यालय
कल्याण काम्प्लेक्स, बलिहार रोड , मोरबादी, राँची, झारखंड

सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक-342, दिनांक-13.02.2025 के द्वारा प्रकाशित सूचना (PR संख्या-346449) के द्वारा झारखंड अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/पिछड़ी जाति/अल्पसंख्यक छात्रावास पोषण योजना 2024 के तहत कल्याण विभाग के अधीन छात्रावासों के संचालन एवं रख रखाव के लिए गैर सरकारी संस्था (सोसाईटी पंजीकरण अधिनियम 1860)/कम्पनीज एक्ट 2013/इण्डियन ट्रस्ट एक्ट के तहत पंजीकृत संस्था/राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के तहत सृजित स्वयं सहायता समूह को सूचीबद्ध करने हेतु प्रकाशित इच्छा की अभिव्यक्ति को रद्द करते हुए पुनः jharkhandtenders.gov.in पोर्टल पर निम्नानुसार विस्तृत सूचना प्राप्त की जा सकती है।

jharkhandtenders.gov.in पोर्टल पर इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) का विस्तृत प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु इच्छुक संस्था/संस्थान/ट्रस्ट/स्वयं सहायता समूह का Digital Signature का होना आवश्यक है।

SL.No	Information	Details
1	इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) प्रकाशित करने की तिथि	30-03-2025
	e-procurement portal jharkhandtenders. gov.in से EOI Download करने की तिथि	30-03-2025
2	EoI Fees	Rs.1,000/- पूर्व के प्रकाशित निविदा में जिन निविदादाताओं द्वारा EoI Fees समर्पित किया गया है वैसे निविदादाताओं को पुनः EoI Fees समर्पित करना आवश्यक नहीं है। (NRLM के तहत सृजित स्वयं सहायता समूह के लिए छूट (Exempt) रहेगी।)
2	कार्य	झारखंड अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/पिछड़ी जाति/अल्पसंख्यक छात्रावास पोषण योजना 2024 के तहत छात्रावासों के संचालन एवं रख रखाव
3	कार्य अवधि	3 वर्ष एवं अधिकतम 3 वर्ष के लिए विस्तारणीय (विभागीय संकल्प संख्या-671, दिनांक-11.03.2024 एवं संख्या-2568, दिनांक-21.09.2024 के अनुरूप)
4	Performance Bank Gurantee Deposit (PBG) (Refundable)	1. Rs. 1,00,000/- (एक लाख) का बैंक गारंटी प्रति आवंटित छात्रावास 2. चयनित गैर सरकारी संस्था को प्रत्येक आवंटित छात्रावास के लिए अलग-अलग बैंक गारंटी समर्पित करना होगा। (NRLM के तहत सृजित स्वयं सहायता समूह के लिए छूट (Exempt) रहेगी।)
5	इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) प्रस्ताव jharkhandtenders.gov.in पर Online Upload करने की अंतिम तिथि	21-04-2025 शाम 6.00 बजे तक
6	इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) प्रस्ताव खोलने का स्थान	आदिवासी कल्याण आयुक्त का कार्यालय, द्वितीय तल, कल्याण कॉम्प्लेक्स,बलिहार रोड, मोरबादी, राँची।
7	प्रस्ताव खुलने का दिन एवं समय	22.04.2025. को अपराहन 12:30 बजे।

PR-349587

(Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department)

आदिवासी कल्याण आयुक्त

जयपुर में बवाल, सड़कें जाम बाजार बंद, पुलिस का पहरा

एजेंसी ▶▶ जयपुर

जयपुर में प्रताप नगर के वीर तेजाजी मंदिर में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मूर्ति क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद विहिप और बजरंग दल समेत श्रद्धालुओं ने टोंक रोड पर जाम कर दिया। सांगानेर इलाके में शुक्रवार देर रात असामाजिक तत्वों ने मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

देखते ही देखते टोंक रोड पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। सुबह से ही

वीर तेजाजी की मूर्ति से छेड़छाड़

श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह घटना एक सुनियोजित साजिश के तहत धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए की गई है, इसलिए कठोर कार्रवाई की जाए।

आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: बेनीवाल

घटना की गंभीरता को देखते हुए जयपुर के कई प्रमुख नेता घटनास्थल पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। नेताओं ने कहा कि यह केवल धार्मिक स्थल पर हमला नहीं है, बल्कि समाज में अशांति फैलाने की एक सोची-समझी चाल है। उन्होंने राज्य सरकार से इस मामले की न्यायिक जांच करवाने और दोषियों को जल्द से जल्द सजा देने की मांग की।

बांग्लादेश में शेख हसीना समेत 73 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

ढाका। बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम शेख हसीना के खिलाफ ढाका के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पुलिस ने मामला दर्ज कराया है। शेख हसीना के अलावा 72 अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। इन सभी पर बांग्लादेश में गृह युद्ध भड़काने और मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश रचने का आरोप है। सत्ता से बेदखल होने के बाद से ही पूर्व पीएम हसीना पर सामूहिक हत्या और भ्रष्टाचार समेत 100 से अधिक मामले दर्ज हो चुके हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने अंतरिम सरकार को गिराने की साजिश के आरोप में ढाका के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश पर मामला दर्ज किया है।

आंबेडकर पार्क से तुवन चौराहा होकर कलेक्ट्रेट कूच किया

आगरा। सांसद रामजीलाल सुमन के आगरा स्थित आवास पर 26 मार्च को करणी सेना के पदाधिकारियों द्वारा आवास सहित उनकी गाड़ियों को निशाना बनाया गया। सांसद के परिजनों पर हमला किया गया था। जिसके विरोध में समाजवादी पार्टी एकजुटता के साथ शनिवार को सड़क पर उतरी। बाबा साहेब आंबेडकर पार्क में सपा नेताओं के जुटने का सिलसिला शुरू हुआ। यहां भारी संख्या में प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी पहुंचे। इस दौरान पुलिस कर्मियों से सपाइयों की नोकझोंक भी हुई। बाद में सपा जिलाध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शन को आगे बढ़ने की अनुमति दी गई। सपाइयों ने तुवन चौराहा होते कलेक्ट्रेट में कूच किया। जहां सपाई पुलिस के घेरे में रहे। सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजे गया।

स्वास्थ्य विभाग की जांच में खुलासा

केरल में 1 सुई के इस्तेमाल से 10 एचआईवी पॉजिटिव

एजेंसी ▶▶ मलप्पुरम

केरल के मलप्पुरम जिले के वलंचेरी नगर पालिका क्षेत्र से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां 10 लोगों के एचआईवी पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है। इन सभी को एक ही सुई से इंजेक्शन लगाया गया था। संक्रमित व्यक्तियों में 3 अन्य राज्यों के प्रवासी श्रमिक हैं, जबकि 7 केरल के निवासी हैं। स्वास्थ्य विभाग की जांच में पता चला ये सभी नशीली दवाओं का सेवन करने के आदी थे और एक ही इंजेक्शन का बार-बार उपयोग करने से संक्रमित हो गए।

सभी संक्रमित नशे के थे आदी

स्वास्थ्य विभाग की प्रारंभिक जांच के अनुसार सभी संक्रमित नशे के आदी थे। इनमें से एक व्यक्ति पहले से ही संक्रमित था। उसी द्वारा इस्तेमाल की गई सिरिंज को अन्य 9 व्यक्तियों ने भी नशे के लिए इस्तेमाल किया, जिससे संक्रमण फैल गया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सभी 10 संक्रमित व्यक्तियों को निगरानी में रखा गया है।

करदाता कृपया ध्यान दें !

इस वित्तीय वर्ष में अब तक 32 लाख से अधिक करदाताओं ने अपना अपडेटेड आयकर रिटर्न दाखिल कर दिया है

आप भी निर्धारण वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए 31.03.2025 तक अपडेटेड रिटर्न आईटीआर-यू में दाखिल कर सकते हैं|

अपडेटेड रिटर्न दाखिल किया जा सकता है:

- यदि मूल रिटर्न दाखिल नहीं किया गया है।
- यदि विलंबित रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा समाप्त हो चुकी है।
- यदि मूल रिटर्न में संशोधन करना है क्योंकि आय सही तरीके से घोषित नहीं की गई थी।
- यदि आय का गलत शीर्ष चुना गया था या गलत दर पर कर का भुगतान किया गया था।
- यदि गलत कटौतियों/छूटों का दावा किया है।
- यदि कैरी फॉरवर्ड लॉस या अनअवशोधित डिप्रिसियेशन या MAT/AMT क्रेडिट में रिडक्शन अपेक्षित है।
- यदि किसी विशेष कटौती/छूटों के दावे को लेकर कोई आधिकारिक कम्युनिकेशन प्राप्त हुआ है और आपके पास उपयुक्त स्पष्टीकरण/प्रमाण उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण कर योग्य आय में वृद्धि हो रही है।

यदि आप 31.03.2025 तक आईटीआर-यू दाखिल करते हैं	अतिरिक्त कर की देय राशि
निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए	कुल कर और ब्याज का 50% देय
निर्धारण वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए	कुल कर और ब्याज का 25% देय
यदि आप 31.03.2025 के बाद निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए आईटीआर-यू दाखिल करते हैं	कुल कर और ब्याज का 50% देय

अधिक जानकारी और पात्रता शर्तों के लिए आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 139 (8A) और 140B (3) देखें।

देरी न करें, और अपना अपडेटेड आयकर रिटर्न आज ही दाखिल करें!

आयकर विभाग
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड
अधिक जानकारी के लिए www.incometax.gov.in पर जाएं

ई-ब्रोशर के लिए क्यूआर कोड स्क्रीन करें

cbc 15401/13/0023/2425

@incometaxindiaofficial @incometaxindia.official @IncomeTaxIndia @IncomeTaxIndia @IncomeTaxIndia.Official

चांदी कर सकती है पौबारह निवेश कर उठा लें फायदा

विदेश में मजबूत रुख के बीच स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की लगातार खरीदारी से सोना और चांदी के दाम रोज नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। अभी चांदी की कीमत एक लाख रुपये किलो के आसपास है। हालांकि यह 1,00,400 रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर को छू चुकी है। जानकारों का कहना है कि इस साल चांदी की कीमतें 1.8 लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक जा सकती हैं। ऐसे में चांदी में निवेश करना फायदेमंद हो सकता है। इस साल चांदी के दाम में अब तक करीब 14000 रुपये की बढ़त देखने को मिल चुकी है। जानकारों का कहना है कि इसकी कीमत में आगे भी तेजी देखने को मिल सकती है। साल के आखिर चांदी 1 लाख 8 हजार या 1 लाख 12 हजार किलो तक जा सकती है। ऐसे में अगर आप चांदी में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं तो सिल्वर ईटीएफ सही ऑप्शन हो सकता है। सिल्वर ईटीएफ के जरिए आप शेयर की ही तरह चांदी में भी निवेश कर सकते हैं। बीते 1 साल में इसने 34% तक का रिटर्न दिया है।

बिजनेस साइट

नाबार्ड छत्तीसगढ़ ने 2025-26 के लिए राज्य ऋण संगोष्ठी आयोजित की कृषि और ग्रामीण विकास पर जोर

रायपुर। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय ने शनिवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए होटल बेबालॉन में राज्य ऋण संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप उपस्थित थे। उन्होंने नाबार्ड को राज्य में किसानों की सहायता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए बधाई दी और राज्य में कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए उनकी पहलों को सराहा। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेंद्र मणि ने इस दौरान 2025-26 के लिए कुल 1.18 लाख करोड़ रुपये की ऋण क्षमता का अनुमान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस ऋण क्षमता का 58.8% एमएसएमई और 33.4% कृषि क्षेत्रों के लिए निर्धारित किया गया है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने राज्य में बुनियादी ढांचे, विकास और प्रोत्साहन गतिविधियों के क्षेत्र में नाबार्ड द्वारा की गई पहलों को रेखांकित किया। राज्य ऋण संगोष्ठी में आईजीकेवी के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल, विशेष सचिव वित्त शीतल शाश्वत वर्मा, पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा, महाप्रबंधक आरबीआई मोहन रावत, जीएम एसबीआई मनोज कुमार, एपेक्स बैंक के एमडी के. एन कांडे सहित, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष विनोद अरोड़ा सहित सभी बैंकों एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धकों, एलडीएम, केवीके के वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

पैसा सिर्फ जमा करने से नहीं बढ़ता, उसे निवेश करना सीखो, सही जगह लगाया गया पैसा और पैसा पैदा करता है

पैसा 'सोने' की तरह नहीं बीज की तरह रखो, सही जगह निवेश करो

आजकल हर कोई अमीर बनना चाहता है उसके लिए लगातार प्रयास भी करता है, लेकिन दिग्गज निवेशकों का कहना है कि आप सिर्फ मेहनत मजदूरी या सिर्फ नौकरी से ही अमीर नहीं बन सकते। अमीर बनने के लिए पैसे को सही जगह निवेश करना सीखो और रिस्क लो। एक कहावत भी है कि पैसे को 'सोने' की तरह नहीं 'बीज' की तरह रखो, यानी सही जगह निवेश करो। तभी पैसे बढ़ेगा। पैसा कमाने से ज्यादा उसे बढ़ाना जरूरी है। यह बात बिल्कुल सही भी है, क्योंकि पैसा सिर्फ जमा करने से नहीं बढ़ता, उसे निवेश करना सीखना बेहद जरूरी है। निवेश किया गया पैसा आपको भविष्य में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए पैसे से पैसा कमाओ, तभी आप अमीर बन पाओगे। हालांकि निवेश करने से पहले अपनी रिस्क क्षमता और अपने लक्ष्यों को जांच लें, इसके बाद ही निवेश करें। इसके अलावा, निवेश करने से पहले अच्छी तरह से शोध करें और अपने वित्तीय सलाहकार से परामर्श करें। हमेशा कोशिश करें कि निवेश लंबी अवधि के लिए हो। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और चक्रवृद्धि ब्याज का लाभ मिलेगा। सही जगह लगाया गया पैसा और पैसा पैदा करता है। हर रुपया आपका एक सिपाही है जो और सैनिक लाने की क्षमता रखता है। अगर पैसे को काम पर नहीं लगाया, तो वह खत्म हो जाएगा और आप गरीब के गरीब ही रह जाएंगे।

पैसा कमाने के ये तरीके सबसे पॉपुलर

ऑनलाइन

1. **फ्रीलांसिंग:** अपनी क्षमताओं का उपयोग करके फ्रीलांसिंग प्लेटफॉर्म्स पर काम करें।
2. **ब्लॉगिंग:** अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करने के लिए एक ब्लॉग बनाएं।
3. **यूट्यूब:** वीडियो बनाकर यूट्यूब पर पैसे कमाएं।
4. **ऑनलाइन ट्यूशन:** अपने विषय में महारत हासिल करने वाले छात्रों को ऑनलाइन ट्यूशन दें।
5. **ई-कॉमर्स:** अपना ऑनलाइन स्टोर बनाकर उत्पाद बेचें।

ऑफलाइन

1. **फोटोग्राफी:** अपनी फोटोग्राफी क्षमताओं का उपयोग करके शादियों, समारोहों और अन्य आयोजनों में फोटोग्राफी सेवाएं प्रदान करें।
2. **कोचिंग या ट्यूशन:** अपने विषय में महारत हासिल करने वाले छात्रों को ऑफलाइन ट्यूशन दें।
3. **हस्तशिल्प:** अपने हाथों से बनाए गए उत्पादों को बेचें।
4. **कैटरिंग:** अपनी खाना पकाने की क्षमताओं का उपयोग करके कैटरिंग सेवाएं प्रदान करें।
5. **इवेंट प्लानिंग:** समारोहों और आयोजनों के लिए इवेंट प्लानिंग सेवाएं प्रदान करें।

अन्य तरीके

1. **शेयर मार्केट :** शेयर मार्केट में निवेश करके पैसे कमाएं।
2. **म्यूचुअल फंड :** म्यूचुअल फंड में निवेश करके पैसे कमाएं।
3. **रियल एस्टेट :** रियल एस्टेट में निवेश करके पैसे कमाएं।
4. **पेट सिटिंग :** पालतू जानवरों की देखभाल करके पैसे कमाएं।
5. **हाउस सिटिंग :** घरों की देखभाल करके पैसे कमाएं।
6. गोल्ड या अन्य धातुओं में निवेश करके भी पैसे कमा सकते हैं।

पैसे बढ़ाने के तरीके भी बेहद कामयाब

बचत और निवेश

1. **नियमित बचत :** हर महीने एक निश्चित राशि बचाएं।
2. **निवेश :** अपनी बचत को निवेश करें, जैसे कि शेयर मार्केट, म्यूचुअल फंड, या रियल एस्टेट।
3. **ब्याज दर :** उच्च ब्याज दर वाले खातों में अपनी बचत रखें।

आय बढ़ाना

1. **नौकरी में वृद्धि :** अपनी नौकरी में वृद्धि के लिए काम करें।
2. **फ्रीलांसिंग :** अपनी क्षमताओं का उपयोग करके फ्रीलांसिंग करें।
3. **व्यवसाय शुरू करना :** अपना खुद का व्यवसाय शुरू करें।

खर्च कम करना

1. **बजट बनाएं :** अपने खर्च के लिए एक बजट बनाएं।
2. **अनावश्यक खर्च कम करें :** अनावश्यक खर्चों को कम करें।
3. **बचत योजना बनाएं :** एक बचत योजना बनाएं और उसका पालन करें।

शिक्षा और कौशल

1. **शिक्षा :** अपनी शिक्षा में सुधार करें।
2. **कौशल विकास :** अपने कौशल में सुधार करें।
3. **प्रमाणीकरण :** अपने कौशल के लिए प्रमाणीकरण प्राप्त करें।

केनरा बैंक Canara Bank — रायपुर, फूल चौक शाखा (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
श्रीमती श्वेता चौधरी, मार्फत- अनुराग चंद्रा, सी-131, सेक्टर-1, शासकीय स्कूल के पास, कमल विहार, रायपुर, रायपुर - 492001 **श्री अनुराग,** सी-131, सेक्टर-1, शासकीय स्कूल के पास, कमल विहार, रायपुर, रायपुर - 492001	**शीर्षक धारक का नाम- श्रीमती श्वेता चौधरी पत्नी श्री अनुराग,** खसरा नं. 225 का भाग, प.ह.नं. 71, नगर विकास योजना क्र. 04 (कमल विहार) सेक्टर 01, आरडीए प्लॉट नंबर सी-131, ग्राम- बोरियाखुर्द, आरआईसी-रायपुर 14, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.) नगर निगम सीमा वार्ड नं. 52, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, कडिका नं. 11, बोरियाखुर्द (पुराना धमतरी रोड) के अंतर्गत। क्षेत्रफल- 1042 वर्ग फीट या 96.875 वर्ग मीटर में स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग व अंश। **चौहद्दीः उत्तर-** प्लॉट नं. सी-130, **दक्षिण-** प्लॉट नं. सी-132, **पूर्व-** प्लॉट नं. सी-137, **पश्चिम-** सड़क।	HOUSING LOAN ₹ 47,64,000.00 25.03.2025 से वसूल देय धनराशि ₹ 47,66,906.91 एनपीए तिथि 11.03.2025

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्त्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक, रायपुर, फूल चौक शाखा (छ.ग.)** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना तामीली के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 29.03.2024 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

भूकंप से तहस-नहस म्यांमार, थाईलैंड में चल रहे राहत कार्य

रुकती नहीं ज़िंदगी...

बड़ी संख्या में हुआ है जान-ओ-माल का नुकसान

म्यांमार के मांडले में क्षतिग्रस्त इमारत के पास से गुजरते मोटर चालक। म्यांमार और उसके पड़ोसी देश थाईलैंड में शुक्रवार को भीषण भूकंप बड़ी संख्या में जान-ओ-माल का नुकसान हुआ है। कई निजी, सरकारी इमारतें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं जबकि बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। शनिवार को भी म्यांमार में क्षतिग्रस्त इमारतों के मलबे से और शव निकाले जा रहे हैं। राजधानी नेपीता में शनिवार को क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए कर्मचारी काम कर रहे थे, जबकि शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली, फोन और इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। इधर, थाईलैंड में भी काफी तबाही हुई है। राजधानी बैंकॉक समेत कई इलाकों में राहत कार्य चलाए जा रहे हैं। राजधानी के लोकप्रिय चतुचक बाजार के निकट एक निर्माण स्थल पर काफी तबाही हुई है। भूकंप के बाद कई टन मलबे को हटाने के लिए शनिवार को और अधिक भारी उपकरण लाए गए।



मांडले, म्यांमार में क्षतिग्रस्त इमारत के पास से गुजरते लोग।

नेपीडॉ के अस्पताल में खून से लथपथ महिला।

बैंकॉक में रोता हुआ श्रमिक।

बैंकॉक में थाई बचावकर्मी घायल निर्माण श्रमिक को स्ट्रेचर पर ले जाते हुए।

नेपीडॉ, म्यांमार में अस्पताल ले जाती हुई पीड़ित महिला।

बैंकाक स्थित सरकारी अस्पताल के परिसर में पीड़ित लोग।

सीजेआई की मंजूरी बिना जज वर्मा पर एफआईआर नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर कथित तौर पर मिली नकदी का मामला इस समय पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों की जांच समिति का गठन किया है। इस मामले पर अब केंद्रीय गृह अमित शाह की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि पैनल के फैसले का इंतजार करना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'हमारी न्यायिक प्रणाली में जब ऐसे सवाल उठते हैं, तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार जजों की एक समिति फैसला करेगी और फिर निष्कर्ष सार्वजनिक किए जाएंगे। मेरा मानना है कि हमें समिति के फैसले का इंतजार करना चाहिए।' अमित शाह ने आगे कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने मामले का संज्ञान लिया है और एक समिति गठित की है। एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में शाह ने कहा, 'एक समिति गठित की गई है और वे जांच कर रहे हैं। वे दिल्ली पुलिस और फायर डिपार्टमेंट से दस्तावेज मांग रहे हैं।

तीन सदस्यों की समिति ने बयान किए दर्ज

शुक्रवार को जस्टिस ए एस ओका की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि इंटरनल जांच पूरी होने के बाद अगर जरूरत हो तो मुख्य न्यायाधीश एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दे सकते हैं। जस्टिस वर्मा के आवास पर नकदी मिलने की जांच कर रही तीन सदस्यों की समिति ने अब तक पांच पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए हैं। समिति ने जस्टिस वर्मा के तीन सुरक्षाकर्मियों, दिल्ली फायर डिपार्टमेंट चीफ अतुल गर्ग और तीन फायर सर्विस के कर्मचारियों के बयान भी दर्ज किए हैं। बुधवार दोपहर को पैनल के निर्देशों का पालन करते हुए डीसीपी देवेश कुमार महला ने आग लगने वाले स्टोररूम को सील कर दिया।

साइबर ठगों ने क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर 50 लाख लूटा

डिजिटल अरेस्ट से घबराए बुजुर्ग दंपती ने दी जान

एजेंसी ▶▶ बंगलुरू

साइबर ठगों ने देशभर में बड़ा जाल बिछा दिया है। जालसाज रोज नए तरीकों से लोगों के खाते खाली कर रहे हैं। शनिवार (29 मार्च) को कर्नाटक के बेलगावी में दुखद घटना हुई। ठगों ने क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर बुजुर्ग दंपती को झांसे में लिया। डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख रुपए लूट लिए।

धमकियों और ठगी से परेशान दंपती ने घर में आत्महत्या कर ली। 83 साल के दियांगो नजारत ने गला काटकर जान देदी। उनकी पत्नी प्लेव्याना नजारत (79) ने जहर खाकर खुदकुशी की। घटना स्थल पर मिले सुसाइड नोट से मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने बताया कि दंपती महाराष्ट्र सचिवालय में कार्यरत थे। दोनों सेवानिवृत्त हो चुके थे। दोनों की कोई संतान या करीबी रिश्तेदार नहीं थे। वे डर और शर्मिंदगी के कारण किसी को अपनी परेशानी नहीं बता सके।

कर्नाटक से आई दुखद घटना

सुसाइड नोट से खुलासा

दोनों की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। घटना स्थल पर मिले सुसाइड नोट से मामले का खुलासा हुआ। सुसाइड नोट में ठगी की सारी जानकारी दी है। पुलिस को दंपती के मोबाइल फोन में भी साइबर ठगी के सबूत मिले हैं। पुलिस बैंक खातों की जांच कर रही है। ठगों की ओर से वसूली गई कुल रकम का पता लगाया जा रहा है। सुसाइड नोट के आधार पर सुमित बिर्रा और अनिल यादव के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और साइबर ठगी का मामला दर्ज किया गया है।

यह है मामला

बेलगावी निवासी दियांगो नजारत (83) और उनकी पत्नी प्लेव्याना नजारत (79) को सुमित बिर्रा नामक साइबर ठग ने दिल्ली के टेलिकॉम विभाग और क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर वीडियो कॉल किया। ठग ने दंपती से कहा कि उनके नाम पर फर्जी सिम कार्ड जारी हुआ है। सिम कार्ड अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है। बुजुर्ग दंपती डर गए। ठगों ने दंपती को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। बुजुर्ग से उनकी संपत्ति और वित्तीय जानकारी मांग ली। घबराहट में आकर दियांगो ने ठगों को 50 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी धमकियां मिलती रहीं और और ज्यादा पैसों की मांग की गई। धमकियों और ठगी से परेशान होकर बुजुर्ग दंपती ने घर में आत्महत्या कर ली।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
www.cghb.gov.in
आवासीय भवन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
ONLINE BOOKING ➡ BOOK PROPERTY ONLINE
आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2025

चांदनी चौक, जगदलपुर, रिडेव्हलपमेंट योजना (2 बी. एच. के.) (ब्लॉक ए.)

क्रं	उपलब्ध भवनों का प्रकार	निर्मित क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
1	पंचम तल (ए-30, ए-31)	934.61	34.40	3.50
2	द्वितीय तल (ए-12, 13)	923.63	35.05	3.44
3	तृतीय तल (ए-15,18, 20)	923.63	34.75	3.51
4	चतुर्थ तल (ए-25 से 28)	923.63	34.45	3.48
5	पंचम तल (ए-29, 32 से 35)	923.63	34.15	3.45

सम्पर्क सूत्र - 8965051588, 9827107575, 9993335774

चांदनी चौक, जगदलपुर, रिडेव्हलपमेंट योजना (3 बी. एच. के.) (ब्लॉक बी.)

क्रं	उपलब्ध भवनों का प्रकार	निर्मित क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
1	चतुर्थ तल (बी-25)	1263.00	44.70	4.47
2	पंचम तल (बी 3 से 39)	1263.00	44.40	4.44

सम्पर्क सूत्र - 8965051588, 9827107575, 9993335774

चांदनी चौक, जगदलपुर, रिडेव्हलपमेंट योजना (2 बी. एच. के.) (ब्लॉक सी.)

क्रं	उपलब्ध भवनों का प्रकार	निर्मित क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
1	द्वितीय तल (सी-14)	940.74	35.60	3.56
2	तृतीय तल (सी-22 से 24)	940.74	35.30	3.53
3	चतुर्थ तल (सी-30 से 32)	940.74	35.00	3.50
4	पंचम तल (सी-38 से 40)	940.74	34.70	3.47
5	षष्ठम तल (सी-46 से 48)	940.74	34.40	3.44
6	द्वितीय तल (सी-10, सी-13)	934.61	35.45	3.55
7	तृतीय तल (सी-18, सी-21)	934.61	35.15	3.52
8	चतुर्थ तल (सी-26, सी-29)	934.61	34.85	3.49
9	पंचम तल (सी-34, सी-37)	934.61	34.55	3.46
10	षष्ठम तल (सी-42, सी-45)	934.61	34.25	3.43
11	द्वितीय तल (सी-9, 11, 12)	923.63	35.30	3.53
12	तृतीय तल (सी-17, 19, 20)	923.63	35.00	3.50
13	चतुर्थ तल (सी-25, 27, 28)	923.63	34.70	3.47
14	पंचम तल (सी-33, 35, 36)	923.63	34.40	3.44
15	षष्ठम तल (सी-41, 43, 44)	923.63	34.10	3.41

सम्पर्क सूत्र - 8965051588, 9827107575, 9993335774

पंडरीपानी, अटल विहार योजना, जगदलपुर

क्रं	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भुखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	कुर्सी क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
1	एच. आई. जी. डुप्लेक्स (स्वतंत्र)	2603.00	2080.87	72.00	7.20
2	सिनि. एम. आई. जी. (स्वतंत्र)	2042.00	1537.49	52.31	5.23
3	एच. आई. जी. फ्लैट(3 बी.एच.के.)	-	1288.08	34.39	3.44
4	एम. आई. जी. फ्लैट(2 बी.एच.के.)	-	949.57	24.45	2.45
5	एल. आई. जी. फ्लैट(2 बी.एच.के.)	-	656.36	16.36	0.50
6	ई. डब्ल्यू. एस. फ्लैट(1 बी.एच.के.)	-	386.07	6.94	0.25

सम्पर्क सूत्र - 8965051588, 9827107575, 9993335774

गीदम, दंतेवाड़ा, सामान्य आवास योजना

क्रं	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भुखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	कुर्सी क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
1	एल. आई. जी. - I	899.75	574.80	14.07	0.50
2	एल. आई. जी. - II	899.75	455.04	11.34	0.50
3	ई. डब्ल्यू. एस. - I	564.15	404.57	9.39	0.25
4	ई. डब्ल्यू. एस. - II	564.15	314.83	6.51	0.25

सम्पर्क सूत्र - 6260052655, 8817738900, 9644303087, 8815717332, 9407979151, 9926887809

मरारपारा, कोंडागांव, अटल विहार योजना

क्रं	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भुखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	कुर्सी क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
1	एल. आई. जी. (स्वतंत्र)	1032.96	592.34	20.81	0.50

सम्पर्क सूत्र - 8109135551, 7697192220, 8319110750

कराठी, जिला-भानुप्रतापपुर, अटल आवास योजना

क्रं	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भुखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	कुर्सी क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
1	ई. डब्ल्यू. एस. (स्वतंत्र)	560.00	354.64	6.75	0.25

सम्पर्क सूत्र - 8109135551, 7697192220, 8319110750

नियम एवं शर्तें - 1. फोर्स राशि ऑनलाईन पेमेंट गेटवे के माध्यम से डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यू.पी.आई., आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी., द्वारा जमा किया जा सकता है 2. भवनों का ऑफसेट मुल्य से अधिक ऑफर प्रत्येक ई डिस्ट्रिक्ट में प्राप्त किया जाएगा जिन डिजाईनर्स द्वारा फर्नीचर हेतु चालान के माध्यम से आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी. का विकल्प चयन किया जाएगा, उन्हें एक अतिरिक्त डिस्काउंट कार्य दिवस भुगतान हेतु प्रदान किया जाएगा। तदुपरांत आगामी कार्य दिवस में ऑफर खोला जाएगा। 3. अवकाश होने की स्थिति में ऑफर अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। 3. ऑफर स्वीकृति पश्चात निर्धारित समयावधि में शेष वित्त की राशि जमा नहीं करने पर फोरफेट राशि जब्तशुदा घर की जाएगी। 4. प्रदर्शित भवनों के वर्तमान मूल्य स्टैंडर्ड है, डेटा लेबलेशन, कलर तथा एलिविएशन भुखंड की स्थिति में मूल्य भिन्नानुसार अधिक होंगे, भवनों के तात्कालिक मूल्य सुविधा पोर्टल से देखी जा सकती है 5. ऑनलाईन ऑफर आवेदन केवल मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है। 6. अन्य नियम एवं शर्तें आवेदन पत्र में उल्लेख अनुसार मान्य होगा 7. ऑफर जानकारी हेतु संबंधित फ्रंट ऑफिसर्स, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र से सम्पर्क करें या वेबसाईट पर मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in

सबके घर की आस, सबके लिए आवास, छ.ग. गृह निर्माण मंडल पर सबका विश्वास BOOK PROPERTY ONLINE

अधिक जानकारी के लिये क्लीक करें

टोल फ्री नं. 1800 121 6313

जस्टिस निर्मल यादव को 17 साल बाद बड़ी राहत

15 लाख रु. की रिश्वत मामले में सीबीआई कोर्ट ने किया 'बरी'

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

उनके लिए लिफाफा एक अन्य जस्टिस निर्मलजीत कौर के आवास पर पहुंचाया गया था

चंडीगढ़ की एक स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने शनिवार को रिटायर जस्टिस निर्मल यादव को 2008 के एक मामले में बरी कर दिया। इसमें कथित तौर पर उनके लिए 15 लाख रुपए की नकदी से भरा एक पैकेट एक अन्य जस्टिस निर्मलजीत कौर के आवास पर पहुंचाया गया था। जस्टिस यादव उस समय पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की जज थीं।

स्पेशल कोर्ट ऑफ एडिशनल सेशन जज अलका मलिक ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। इतना ही नहीं इस मामले में अन्य आरोपियों रविंदर सिंह भसीन, राजीव गुप्ता और निर्मल सिंह को भी बरी कर दिया गया।

जस्टिस यादव ने अपने आखिरी बयान में कहा था कि मैंने कोई अपराध नहीं किया है और पूरे मुकदमे के दौरान मेरे खिलाफ कोई भी ऐसा आरोप नहीं मिला है जिससे मुझे दोषी ठहराया जा सके। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 84 गवाहों का हवाला दिया, लेकिन केवल 69 की ही जांच की गई।

कॉमेडियन कामरा के खिलाफ महाराष्ट्र में तीन और एफआईआर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एकनाथ शिंदे की शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ तीन और एफआईआर दर्ज कराई है। शिवसेना के ये कार्यकर्ता एक शो के दौरान शिंदे पर की गई कामरा की कथित अपमानजनक टिप्पणी से नाराज हैं। ये तीनों मामले महाराष्ट्र के अलग-अलग इलाकों में दर्ज किए गए हैं। इन मामलों को आगे की जांच के लिए मुंबई के खार पुलिस स्टेशन को भेज दिए गए हैं। खार पुलिस पहले से ही कामरा के खिलाफ दर्ज मामले की जांच कर रही है। ये एफआईआर मयूर बोर्से नासिक के मनमाड, संजय भुजबल ने बुलढाणा के जलगांव जामोद में और सुनील जाधव ने नासिक के नांदगांव मनमाड में दर्ज कराई है।

जय अंबे गौरी मैया जय श्यामा गौरी...

देश के ये भी बड़े देवी माता मंदिर: नवरात्रि पर दर्शन मात्र से मुरादें हो जाती हैं पूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में कई प्रसिद्ध और प्राचीन देवी मंदिर हैं, जहां दर्शन के लिए केवल देश ही नहीं विदेशों से भी हिंदू भक्त पहुंचते हैं। भारत के उत्तर में कटड़ा में माता वैष्णो देवी माता का मंदिर है, वहीं दक्षिण में चामुंडेश्वरी मंदिर और मदुरै का मीनाक्षी मंदिर है। इसके साथ देश में 52 शक्तिपीठ भी हैं, जहां मनवांछित फलों की प्राप्ति होती है। रविवार से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो रही है।

इस दौरान मां दुर्गा के 9 रूपों की हर दिन पूजा होती है। पूरे देश भर के देवी मंदिरों में इस दौरान छटा देखने योग्य होती है। कहा जाता है कि यहां दर्शन मात्र से प्राणी की मुरादें पूरी हो जाती है। देशभर में कई प्रसिद्ध और प्राचीन देवी मंदिर हैं, जहां दर्शन के लिए केवल देश ही नहीं विदेशों से भी हिंदू भक्त पहुंचते हैं। भारत के उत्तर में कटड़ा में माता वैष्णो देवी माता का मंदिर है, वहीं दक्षिण में चामुंडेश्वरी मंदिर और मदुरै का मीनाक्षी मंदिर है। इसके अलावा 52 शक्तिपीठ भी हैं।

वैष्णो देवी मंदिर, कटड़ा

जम्मू-कश्मीर के कटड़ा में वैष्णो देवी का मंदिर है। इसे भारत का सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय मंदिर माना जाता है। नवरात्रि में यहां का नजारा देखते ही बनता है। माता के दर्शन को भक्तों को पैदल यात्रा करनी होती है। अब हेलीकॉप्टर सेवा और घोड़े व पालकी की व्यवस्था भी है। हर साल यहां लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

कामाख्या देवी मंदिर, गुवाहाटी

असम राज्य के गुवाहाटी में कामाख्या देवी मंदिर स्थित है। यह मंदिर 52 शक्तिपीठों में से एक है। यहां माता सती का योनि भाग गिरा था। इस मंदिर को तंत्र साधना का प्रमुख केंद्र माना जाता है। नवरात्रि के समय यहां विशेष पूजा-अर्चना होती है। देवी के दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्त आते हैं।

हरसिद्धि मंदिर, उज्जैन

मध्य प्रदेश के उज्जैन में भी शक्तिपीठ है, जिसका नाम हरसिद्धि माता मंदिर है। इसे देश के प्रमुख शक्ति पीठों में गिना जाता है। यहां माता सती की कोहनी गिरी थी। नवरात्रि के दौरान यहां विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। मां काली की भव्य आरती भक्तों को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव देती है।

अन्नपूर्णा मंदिर, वाराणसी

भगवान शिव की नगरी काशी में माता अन्नपूर्णा का मंदिर है जो कि देवी पार्वती का प्रमुख स्थल है। यह मंदिर भक्तों को सुख-समृद्धि और अन्न-धन का आशीर्वाद देने वाला माना जाता है। नवरात्रि में यहां भव्य पूजा और भंडारे का आयोजन किया जाता है।

अंबाजी मंदिर, गुजरात

गुजरात के बनासकांठा में अंबाजी मंदिर स्थित है। इस मंदिर को 52 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। मान्यता है कि यहां माता सती का हृदय गिरा था। यह मंदिर बिना किसी मूर्ति के पूजनीय है, क्योंकि यहां केवल श्री यंत्रकी पूजा की जाती है। मान्यता है कि यहां भगवान श्रीकृष्ण का मुंडन संस्कार संपन्न हुआ था।

जैकेट के शेष

जारी है नक्सलियों ....

हथियार और गोला बारूद बरामद हुए हैं। **87 दिन में 117 हार्डकोर माओवादी मारे गए** : वर्ष 2025 में बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध माओवादी विरोधी अभियान में 87 दिनों में कुल 117 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किए गए। उल्लेखनीय है कि सुकमा जिले में वर्ष 2025 में विभिन्न मुठभेड़ों के बाद कुल 22 नक्सली शव बरामद किए गए थे। **मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर** : बीजापुर। जिले के बासागुड़ा इलाके के टेकमेटला और नरसापुर के घने जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। सूत्रों के मुताबिक डीआरजी और कोबरा 210 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर नरसापुर टेकामेटला की ओर निकली थी। इस दौरान सुरक्षा बल के जवानों और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर किया गया है।

खौफ में नक्सली, लड़ाकों ....

यह भय सता रहा है कि गांव में मिलने जाने से पुलिस या गिरफ्तार कर लेगी या भय के चलते समर्पण कर देगें। इसे देखते हुए नक्सलियों के गांव जाने पर पाबंदी लगा दी गई है। इसका खुलासा नक्सलियों के डेरे से बरामद तेलगू गोंडी व अन्य भाषाओं में लिखे पत्रों से हुआ है जो शीर्ष नक्सलियों द्वारा अलग अलग कमेटी के लिए जारी किया गया है।

शीर्ष माओवादी व स्थानीय कैडरों ....

प्रतिबंधित माओवादी नेतृत्व न केवल मूल आबादी के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है बल्कि अपने स्वयं के स्थानीय संवर्गों से भी विश्वासघात कर रहा है। हाल के गंभीर झटकों से डरे हुए शीर्ष माओवादी नेताओं और स्थानीय कैडरों के बीच विश्वास की भारी कमी है। माओवादी नेताओं के असली और क्रूर चेहरे को महसूस करने के बाद ग्रामीण अब सगठन में शामिल नहीं हो रहे है वहीं लोकल कैडर संगठन में रहने की बजाए समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो रहे है। -सुंदरराज पी आईजी बस्तर।

बिलासपुर के कारीगरों .....

कारीगरों से आकर्षक लाइटिंग का काम कराया गया है। मंदिर मार्ग की सीढ़ियों से लेकर रास्ते में ऊपर मंदिर में रंग-बिरंगी एलईडी लाइट की सजावट विशेष रहेगी। इसके अलावा नीचे मंदिर में भी फूलों से सजावट कराई जा रही है। इस बार भी हर वर्ष की तरह प्रदेश के साथ ही देशभर एवं विदेश से भी भक्तों ने मंदिर में मनोकामना ज्योत रखने के लिए बुकिंग की है। मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार लगभग साढ़े सात हजार मनोकामना ज्योत बम्लेश्वरी मंदिर में रखी जाएगी।

फार्म हाउस के ....

ने शनिवार सुबह डोंगरगढ़ के करवारी-लतमर्रा जानी वाली कच्ची सड़क में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में दबिश दी, जहां छापामार कारवाई के दौरान 3888 बल्क लीटर शराब के साथ-साथ अवैध बाटलिंग यूनिट का पर्दाफाश हुआ। फार्म हाउस के तल घर के नीचे पुलिस को सैकड़ों खाली शीशी मिली। जिसमें कोई स्टीगर नहीं लगा था। गोवा व्हीस्की का स्टीगर 180 एमएल शीशी में लगाने वाली व एक बंडल सील का रोल भी मौके पर बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि तल घर में अवैध बाटलिंग यूनिट का संचालन किया जा रहा था। मौके पर जो सामान बरामद किए गए हैं, उससे यह स्पष्ट है कि वहां दीगर राज्यों से शराब को लाकर खाली शीशी में छग का लेबल और सील लगाकर उसे अवैध रूप से बेचने का काम किया जा रहा था।

0 3888 बल्क लीटर शराब जब्त : डोंगरगढ़ टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि फार्म हाउस में अवैध बाटलिंग यूनिट के साथ-साथ मध्यप्रदेश की 3888 बल्क लीटर शराब भी जब्त की गई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विविध कार्य हेतु ई–निविदा सूचना

क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-09-25-26, दिनांकः 20.03.2025

कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता /पूर्व/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत चिन्हित स्थानों पर हैवी ड्यूटी हाईट गेजों का प्रावधान। **निविदा मूल्य (रू.): 76,35,056/-, अमानत राशि (रू.): 1,52,700/-, कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.सं. (2) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-10-25-26, दिनांकः 20.03.2025

कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता /पूर्व/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत मेन लाइन में मुख्य पुल संख्या 46 डाउन एवं 54 अप तथा ब्रांच लाइन में मुख्य पुल संख्या 63 अप एवं 63 डाउन पर सीएफआरपी (कार्बन फाइबर प्रबलित पॉलीमर) प्रदान करके टूटे हुए खंभो को मजबूत करना। **निविदा मूल्य (रू.): 6,96,85,983/-, अमानत राशि (रू.): 4,98,400/-, कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह। **निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः** दिनांक **31.03.2025** से, **निविदा जमा की अंतिम तिथिः** दिनांक **14.04.2025** के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)

सीपीआर/10/581 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विविध इंजीनियरिंग कार्य हेतु निविदा सूचना

क्रम सं. (1) ई–निविदा संख्या : **DRM-ENGG-BSP-T-11-25-26.** दिनांक **24/03/2025.** कार्य : सहायक मंडल अभियंता/पेंड्रा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत खोडरी से खोंगसरा के बीच घाट सेक्शन में पुल संख्या 62के डाउन, 61के डाउन, 60के डाउन, 51ए अप, 51के डाउन, 50के डाउन, 50ए अप, 49ए डाउन, 48सीके अप, 48बी अप, 48ए अप, 48के अप, 48के डाउन, 42के डाउन, 41के अप, 41के डाउन, 57के डाउन, 57के अप, 56के डाउन, 44ए डाउन, 44सी डाउन, 44डी डाउन, और 44के डाउन में फर्श, ब्लास्ट रिटेनर, निरीक्षण सीढ़ियां विंग वॉल एवं अन्य सुरक्षा कार्य में उन्नयन। **निविदा मूल्यः ₹ 9,26,61,762.30/-। अमानत राशिः ₹ 6,13,300.00/-। कार्य पूर्णता की अवधि : 12 माह।**

क्रम सं. (2) ई–निविदा संख्या : **DRM-ENGG-BSP-T-12-25-26.** दिनांक **24/03/2025.** कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आरजीएम साइडिंग के शेष कार्य का निर्माण और उसलापुर में 12 बेस्तरों वाले आरपीएफ महिला एस्कॉर्ट बैरक का निर्माण। **निविदा मूल्यः ₹ 1,93,88,896.94/-। अमानत राशिः ₹ 2,47,000.00/-। कार्य पूर्णता की अवधि : 12 माह।**

निविदा जमा करने की आरंभ तिथि : दिनांक **07.04.2025** **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :** दिनांक **21.04.2025** के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभियंता)

सीपीआर/10/583 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

पेज एक के शेष

सिर्फ नींबू पानी पीकर...

गए हैं। इसके साथ ही 1200 से अधिक लोगों के भोजन, नास्ते और पानी की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए अलग से मोहभट्ठा मैदान में मेस बनाया गया है। आज 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि शुरू हो रही है। नवरात्रि के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिलासपुर के मोहभट्ठा पहुंच रहे हैं। इससे पहले वे नागपुर में सभा लेंगे और दोपहर 3 बजे के करीब बिलासपुर पहुंचेंगे। बिलासपुर में पीएम मोदी करीब एक घंटे तक रहेंगे। इसके लिए उनके भोजन आदि की व्यवस्था में अधिकारी जुट गए थे। इसके लिए एक बड़े होटल को तैयार रहने भी कहा गया था। मीनू फाइनल होना, इससे पहले ही जानकारी मिल गई कि 30 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्रि में पूरे 9 दिन पीएम श्री मोदी उपवास रहेंगे। आनन-फानन में सब कैंसिल करते हुए जानकारी ली गई तो मालूम पड़ा कि उपवास के दौरान पीएम मोदी सिर्फ नींबू पानी पीते हैं। यह भी जानकारी मिली की पिछले करीब 45 साल से पीएम नरेन्द्र मोदी नवरात्रि का व्रत रखते हैं।

सभास्थल और मंच को भगवा रंग से सजाया गया : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर दौरे पर रहेंगे। यहां बिल्हा ब्लॉक के मोहभट्टा में उनकी जनसभा होगी, जिसकी तैयारी अंतिम दौर पर है। एसपीजी की टीम ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभास्थल और आसपास के इलाकों को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रोटोकॉल के मुताबिक सभास्थल के पीछे वीवीआईपी लांज के साथ ही पीएम सचिवालय भी बनाया गया है। वहीं, सभास्थल और मंच को भगवा रंग से सजाया गया है। पीएम मोदी यहां एक घंटा रहेंगे। दरअसल जिस दिन पीएम मोदी की बिलासपुर में जनसभा होगी, उस दिन नवरात्र पर्व का पहला दिन है। साथ ही हिंदू नववर्ष की प्रतिपदा तिथि होगी। यही वजह है कि पीएम मोदी के मंच को भगवा रंग से सजाया जा रहा है। इसके साथ ही सभास्थल और आसपास भगवा रंग का पंडाल बनाया गया है।

नवरात्रि के 9 दिनों में...

सुशांत शुक्ला के मुताबिक उपवास के दौरान विदेश यात्रा का कार्यक्रम हो तो वहां भी वह उपवास नहीं तोड़ते और न ही उनकी ऊर्जा में कोई कमी दिखती है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान मोदी ने नवरात्रि के 9 दिनों में 13 राज्यों को छान डाला था। 22 हजार किलोमीटर का सफर किया और 23 रैलियों को संबोधित किया। उस समय चैत्र नवरात्रि के दौरान चुनाव प्रचार चरम पर था।

प्रधानमंत्री मोदी मोहभट्ठा...

विष्णुदेव साय, केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव व विजय शर्मा सहित प्रमुख भाजपा नेता उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री की सभा की तैयारी के संबंध में सभा स्थल मोहभट्ठा में कार्यक्रम के प्रभारी उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला भी उपस्थित रहे। श्री साव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकास परब में मुख्य अतिथि के रूप में 33 हजार 700 करोड़ रुपए से अधिक के कई विकास परियोजनाओं आधारशिला, उद्घाटन, संचालन राज्य, राष्ट्र को समर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि यह प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम है, पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर उत्साह है। सभा में करीब 2 लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है उसके अनुसार तैयारी की गई है। 55 एकड़ के मैदान में सभा के लिए पांच डोम तैयार किए गए हैं। 6 एकड़ में 9 जगहों पर अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल को 75 सेक्टरों में बांटा गया है और बड़ी संख्या में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल यूनिट की भी व्यवस्था सहित पेयजल आदि की व्यवस्था की गई है।

प्रधानमंत्री देशभर में बिजली क्षेत्र में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अनुरूप, सस्ती और विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने और छत्तीसगढ़ को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। वे बिलासपुर जिले में स्थित एनटीपीसी की सीपत सुपर थर्मल पावर परियोजना चरण- III (1x800एमडब्ल्यू) की आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत 9,790 करोड़ रुपये से अधिक है। यह पिट हेड परियोजना उच्च बिजली उत्पादन दक्षता के साथ अत्याधुनिक अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित है। वे छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) की 15,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पहली सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना (2X660एमडब्ल्यू) के कार्य की शुरुआत करेंगे। इसके साथ ही पश्चिमी क्षेत्र विस्तार योजना (डब्ल्यूआरईएस) के तहत 560 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पावरग्रिड की तीन विद्युत पारेषण परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

गैस वितरण परियोजना की रखेंगे आधारशिला : प्रधानमंत्री श्री मोदी भारत के शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्यों, वायु प्रदूषण में कमी लाने और स्वच्छ ऊर्जा समाधान प्रदान करने के अनुरूप, प्रधानमंत्री कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर और सरगुजा जिलों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सिटी गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इसमें 200 किलोमीटर से अधिक हाई प्रेशर पाइपलाइन और 800 किलोमीटर से अधिक एमडीपीई (मीडियम डेंसिटी पॉलीइथिलीन) पाइपलाइन और 1,285 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई सीएनजी डिस्पेंसिंग आउटलेट शामिल हैं। वह हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 540 किलोमीटर लंबी विशाख-रायपुर पाइप लाइन परियोजना की भी आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत 2210 करोड़ रुपये से अधिक होगी।

सात रेल परियोजनाओं की आधारशिला : पीएम मोदी क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 108 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली सात रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इसी तरह 2,690 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 111 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली तीन रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे मंदिर हसौद के माध्यम से अमनपुर-रायपुर खंड में मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ में भारतीय रेलवे के रेल नेटवर्क के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। ये परियोजनाएं भीड़भाड़ को कम करेंगी, कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी और पूरे क्षेत्र में सामाजिक तथा आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी।

शिक्षा के क्षेत्र में ये काम : सभी के लिए शिक्षा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री दो प्रमुख शैक्षिक पहलों को समर्पित करेंगे जिनमें राज्य के 29 जिलों में 130 पीएम श्री स्कूल और रायपुर में विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) शामिल हैं। पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना के तहत 130 स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा। ये स्कूल अच्छी तरह से संरचित बुनियादी ढांचे, स्मार्ट बोर्ड, आधुनिक प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में मदद करेंगे। रायपुर में वीएसके विभिन्न शिक्षा संबंधी सरकारी योजनाओं की ऑनलाइन निगरानी और डेटा विश्लेषण को सक्षम करेगा।

तीन लाख लाभार्थियों का गृह प्रवेश : ग्रामीण परिवारों के लिए उचित आवास तक पहुंच सुनिश्चित करने और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करने की प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 3 लाख लाभार्थियों का गृह प्रवेश होगा। कार्यक्रम दौरान प्रधानमंत्री इस योजना के तहत कुछ लाभार्थियों को चाबियां सौंपेंगे।

चुनाव से पहले मोदी...

की थी। उसे 70 लाख महिलाओं को हर माह दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ आए और प्रचार में चुनावी वादों को पूरा करने की गारंटी दी थी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद सीएम साय ने किसानों के लिए जो वादा किया था, उसे पूरा किया।

पीएससी की सीबीबाई जांच : चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से ऐलान किया था कि पीएससी परीक्षा में युवाओं के साथ की गई धोखाधड़ी की सीबीआई जांच कराकर दोषी लोगों को जेल भेजा जाएगा। वह वादा भी सीबीआई जांच की घोषणा कर सरकार ने पूरा किया है। मामले में जांच के बाद पीएससी अध्यक्ष और कुछ अन्य लोगों को मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

वर्चस्व की लड़ाई को...

में पाली भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह ठाकुर भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि 6 माह पूर्व भी कोल ट्रांसपोर्टर रोहित जायसवाल और रोशन सिंह ठाकुर के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी। इस दौरान भी दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। लंबे समय से दोनों कोल ट्रांसपोर्टरों में अच्छे ग्रेड के कोयले के उठाव को लेकर रंजिश चली आ रही थी। हालांकि पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हो गया था। इसके बाद 28 मार्च की रात 10.30 बजे ट्रांसपोर्टर रोहित जायसवाल अपने तीन साथियों के साथ एसईसीएल के सरईपाली बुड़बुड़ खदान में कोयला लोड करने पहुंचा था तभी आरोपी रोशन सिंह ठाकुर भी अपने भाई और भांजे सहित अन्य साथियों के साथ हथियार से लैस होकर मौके पर पहुंचा। जिसके बाद रौशन सिंह ठाकुर गेट के सामने विवाद शुरू कर दिया। देखते देखते विवाद इतना बढ़ा कि रोशन सिंह ने रोहित को पीटना शुरू कर दिया। वारदात के बाद उसके साथियों ने भी रोहित पर हमला बोल दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल रोहित को उसके साथियों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पाली में तनाव : ट्रांसपोर्टर रोहित की हत्या के बाद पाली में आक्रोश फैल गया। आक्रोशित लोगों ने देर रात जमकर बवाल किया। आक्रोशित भीड़ ने कई वाहनों में तोड़फोड़ की। हत्या के मुख्य आरोपी के वाहन को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले में 16 लोगों के खिलाफ नामजद अपराध दर्ज किया है। जिनमें रोशन सिंह ठाकुर, गौरव सिंह ठाकुर, वासु ठाकुर, सौरभ श्रीवास, सुशांत ठाकुर उर्फ सीजू, संस्कार ठाकुर, मोंटी कश्यप, मुकेश श्रीवास, सुनील सागर, प्रभात दुबे, निलेश सिंह राज, कैलाश कैवर्त, अनिल मरावी उर्फ छोटू, मयंक सिंह ठाकुर, सूरज पासवान, सुरेंद्र सिंह चौहान शामिल हैं। मामले में एसईसीएल के सब एरिया मैनेजर सुरेंद्र सिंह चौहान के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। वहीं हत्या के मुख्य आरोपी पाली भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन ठाकुर व उसके भाई व भांजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बांकी आरोपियों ने खुद थाने में आकर सरेंडर कर दिया है। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस ने चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात कर दिया है।

थाना प्रभारी...

सिंह को तत्काल लाइन अटैच कर दिया है। दर्री थाना संभाल रहे राजेश तिवारी को पाली का थानेदार बनाया है। दर्री थाना का प्रभार निरीक्षक ललित चन्द्रा को दिया गया है।

IFFDC इण्डीयन फार्म फोरेस्ट्री डवलपमेंट को-ऑपरेटीव लि.

एच.आई.जी. 2/191, अरविन्द विहार, बागमुगालिया, पानी की टंकी के पास, भोपाल (म.प्र.)

दिनांक : 28.03.2025

निविदा सूचना

आई.एफ.एफ.डी.सी. महानदी सीड्स एवं जैविक कृषि उत्पादक कल्याण समिति, जिला धमतरी (छ.ग.) से ट्रांसपोर्टर के माध्यम से वर्ष 2025 के दौरान धान बीज का परिवहन कार्य म.प्र.एवं छ.ग के विभिन्न जिलों की सेवा सहकारी समितियों एवं आई.एफ.एफ.डी.सी. कृषक सेवा केन्द्रों पर किया जाना है। आई.एफ.एफ.डी.सी. परिवहन कार्य करने हेतु परिवहनकर्ताओं से मोहरबंद निविदाएँ आमंत्रित करती है निविदा फार्म आई.एफ.एफ.डी.सी. कार्यालय, एच.आई.जी. 2/191, अरविन्द विहार, बागमुगालिया, भोपाल (म.प्र.) से कार्यालीन दिवस में दिनांक 16.04.2025 शाम 05 बजे तक प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म, धरोहर राशि के डिमांड ड्राफ्ट के साथ आई.एफ.एफ.डी.सी. कार्यालय, भोपाल में दिनांक 17.04.2025 समय दोपहर 12.00 तक जमा की जा सकती है। दिनांक 17.04.2025 को दोपहर 1.00 बजे भोपाल कार्यालय में टेक्नीकल बिड्स् खोली जायेगी तथा मानक पार्टियों की प्राइस बिड्स् दिनांक 17.04.2025 को दोपहर 04 बजे पार्टियों के समक्ष खोली जायेगी। आई.एफ.एफ.डी.सी. के पास निविदा/निविदाओं को अस्वीकार/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

परियोजना प्रबंधक

कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर, जिला - गरियाबंद (छ.ग.)

Phone No. 07701-296340, Email Id-cmofingeshwar@gmail.com

क्रमांक / 2770 / न.पं./ लो नि.शा. / 2024-25 फिंगेश्वर दिनांक 28.03.2025

दावा आपत्ति आमंत्रण सूचना

अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्रमांक /09 / सूडा / PMAY-U 2.0 / 2024-25 / 8794 दिनांक 13.03.2025 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 सबके लिये आवास मिशन BLC घटक अंतर्गत स्वयं की भूमि पर काबिज हितग्राहियों को निर्धारित दिशा-निर्देश अनुसार कट-ऑफ तिथि दिनांक 31 अगस्त 2024 के पूर्व काबिज हितग्राहियों के आवेदन पत्रों पर नगर पंचायत फिंगेश्वर द्वारा हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर सर्वेक्षणकर्ता द्वारा सत्यापन किया जाकर डी. पी. आर. पट्टा / पंजीकृत भूमि का कुल 12 हितग्राहियों की प्रथम सूची तैयार की गई है। (सूची संलग्न है)। उक्त हितग्राही का काबिज विवाद मुक्त होने पर उक्त हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया जाना।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को प्रकाशित सूची में किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर नगर पंचायत फिंगेश्वर कार्यालय जिला - गरियाबंद (छ. ग.) में उपस्थित होकर लिखित में दस्तावेज आपत्ति दर्ज करायी जा सकती है। उक्त तिथि उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। सूचना जाने

संलग्न :- उपरोक्तानुसार हितग्राहियों की सूची

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत फिंगेश्वर

कार्यालय नगरपालिका परिषद् कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक / 2337/लो.नि.वि/न.पा.प/2025 कांकेर, दिनांक 28/3/2025

दावा आपत्ति आमंत्रण सूचना

छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक/7540/7241/2024/18 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 13.11.2024 प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अन्तर्गत हितग्राहियों के आवेदन पत्रों पर नगरपालिका कांकेर द्वारा हितग्राहियों से आवेदन पत्र प्राप्त कर गठित सर्वेक्षण टीम द्वारा सत्यापन किया गया एवं डी.पी.आर. पट्टा धारियों का कुल 9 प्रथम सूची तैयार की गई है। सूची संलग्न है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को प्रकाशित सूची में किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सात दिवस के भीतर नगरपालिका कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज आपत्ति दर्ज करायी जा सकती है। उक्त तिथि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सूचना जाने।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार सूची।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद कांकेर

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

// सर्व संबंधित को सूचना //

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा- संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स श्री राधे शक्ति स्पंज एण्ड पॉवर प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम - चांपा एवं कोटा, तहसील - तिल्दा, जिला - रायपुर (छ.ग.) में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड परियोजना के तहत् DRI based Steel plant to produce Sponge Iron - 2,45,000 TPA (350 TPD x 2 Nos.), Mild Steel Billets - 2,74,400 TPA, Rolled Steel Products - 2,66,168 TPA (through Hot Charging - 2,01,684 and thru BRF (based on Coal Gasifier) -64,484 TPA, SAF - 9 MVA x 2 Nos. to produce SiMn - 34,000 TPA and/or FeMn- 43,000 TPA and/or Fesi - 19,000 TPA and/or Pig Iron - 68,000 TPA), Captive Power of- 25 MW (16 MW through WHRB and 9 MW through FBC) and Fly Ash Bricks - 39,800 TPA के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् लोक सुनवाई दिनांक 21/02/2025 को प्रातः 11:00 बजे से स्थल - ग्राम चांपा, तहसील - तिल्दा, जिला - रायपुर (छ.ग) स्थित परियोजना स्थल के प्रस्तावित रिक्त भूमि खसरा क्रमांक 429/1 में नियत किये जाने की सूचना दी गई थी। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर (छ.ग) का ज्ञापन क्रमांक 120/अ.जि.द./एस.डब्ल्यू/2025 रायपुर, दिनांक 18/02/2025 के द्वारा परियोजना प्रस्तावक के आवेदन तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये पूर्व नियत लोक सुनवाई दिनांक 21.02.2025 को स्थगित किया गया था। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर (छ.ग.) का पत्र क्रमांक 172/अ.जि.द./एस.डब्ल्यू/2025 रायपुर, दिनांक 21/03/2025 द्वारा विषयांकित परियोजना की **लोक सुनवाई दिनांक 16/04/2025 को प्रातः 11:00 बजे से स्थल - ग्राम चांपा, तहसील- तिल्दा, जिला - रायपुर (छ.ग.) स्थित परियोजना स्थल के प्रस्तावित रिक्त भूमि खसरा क्रमांक 429/1 में नियत की गई है।** शेष सभी नियम व शर्ते पूर्व प्रकाशित सूचनानुसार रहेंगी तथा ड्राफ्ट ईआई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा तथा सी.डी. (सॉफ्ट कॉपी) का अवलोकन / पठन पूर्व प्रकाशित सूचनानुसार उल्लेखित कार्यालयों में किया जा सकता है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)



छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल

www.cghb.gov.in

आवासीय भवन एवं दुकान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

ONLINE BOOKING → BOOK PROPERTY ONLINE

श्री डी. पी. धौड़ाई, भा.प्र.से., प्रबन्ध संचालक, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, रायपुर

आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2025

नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-30

क्रं	उपलब्ध दुकान का प्रकार	भुखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	कुर्सी क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	अनुमोदित मूल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
1	टाईप बी. दुकान	-	162.80	4.73	0.48
2	टाईप ए. दुकान	-	164.09	4.76	0.48

सम्पर्क सूत्र - 9827158516, 9926479902, 7697777082, 9893763349, 9575029157, 9407622877, 7999815734, 9479219397

धरमजयगढ़, जिला-रायगढ़, अटल विहार योजना

क्रं	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भुखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	कुर्सी क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
1	सिनि. एम. आई. जी.	2041.71	1051.79	35.97	3.60
2	जुनि. एम. आई. जी.	1507.75	756.32	26.06	2.70
3	एल. आई. जी.	1032.96	636.23	16.96	0.50
4	ई. डब्ल्यू. एस.	435.78	312.04	7.71	0.25

सम्पर्क सूत्र - 9406123193, 8349236080, 9589454538, 6263833066

गोढ़ी, तमनार, जिला-रायगढ़, सामान्य आवास योजना

क्रं	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भुखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	कुर्सी क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
1	एल. आई. जी.	900.00	489.25	13.10	0.50
2	ई. डब्ल्यू. एस.	538.00	367.45	7.66	0.25

सम्पर्क सूत्र - 9406123193, 8349236080, 9589454538, 6263833066

राजीव नगर, खरसिया, जिला-रायगढ़, सामान्य आवास योजना

क्रं	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भुखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	कुर्सी क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
1	ई. डब्ल्यू. एस.	435.78	317.42	4.81	0.25

सम्पर्क सूत्र - 9406123193, 8349236080, 9589454538, 6263833066

पोटियाडीह, जिला-धमतरी, अटल विहार

धोनी की गजब रफ्तार, 0.12 के बाद अब 0.16 सेकंड से किया स्टंपिंग

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में टीम के लगातार दूसरे मैच में विकेट के पीछे अपनी तेजी से सभी को चौंकाया। पहले मैच में धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सूर्यकुमार यादव को महज 0.12 सेकंड जबकि पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फिल साल्ट को सिर्फ 0.16 सेकंड में गिल्लियां बिखेर कर स्टंप आउट कर दिया। शुक्रवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर यह मुकाबला खेला गया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके के खिलाफ आरसीबी ने तेज शुरुआत की। सॉल्ट और कोहली ने पांच ओवर खत्म होने से पहले ही 45 रन जोड़ लिए थे। हालांकि, उसे सॉल्ट के रूप में पहला झटका लगा। धोनी ने एक बार फिर बिजली की रफ्तार से स्टंप किया और सॉल्ट को चौंका दिया। सॉल्ट 16 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 32 रन बनाकर आउट हुए।

चंद सेकंड में किया आउट

नूर की गुगली पर सॉल्ट ने शॉट लगाने की कोशिश की, लेकिन वह चूक गए और धोनी ने जल्दी से स्टंप किया। धोनी की अपील पर अंपायर ने तीसरे अंपायर का इशारा किया। टीवी रिव्यू में दिखा कि सॉल्ट का पैर क्रीज की लाइन पर था, लेकिन जब धोनी ने गेंद विकेट में हिट की तब सॉल्ट का पैर हवा में था जिस कारण वह आउट करार दिए गए। उन्होंने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। धोनी विकेट के पीछे अपनी फुर्ती के लिए जाने जाते हैं और आईपीएल 2025 में सीएसके के लगातार दूसरे मुकाबले में धोनी का जलवा देखने मिला है।

मुंबई के खिलाफ भी दिखाई थी फुर्ती

43 साल के धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सीएसके के पिछले मुकाबले में भी विकेट के पीछे गजब की फुर्ती दिखाई थी। धोनी ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऐसा कारनामा किया था जिससे फैंस को उनके पुराने दिनों की याद आ गई थी। धोनी ने मुंबई की पारी के 11वें ओवर में सूर्यकुमार यादव को 0.12 सेकंड में स्टंप आउट किया और सभी को चौंका दिया था। मुंबई की पारी के दौरान जब नूर अहमद गेंदबाजी कर रहे थे तो उन्होंने सूर्यकुमार को गुगली डाली। सूर्यकुमार गेंद मिस कर बैठे, लेकिन विकेट के पीछे खड़े धोनी ने उन्हें स्टंप करने में जरा भी देर नहीं लगाई। धोनी की फुर्ती का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता था कि उन्होंने 0.12 सेकेंड में ही सूर्यकुमार को स्टंप किया था।

खास खबर

10 गुना बेहतर है आरसीबी टीम का संतुलन : एबीडि

चेन्नई। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शानदार शुरुआत को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डि विलियर्स का मानना है कि उम्दा शुरुआत से आगे आसीबी का काम आसान हो जाएगा। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर सत्रह साल बाद हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी के लिए खेल चुके डिविलियर्स ने अपने पॉडकास्ट 'एबी डिविलियर्स 360' में कहा, 'इस बार आरसीबी टीम का संतुलन पिछले सत्रों से दस गुना बेहतर है। पिछले साल आईपीएल नीलामी के समय मैने कहा था कि आरसीबी को संतुलन की जरूरत है। यह गेंदबाजों, बल्लेबाजों या क्षेत्ररक्षकों को लेकर नहीं था। यह आईपीएल टीमों और विकल्पों में अच्छे संतुलन को लेकर था।'

कमतर नहीं आंकें, टीम में काफी आक्रामकता

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इन आलोचनाओं को खारिज किया कि उनकी टीम की शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए। उन्होंने कहा कि चेन्नई टीम में काफी आक्रामकता है और कोई उन्हें कमतर आंकने की गलती नहीं करे। पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई को शुक्रवार को आरसीबी ने 50 रन से हराया। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, 'इसके क्या मायने हैं, मेरी शैली का क्रिकेट क्या है। पहला मैच जीतना, यही सही तरीका है। हमारे भीतर काफी आक्रामकता है। मैं यह प्रश्न समझा नहीं।'

सनराइजर्स के खिलाफ खास रणनीति : निगम

विशाखापत्तनम। दिल्ली कैपिटल्स के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला विपराज निगम ने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजी क्रम को जिस तरह लखनऊ सुपर जाइंट्स ने परेशान किया, उसे देखकर उनकी टीम ने भी इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खास रणनीति बनाई है। सनराइजर्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में छह विकेट पर 286 रन बनाये थे लेकिन दूसरे मैच में लखनऊ ने उसे 200 रन भी पार नहीं करने दिए। लखनऊ को एक विकेट से हराने वाली दिल्ली की टीम का सामना रविवार को सनराइजर्स से होगा। पिछले मैच में बल्ले और गेंद से चमकने वाले निगम टीम की तैयारियों को लेकर आश्वस्त हैं।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
बेंगलोर	2	2	0	4
लखनऊ	2	1	1	2
गुजरात	2	1	1	2
पंजाब	1	1	0	2
दिल्ली	1	1	0	2
हैदराबाद	2	1	1	2
कोलकाता	2	1	1	2
चेन्नई	2	1	1	2
मुंबई	2	0	2	0
राजस्थान	2	0	2	0

ऑरेंज कैप

निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप

नूर अहमद
07 विकेट
चेन्नई

खबर संक्षेप

फ्रीस्टाइल पहलवानों के लिए मुश्किलभरा दिन

अम्मान। सुजीत कलकल को छोड़कर भारत के अन्य पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवानों को शनिवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में पहली बाधा पार करने में भी संघर्ष करना पड़ा। तीन भारतीय पहलवानों को रेपेचेज के जरिए अपनी दावेदारी के लिए इंतजार करना होगा। सुजीत ने 65 किग्रा वर्ग में शानदार शुरुआत करते हुए फलस्तीन के अब्दुल्ला असफ को तकनीकी दक्षता से हराया लेकिन वह जापान के काइसेई तनाबे के डिफेंस को नहीं भेद सके।

मुंबई इंडियंस की लगातार दूसरी हार गुजरात टाइटंस ने दर्ज की पहली जीत

सुदर्शन ने गिल के साथ की 78 रन की साझेदारी

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस को 36 रन से हराकर मौजूदा सत्र की पहली जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस की दो मैच में यह दूसरी हार है।टाइटंस के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस की टीम छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी। टाइटंस ने साई सुदर्शन की 63 रन की पारी तथा कप्तान शुभमन गिल (38) के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 78 और जोस बटलर (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 196 रन बनाए।

शीर्ष तीन बल्लेबाजों के अलावा गुजरात के अन्य बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए जूझना पड़ा और सिर्फ शेरफेन रदरफोर्ड (18) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। मुंबई की ओर से कप्तान हार्दिक पंड्या सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 29 रन देकर दो विकेट चटकाए। ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान और सत्यनारायण राजू को एक-एक विकेट मिला। गुजरात ने अहमदाबाद में मुंबई को लगातार चौथे मैच में हराया है।

अहमदाबाद में गिल के 1000 रन पूरे

शुभमन गिल को अहमदाबाद का यह मैदान कितना रास आता है, यह किसी के छुपा नहीं है। इस मैदान पर गिल ने हर प्रारूप में शतक लगाया है। शनिवार को चाहर के ओवर में चौके के साथ ही शुभमन गिल ने इस मैदान पर 1000 आईपीएल रन भी पूरे कर लिए। गिल ने 20 पारियों में इस आंकड़े को छुआ। सबसे कम पारियों में एक मैदान पर 1000 रन का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में 19 पारियों में एक हजार रन बनाए थे।

हार्दिक की वापसी

मैच में मुंबई के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या की वापसी हुई और उन्होंने गेंद से कमाल दिखाया। हार्दिक ने विरोधी कप्तान शुभमन गिल और शाहरुख खान का विकेट लिया। हार्दिक ने शाहरुख को वाइड गेंद फेंकी और शाहरुख बाउंड्री पर खड़े तिलक वर्मा के हाथों में शॉट मार बैठे। हार्दिक की अनुपस्थिति में पिछले मैच में सूर्यकुमार यादव ने टीम की कप्तानी की थी और मुंबई को चेन्नई के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

टर्निंग पिच पर टकराएंगी सुपर किंग्स और रॉयल्स

पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों अपने गढ़ चेपॉक पर 17 साल बाद मिली हार से हतप्रभ चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रविवार को गुवाहाटी की टर्निंग पिच पर राजस्थान रॉयल्स से होगा तो नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होंगी। रविवार को दिन के पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत का लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी।

स्कोर बोर्ड

गुजरात टाइटंस	रन	गेंद	4	6
सुदर्शन पगबाधा बो बोल्ट	63	41	4	2
गिल का नमन बो पंड्या	38	27	4	1
बटलर का टिकेलटन बो मुजीब	39	24	5	1
खान का वर्मा बो पंड्या	09	07	0	1
रदरफोर्ड का सेंटनर बो चाहर	18	11	0	2
राहुल तेवतिया रन आउट	00	00	0	0
राशिद का पंड्या बो राजू	06	04	0	1
कागिसो रबाद नाबाद	07	05	0	1
साई किशोर रन आउट	01	01	0	0
अतिरिक्त : 15, कुल : 20 ओवर में 196/8				
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-34-1, चाहर 4-0-39-1, मुजीब 2-0-28-1, पंड्या 4-0-29-2, सेंटनर 3-0-25-0, राजू 3-0-40-1.				
मुंबई इंडियन्स	**रन**	**गेंद**	**4**	**6**
रोहित शर्मा बो सिराज	08	04	2	0
रेयान रिकेल्टन बो सिराज	06	09	1	0
तिलक का तेवतिया बो प्रसिद्ध	39	36	3	1
सूर्यकुमार का गिल बो प्रसिद्ध	48	28	1	4
विल जैक्स का इशांत बो किशोर	03	06	0	0
पंड्या का सिराज बो रबाद	11	17	1	0
नमन धीर नाबाद	18	11	3	0
मिचेल सेंटनर नाबाद	18	09	1	2
अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 160/6				
गेंदबाजी : सिराज 4-0-34-2, रबाडा 4-0-42-1, इशांत 2-0-17-0, राशिद 2-0-10-0, किशोर 4-0-37-1, प्रसिद्ध 4-0-18-2.				

विवान, स्निग्धा बने जे30 रायपुर आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स एकल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जे30 रायपुर आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स 2025 के फाइनल मुकाबले में शनिवार को विवान और स्निग्धा एकल चैंपियन बने। टूर्नामेंट में भारत और विदेशों के युवा टेनिस खिलाड़ियों ने अपनी असाधारण प्रतिभा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस एसोसिएशन के कोर्ट्स में आयोजित इस टूर्नामेंट में हाई-इंटेंसिटी मुकाबले, रोमांचक वापसी और प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिले। इससे यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट एक और सफल संस्करण साबित हुआ।

बालक एकल फाइनल के एक रोमांचक तीन सेटों के मुकाबले में विवान बिदासरिया ने शानदार वापसी करते हुए रणवीर सिंह को कड़े मुकाबले में 1-6, 7-6(5), 7-6(4) से पराजित किया। पहला सेट हारने के बाद, बिदासरिया ने जबरदस्त जुझारुपन दिखाया और अगले दो सेट टाईब्रेक में जीतकर खिताब अपने नाम किया। बालक युगल फाइनल में महित मेकला और प्रकाश सरन ने आरुष भल्ला और देव नंदसाना को 6-2, 6-2 से हराकर खिताब जीता।

बालिका एकल फाइनल में स्निग्धा कांता ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए हर्षिणी एन नागराज को 6-3, 6-4 से मात दी। कांता की शक्तिशाली ग्राउंडस्ट्रोक्स और निरंतरता ने उन्हें यह प्रतिष्ठित खिताब दिलाया। बालिका युगल फाइनल में स्निग्धा कांता और हर्षिणी एन नागराज की जोड़ी ने जान्हवी चौगुले और अनन्या पल्लथ हूली को 6-4, 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

डॉ. द्विवेदी ने विजेताओं को किया सम्मानित

टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण समारोह में हरिभूमि एवं आईएनएच 24x7 के मुख्य संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर जी एस भाम्बा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस एसोसिएशन, अतुल शुक्ला, अध्यक्ष, रायपुर ओलंपिक एसोसिएशन, गुरचरण सिंह होरा, टूर्नामेंट निदेशक एवं सचिव, छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस एसोसिएशन, रुपेंद्र सिंह चौहान एवं सुशील बालानी, संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस एसोसिएशन, प्रबीन कुमार नायक, आईटीएफ पर्यवेक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस एसोसिएशन के सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

साउथ आस्ट्रेलिया ने 29 साल में पहली बार जीती शेफील्ड शील्ड

एडीलेड। साउथ आस्ट्रेलिया ने क्वींसलैंड को चार विकेट से हराकर 29 साल में पहली बार शेफील्ड शील्ड क्रिकेट टूर्नामेंट जीता। साउथ आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 270 रन बनाकर चौथे दिन ही जीत दर्ज की। जेसन संघा ने नाबाद 126 रन बनाए जबकि आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने 105 रन की पारी खेली। दोनों ने 202 रन की साझेदारी की। क्वींसलैंड की टीम पहली पारी में 95 रन पर आउट हो गई थी। जवाब में साउथ आस्ट्रेलिया ने 271 रन बनाए थे। क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में 445 रन बनाकर साउथ आस्ट्रेलिया को 270 रन का लक्ष्य दिया था।

न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पहले वनडे में 73 रन से रौंदा

नेपियर। मार्क चैपमैन (132 रन) और डेरिल मिचेल (76) के बीच 199 रन की साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में नौ विकेट पर 344 रन बनाकर पाकिस्तान को 73 रन से परास्त किया। चैपमैन ने तीसरा वनडे शतक जमाकर न्यूजीलैंड को शुरुआती झटकों से निकाला। न्यूजीलैंड ने 13वें ओवर तक तीन विकेट गंवा दिए थे। न्यूजीलैंड के लिए खेलने वाले पाकिस्तान मूल के मो. अब्बास ने 24 गेंद में 50 रन बनाए जो वनडे क्रिकेट में पदार्पण पर किसी खिलाड़ी का सबसे तेज अर्धशतक है।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
नकली माल से सावधान

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल सिविल रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअक्षेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोनः 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No.
7724035770
9329004557
9303724304

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सैंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोनः 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

INDIA'S 13th PRIVATE UNIVERSITY WITH "UGC12(B)"

SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY
RAIPUR, CHHATTISGARH, INDIA

(Approved by UGC U/S 2(f) of the UGC Act-1956)

25th YEARS OF EXCELLENCE
ESTD. 2000 | SRI GROUP

APPROVED & RECOGNIZED BY:

Dream Big, Learn Bigger

SRU's the *Trigger*

ADMISSIONS OPEN 2025-26

Programmes Offered :

- **Engineering**
  (Diploma, B.Tech., M. Tech., Ph.D.)
- **Pharmacy**
  (D. Pharma, B. Pharma, M. Pharma, Ph.D.)
- **Science**
  (B.Sc., M.Sc., B. Optometry, M. Optometry, Bsc MLT, Ph.D.)
- **Arts**
  (B.A., M.A., Ph.D.)
- **Commerce & Management**
  (B. Com., M. Com., BBA, MBA, Ph.D.)
- **Education**
  (B.Ed, B.Ed-Special Edu., D.Ed-Special Edu., B.P.Ed, BPES, MPES, Ph.D.)
- **Law**
  (BA.LL.B., B. Com. LL.B., LL.B., LL.M., Ph.D.)

- **65 Acre** Lush Green Campus
- **8000+** National and International Students
- Separate Hostels for Boys & Girls **(AC / Non-AC Rooms)**
- **100%** Campus Placement Drive
- Global **National & International** Collaborations
- **Research and Innovations**
- **National Excellence Partnerships**
- **Advance Learning Infrastructure**
- **Career Development**
- **Scholarship Schemes**
- **Hassle-free payment plans with multiple options**

7222910411

NH-30, New Dhamtari Road, Raipur (C.G.) India

Follow on : / sruraipurindia /shrirawatpurasarkar

SRI SCHOOL
"SMART EDUCATION WITH GREAT VALUES"

SHRI RAWATPURA SARKAR
INTERNATIONAL SCHOOL KUMHARI, DURG

Scan for Enroll

For more Info:
Call +91 7222910441, 9993561510

Awarded by: BRITISH COUNCIL

A Special Tie-up: WhiteHat Jr — Live Online Classes for Joyful Learning

Affiliated To CBSE
www.srischool.ac.in

Admissions Open
for the session **2025-26** for
Nursery to Class XII

50% Discount on
Admission Fees

Other Institutes Associated with Shri Rawatpura Sarkar Lok Kalyan Trust (SRLKT) **For Contact : 7222910430**

Kumhari	Raipur	Bilaspur	Nava Raipur	Mandla	Sagar	Jabalpur	Chitrakot	Jhansi	Dham
Pharmacy	Nursing	Nursing	MBBS	Nursing	Pharmacy	Pharmacy	Pharmacy	Pharmacy	Education
Nursing	Education		Nursing	**Shahdol**	Education	Paramedical	Education	Education	Sanskrit Edu.
Education	ITI		Paramedical	Nursing	Sanskrit Edu.		ITI	ITI / BA	

गांजा तस्करी के लिए दो बच्चों ने स्कूटी से किया 722 किलोमीटर का सफर

गाजीपुर के 2 बच्चों को पुलिस ने हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पारिश्रमिक की लालच में आकर 19 वार्षीय और 17 वर्षीय बालक ने बनारस से लेकर ओडिशा के सम्बलपुर तक 577 किलोमीटर का सफर पूरा करने के बाद वापसी में 145 किलोमीटर का सफर ही तय कर पाए थे कि जशपुर पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के घात में दोनो बच्चे फंस गए।

नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर तपकरा पुलिस ने 15 किलो से अधिक अवैध गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। तस्कर अपना रहे तस्करी के नए- नए हथकंडे लेकिन पुलिस की मुखबिरी तंत्र के सामने सब फेल हो जा रहा है। तस्कर ओडिशा राज्य से अवैध मादक पदार्थ गांजा को स्कूटी में छुपाकर ओडिशा से उत्तर प्रदेश की ओर ले जा रहे थे। जब्त अवैध मादक पदार्थ गांजा की बाजार में कीमत तीन लाख रुपए से अधिक की बताई जा रही है। मामला थाना तपकरा क्षेत्रांतर्गत की है। जानकारी के अनुसार 28 मार्च को तपकरा पुलिस को मुखबिर के जरिए एक पुख्ता सूचना मिली कि दो व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की एक स्लेटी कलर की जुपिटर स्कूटी में अवैध मादक पदार्थ गांजा को छुपाकर ओडिशा राज्य से तपकरा, कुनकुरी के रास्ते से होते हुए अवैध गांजा को बिक्री करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे हैं। पुलिस टीम बनाकर तपकरा से कुनकुरी मार्ग के बीच साजबहार बिट्टू ढाबा के पास मेन रोड में नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग के दौरान स्कूटी की डिक्की को चेक करने पर उसमे 4 पैकेट में भूरे रंग के टेप से लिपटा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला।

3 लाख का गांजा हुआ बरामद

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जप्त गांजे की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख रुपए से अधिक है। पुलिस के द्वारा स्कूटी सवार दो आरोपी विशाल मौर्य, उम्र 19 वर्ष, निवासी पठान टोला, थाना मऊ जिला मऊ (उत्तर प्रदेश) एवं 17 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया गया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना तपकरा में 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है।आरोपियों के द्वारा अपराध स्वीकार करने व अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

गैंगस्टर तपन के भांजे को हत्या के संदेह में पुलिस ने धरा पार्षद का लड़ा था चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर तपन सरकार के गुर्गे अवतार मरकाम नामक युवक की शुक्रवार की रात अज्ञात नकाबपोशों ने चिखली स्थित इंदर ढाबा चाकू घोपकर हत्या कर दी। जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने हत्या के मामले में गैंगस्टर तपन सरकार के भांजे आकाश मजूमदार उर्फ सोना और उसके कुछ साथियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। आकाश ने बीते नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की टिकट पर पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ा था।

जानकारी के अनुसार जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र स्थित इंदर ढाबा चिखली में शुक्रवार की रात तकरीबन साढ़े दस बजे सिकोला भाठा निवासी अवतार मरकाम की चार-पांच अज्ञात नकाबपोशों ने चाकू से घोपकर हत्याकर दी। अवतार मरकाम को सिर, कान व गले में गंभीर चोटे आई है। गंभीर अवस्था में दोस्तों ने श्रीशंकराचार्य मेडिकल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

परीक्षा देने से रोकने पर छात्रा ने की आत्महत्या

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में शनिवार को प्रवेश पत्र ना मिलने के कारण निराश नौवीं कक्षा की छात्रा ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना मांधाता थानाक्षेत्र के पितईपुर गांव में हुई। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि पितईपुर की रहने वाली पूनम देवी ने शिकायत में आरोप लगाया कि उनकी बेटी रिया प्रजापति (17) 'कमला शरण यादव इंटर कॉलेज' की नौवीं कक्षा की छात्रा थी और बकाया फीस न चुका पाने के कारण उसे प्रवेश पत्र नहीं दिया गया।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
स्त्री एवं पुरुष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
नि:संतान दंपतियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
हार्मोनल समस्या का इलाज (PCOD)
बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

संजीवनी
CBCC कैंसर हॉस्पिटल
कैंसर के अत्याधुनिक इलाज, कीमोथेरेपी, इम्युनोथेरेपी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं पैलिएटिव केयर हेतु कुशल टीम
डॉ विकास गोयल
MBBS, MD, DM
रक्त रोग एवं ब्लड कैंसर विशेषज्ञ
डॉ अनिकेत ठोके
MD, DNB, ECMO
कीमोथेरेपी एवं इम्यूनोथेरेपी विशेषज्ञ
डॉ राकेश मिश्रा
MBBS, MD, DM
कीमोथेरेपी एवं इम्यूनोथेरेपी विशेषज्ञ
डॉ अविनाश तिवारी
MBBS, MD
पेन एवं पैलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ
गरीबों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, 7389905010, 7389904010, 07714081010, 4061010

कब्ज का काल
कब्ज नाल
आप ने बहुत से कब्जीयत की दवा ली परंतु बात नहीं बनी स्नेह कब्जनाल चूर्ण के पहले खुराक से पेट खुश तो आप भी खुश पेट के संपूर्ण रोगों के लिए आर्शीवाद यह नये-पुराने चिपके हुए मल को शोधन कर आँतों को साफ रखता है। बवासीर को ठीक करता है।
पेशाब से जाने वाले चिपचिपे पदार्थ को तुरंत रोकता है।
सभी मेडिकल व जनरल स्टोर में उपलब्ध
एक बार अवश्य प्रयोग करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
Mob. : 93032-42200

तीन अधिकारियों को अवमानना नोटिस

बिलासपुर। डीकेएस जिला अस्पताल रायपुर में पदस्थ डा प्रवेश शुक्ला को सेवा में कमी का आरोप लगाकर पद से हटा दिया गया था। हाईकोर्ट ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था। इसके बाद भी याचिकाकर्ता को सेवा में वापस नहीं लेने पर एकलपीठ ने तीन प्रमुख अफसरों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब माँगा है। अगली सुनवाई अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में होगी।शराब घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर को इलाज कराने रायपुर सेंट्रल जेल से जिला अस्पताल लाया गया, वहां से उसे एम्स रायपुर रेफर करने पर डॉ. प्रवेश शुक्ला को सेवा में कमी का आरोप लगा शासन ने हटा दिया गया था।

उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
UMH आयुष्मान भव:
200 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
24x7 आपातकालीन सुविधा
पेट, लीवर एवं आंत रोगों का विश्वसनीय चिकित्सा संस्थान
GERD
छाती में दर्द
भूख में कमी
एसिड का ऊपर आना
गैस ज्यादा बनना
बार-बार डकार आना
खाना न पचना
सूखी खांसी आना
मुंह में कड़वा स्वाद
Pro. Dr. Vinod Kumar Singh
Consultant Laparoscopic Surgeon
17 Years of Experience in advanced laparoscopic Surgery & Surgical Gastroenterology
लीवर की नि:शुल्क फाइब्रोस्कैन जांच 30 मार्च 2025
पेट रोगों हेतु नि:शुल्क इंडोस्कोपी जांच 31 मार्च 2025
सभी इंश्योरेंस कंपनी TPA, आयुष्मान कार्ड, देलवे, BSKY, CSEB, कोल इंडिया, एयरपोर्ट अथॉरिटी से मान्यता
नहर रोड, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.)
मो.: 0771-4088820, 9109125524, 95899 56859

BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर
के साथ रहिये कैंसर से एक कदम आगे
NABH व NABL से मान्यता प्राप्त कैंसर अस्पताल
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
पैट, स्पैक्ट स्कैन, HDT, LDT थेरेपी
रक्त-सम्बन्धी सभी बीमारियाँ एवं बोन मेरो ट्रांसप्लांट
आधुनिक रेडियोलॉजी, लेबोरेटरी एवं ब्लड सेंटर
अत्याधुनिक टू-बीम लिनक एवं ब्रैकिथेरपी द्वारा रेडिएशन थेरेपी
कीमोथेरेपी, टारगेट थेरेपी, इम्युनोथेरेपी
100 से अधिक सफल बोन मेरो ट्रांसप्लांट
BALCO MEDICAL CENTRE
मध्य भारत का अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल
बीएमसी कैंसर डेकेयर- 1st फ्लोर, गंगा डायग्नोस्टिक्स, कलर्स मॉल के पास, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
हॉस्पिटल - सेक्टर 36, नया रायपुर, छ.ग. 8282823333/4444
छत्तीसगढ़ शासन, डॉ. खूबचंद बघेल योजना, आयुष्मान भारत, BSKY C.G.H.S. एवं सभी प्रमुख PSUs-Coal India (SECL), SAIL, SECR, CRPF ESIC, ECHS, NTPC, NMDC व बीमा कम्पनियों से अनुबंधित
ATUL

मित्तल हॉस्पिटल
रायपुर - भिलाई
कैंसर संबंधित सम्पूर्ण उपचार
आधुनिक मशीनों के द्वारा रेडिएशन थेरेपी (कैंसर सिंकाई) की सुविधा उपलब्ध
रायपुर में
VARIAN HALCYON
भिलाई में
VARIAN UNIQUE
आयुष्मान एवं BSKY-BIJU कार्ड से नि:शुल्क रेडियेशन, कीमोथेरेपी एवं रहने की व्यवस्था
रेडियो थैरेपी • कीमोथेरेपी • कैंसर सर्जरी • मेडिकल एवं हिमेटो ऑन्कोलॉजी
रायपुर
अवंति बाई चौक, पंडरी
9343079151, 91313 99570
भिलाई
टी.आई. मॉल के पास
7722880844, 0788-2294440
Deepak Ad./101

SURESH MASALE
"SPICES THAT TURN MEALS INTO MASTERPIECES!"
Suresh MASALE
Coriander Powder
Red Chilli Powder
Turmeric Powder
AN ISO 9001:2015 CERTIFIED COMPANY
AVAILABLE AT YOUR NEAREST STORE
ALSO AVAILABLE ONLINE - SCAN TO ORDER
#Rajesh

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com